

एफसीआरए विधेयक पर लोकसभा में आज घमासान होने के आसार - 7



निवेशकों को 51 लाख करोड़ रुपये का नुकसान, सेंसेक्स 11 प्रतिशत टूटा- 10




होर्मुज अगर एक महीना और बंद रहा तो 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचेगी तेल की कीमत - 11



एलएसजी का पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से आज - 12


आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
22.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.03
सूर्यास्त 06.30

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 07:06 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2083

बुधवार, 1 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 126, पृष्ठ 12+4 ▪ मूल्य 6 रुपये


# इस्फहान परमाणु केंद्र पर तीसरी बार अमेरिकी हमला, ईरान ने कुवैत का तेल टैंकर उड़ाया


- चीन-पाकिस्तान ने शांति योजना प्रस्तावित की, इटली का सैन्य बेस देने से इनकार
- तेहरान के अस्पताल, कैंसर की दवा बनाने वाली फैक्टरी पर हमला

दुबई/तेहरान, एजेंसी

अमेरिका-ईरान संघर्ष के बीच मंगलवार तड़के अमेरिका ने तीसरी बार ईरान के इस्फहान शहर में स्थित परमाणु ठिकाने को निशाना बनाया, साथ ही तेहरान में एक मनोरोग अस्पताल और कैंसर दवाओं की एक फैक्टरी पर हमला किया। वहीं, तेहरान ने जवाबी कार्रवाई में दुबई तट के पास एक कुवैती तेल टैंकर पर हमला किया।

इस्फहान में हुए हमले के बाद आसमान में काफी ऊंचाई तक आग फैलती हुई दिखी। अमेरिकी कार्रवाई के बाद भी इस्फहान में ईरान का संवर्धित यूरेनियम संग्रहित होने की आशंका जताई जाती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हमले का वीडियो साझा करते हुए कहा कि संघर्ष विराम के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि ईरान केवल अमेरिकी बलों को निशाना बना रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि अमेरिकी बलों को क्षेत्र से बाहर किया जाना चाहिए। वहीं, अमेरिका के सहयोगी खाड़ी देशों ने ईरान के खिलाफ युद्ध को जारी रखने का ट्रंप से अनुरोध किया है। रूस ने कहा है कि अमेरिका-इजराइल दोनों ही शांति नहीं चाहते। चीन और पाकिस्तान ने मंगलवार को पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए पांच सूत्री शांति प्रस्ताव रखा, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के सुरक्षित आवागमन की मांग भी शामिल है। इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने अमेरिका को सिगोनेला बेस के इस्तेमाल की अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

## राष्ट्रपति ट्रंप बोले- अमेरिका किसी देश की मदद नहीं करेगा, हमसे तेल खरीदो, नहीं तो हिम्मत दिखाओ और होर्मुज जाकर ले लो



### ऊंची कीमतों से परेशान देश अपना तेल स्वयं हासिल करें



दुबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि तेल की ऊंची कीमतों से परेशान देश अपने तेल का इंतजाम स्वयं करें क्योंकि ईरान होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए हुए है। ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन सहयोगियों के प्रति अपनी निराशा जतायी जोकि महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को फिर से खोलने में अमेरिका की मदद करने को तैयार नहीं हैं। ट्रंप ने लिखा, अपने तेल का स्वयं इंतजाम करें। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे देशों को अमेरिका से खरीद करनी चाहिए क्योंकि हमारे पास पर्याप्त मात्रा में तेल है। ट्रंप की मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में ये टिप्पणी ऐसे समय आईं जब अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत चार डॉलर प्रति गैलन से ऊपर पहुंच गई है।

### ईरान के खिलाफ अभियान अभी खत्म नहीं हुआ: नेतन्याहू



यरुशलम। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि ईरान के शासन के खिलाफ इजराइल का अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है। नेतन्याहू ने दावा किया कि अमेरिका के साथ संयुक्त अभियानों ने ईरानी शासन की जड़े हिला दी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इजराइल नए क्षेत्रीय गठबंधन बना रहा है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि जल्द ही मैं इस क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के साथ बने नए गठबंधनों के बारे में और अधिक जानकारी साझा कर पाऊंगा। नेतन्याहू ने ईरानी शासन की आलोचना करते हुए कहा, अयातुल्ला शासन ने हमें मिटाने के लिए वर्षों में लगभग एक ट्रिलियन डॉलर खर्च किए। वह एक ट्रिलियन डॉलर बर्बाद हो गए।

### अमेरिका ने हिंद महासागर में तैनात की सेना

वॉशिंगटन। ईरान के खिलाफ संभावित अमेरिकी जमीनी अभियान की अटकलों के बीच, उभयचर आक्रमण पोत यूएसएस ट्रिपोली को हिंद महासागर में तैनात किया गया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। सेंटकॉम द्वारा जारी एक तस्वीर में 45,000 टन वजनी युद्धपोत को रविवार को हिंद महासागर में नौवहन करते हुए दिखाया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस भाजपा में शामिल



नई दिल्ली। बंगाल चुनाव से पहले मंगलवार को यहां भाजपा में शामिल हुए टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने कहा कि यह महज औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है और राष्ट्र की सेवा करने का एक बड़ा अवसर भी है। भाजपा में उनका स्वागत करते हुए किरेन रीजीजू ने उम्मीद जताई कि पार्टी की ओर से पेस अब राजनीति में बड़ी पारी खेलेंगे। पेस (52) रीजीजू और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। (विस्तृत खेल पेज पर)

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के बढ़े दाम, दिल्ली में 195 रुपये महंगा

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के बीच तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 195 रुपये का इजाफा किया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पहली अप्रैल से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 2,078.50 रुपये का मिलेगा। इसकी कीमत गत 07 मार्च को बढ़ाकर 1,883 रुपये की गयी थी।

# मंदिर में भगदड़, 8 की गई जान

**नालंदा के शीतला माता मंदिर में जान गंवाने वालों में ज्यादातर महिलाएं, 25 हजार श्रद्धालु थे मौजूद | वीआईपी मूवमेंट पर तैनात थे हजारों सुरक्षाकर्मी मंदिर में नहीं थे सुरक्षा व्यवस्था के कोई इंतजाम**

बिहार शरीफ, एजेंसी

बिहार के नालंदा जिले में दीपनगर थानाक्षेत्र के मघड़ा गांव में प्राचीन शीतला माता मंदिर में मंगलवार सुबह भगदड़ मचने से आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल नजर आया। बता दें कि नालंदा में ही राष्ट्रपति का वीआईपी मूवमेंट भी था, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था में हजारों कर्मी तैनात थे।

भगदड़ के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। भगदड़ के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मंदिर में करीब 25 हजार श्रद्धालु थे। बिहारशरीफ के सहायक पुलिस अधीक्षक नूरुल हक ने कहा, मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ के दौरान कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं। नालंदा के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शुभम कुमार ने कहा कि मंदिर में अत्यधिक भीड़ के कारण यह हादसा हुआ होगा। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा शोक व्यक्त कर मृतकों के परिजनों को छह-छह लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। कुमार ने अधिकारियों को घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने इस घटना को कथित प्रशासनिक कुप्रबंधन का परिणाम बताते हुए राज्य सरकार की आलोचना की। प्रधानमंत्री मोदी ने घटना में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। वहीं राष्ट्रपति ने भगदड़ की घटना को अत्यंत हृदयविदारक बताया।



नालंदा : शीतला माता मंदिर परिसर में भगदड़ मचने के बाद मची चीत्कार।



### भगदड़ कांड की जांच के लिए खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

डीएम ने बताया कि घायल लोगों का इलाज निजी और सरकारी अस्पतालों में चल रहा है और प्रशासन की टीम लगातार उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जा रहा है। घटना के कारणों को लेकर डीएम कुंदन कुमार ने कहा कि मंदिर परिसर में भगदड़ कैसे मची, इसकी जांच सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों के बयान के आधार पर की जा रही है। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एक-दूसरे के ऊपर गिर गए श्रद्धालु

घटना उस समय हुई जब चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। मौके पर मेला भी लगा था, जिससे भीड़ और बढ़ गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। दर्शन की जल्दी में धक्का-मुक्की शुरू हो गई और अफरातफरी से कई लोग भीड़ में दब गए। घटना के बाद प्रशासन ने मंदिर और मेला दोनों को बंद करवा दिया है।

### थानाध्यक्ष तत्काल प्रभाव से निलंबित

इस बीच पुलिस कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में दीपनगर के थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं। बयान के अनुसार मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जांच में मदद के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों को भी लगाया गया है।

# जंग का फायदा उठाने के लिए कांग्रेस 'राजनीतिक गिद्ध' की तरह घात लगाए हुए है : मोदी

थराद(गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि जहां दुनिया युद्ध, अशांति और ईंधन की बढ़ती कीमतों का सामना कर रही है वहीं भारत ने अपनी मजबूत विदेश नीति और अपने लोगों की एकजुटता के कारण इस स्थिति का मुकाबला प्रभावी ढंग से किया है। मोदी ने कांग्रेस पर लोगों में दहशत फैलाने का आरोप लगाया ताकि लोग पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लगा सकें। उन्होंने मुख्य विपक्षी पार्टी की तुलना 'राजनीतिक गिद्धों' से करते हुए कहा कि वह (पश्चिम एशिया युद्ध से उत्पन्न) स्थिति का राजनीतिक फायदा उठाने की फिराक में है।

मोदी ने गुजरात के वाव थराद जिले के नानी गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ऐसे समय में जब दुनिया युद्ध, अशांति और बढ़ती ईंधन कीमतों से जूझ रही है, भारत ने अपनी मजबूत विदेश नीति से स्थिति को प्रभावी ढंग से संभाला है। कहा कि कुछ दल, विशेषकर कांग्रेस, राष्ट्रीय एकता का समर्थन करने के बजाय भय फैलाकर स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। आज कांग्रेस लोगों को उकसाने में व्यस्त है। राजनीतिक गिद्धों की तरह, यह स्थिति के बिगड़ने की प्रतीक्षा कर रही है ताकि फायदा उठाकर राजनीतिक बढ़त हासिल की जा सके।



- बोले- भारत ने मजबूत विदेश नीति व अपनों की एकजुटता से इस स्थिति का मुकाबला प्रभावी ढंग किया

### संघर्ष ने हर देश को प्रभावित किया

मोदी ने दावा किया कि प. एशिया की परिस्थितियों ने हर देश को प्रभावित किया है, लेकिन भारत ने स्थिति को अच्छी तरह से संभाला है। विपक्ष पर अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि वे अराजकता फैलाना चाहते हैं। हालांकि, कांग्रेस लोगों को पेट्रोल पंप पर लंबी कतारें लगाने और अव्यवस्था फैलाने के लिए उकसाने की कोशिश कर रही है।

# आईएएस रिंकू का इस्तीफा नौकरशाही पर उठाए सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी कैडर के 2023 बैच के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही के इस्तीफे ने प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी है। उन्होंने अपने त्यागपत्र में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें लंबे समय से न तो कोई जिम्मेदारी दी गई और न ही जनसेवा का अवसर मिला। रिंकू को पिछले साल जुलाई में शाहजहांपुर में एसडीएम/संयुक्त मजिस्ट्रेट रहते एक वकील से कान पकड़वाकर उठक-बैठक कराने के मामले के भारी विरोध प्रदर्शन के बाद शासन ने साइडलाइन करके राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया था।

रिंकू सिंह राही ने उचित माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे इस्तीफे में कहा है कि एसडीएम रहते हुए की गई कार्रवाई के बाद उन्हें साइडलाइन कर दिया गया है। एक ईमानदार अधिकारी के लिए गरिमापूर्ण और सार्थक कार्य न मिलना बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने कहा है कि उन्हें वेतन तो मिल रहा था, लेकिन जनता की सेवा का अवसर नहीं दिया जा रहा था, जो उनके लिए अस्वीकार्य था। ऐसे में उन्होंने इसे नैतिक और सैद्धांतिक निर्णय बताते हुए सेवा छोड़ने का कदम उठाया। इससे वे काफी आहत थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश में संवैधानिक व्यवस्था के समानांतर एक अलग सिस्टम काम कर रहा है, जो अधिकारियों की भूमिका को प्रभावित करता है।



- बोले, लंबे समय से न कोई जिम्मेदारी दी गई न ही जनसेवा का अवसर

### प्रोफाइल: रिंकू सिंह राही

- शिक्षा : बीटेक, एमए
- गृह जनपद : अलीगढ़
- जन्म : 20 मई 1982
- नियुक्ति : 1 अगस्त 2023
- पहली तैनाती : सहायक मजिस्ट्रेट, मथुरा
- संयुक्त मजिस्ट्रेट : शाहजहांपुर
- 30 जुलाई 2025 से राजस्व परिषद, लखनऊ से संबद्ध

### बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट मामले में भी उठे थे सवाल

हाल के दिनों में प्रदेश की नौकरशाही को लेकर कई घटनाओं ने कार्य संस्कृति और समन्वय पर सवाल खड़े किए हैं। बरेली में सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा और बाद में निलंबन का मामला चर्चा में रहा, जिसमें सार्वजनिक रूप से विरोध और प्रशासनिक आचरण को लेकर विवाद सामने आया। इसी तरह कुछ अन्य जिलों में भी अधिकारियों और स्थानीय समूहों के बीच टकराव की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे प्रशासनिक संतुलन और संवाद की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# 12 करोड़ की हेरोइन के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार:** भमोरा पुलिस और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने पिता व उसके दो बेटों को 1.750 किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 87 हजार की नगदी व हेरोइन बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाला पाउडर भी बरामद किया गया है। बरामद हेरोइन की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 12 करोड़ रुपये बताई गई है।

एएनटीएफ यूनिट के एसआई विकास यादव ने सोमवार की रात भमोरा पुलिस को मादक पदार्थ की तस्करी की सूचना दी। इसके बाद एएनटीएफ और भमोरा पुलिस टीम ने बदायूं के थाना विनावर के गांव भगवानपुर निवासी परमानंद उर्फ पप्पू, उसके बेटे रविन्द्र और यशवीर को दबोच लिया। पुलिस ने उनके पास से 1.750 किग्रा हेरोइन, स्मैक बनाने में प्रयुक्त होने वाला 950 ग्राम रंग और 87 हजार 520 रुपये बरामद किए। आरोपियों के खिलाफ भमोरा थाने में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। सीओ आंवला नितिन कुमार ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और भमोरा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने पिता-पुत्रों को गिरफ्तार किया है।



स्मैक के साथ पकड़े गए आरोपी।

- एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और भमोरा पुलिस ने की कार्रवाई, 1.750 किग्रा हेरोइन बरामद
- पिता-पुत्र बदायूं के बिनावर क्षेत्र के रहने वाले हैं, भेजे गए जेल

# हर जिले में तैनात होंगे 'मुख्यमंत्री फेलो': योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने प्रत्येक जनपद में 'मुख्यमंत्री फेलो' की तैनाती के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर विकास को साक्ष्य-आधारित और परिणामोन्मुख बनाया जाना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिला ओटीडी (वन ट्रिलियन डॉलर) सेल की आर्थिक व डेटा विश्लेषण क्षमता को मजबूत किया जाए। इसके तहत हर जिले में आर्थिक विकास विशेषज्ञ व एक डेटा विश्लेषक को 'ओटीडी मुख्यमंत्री फेलो' के रूप में नियुक्त किया जाएगा। ये विशेषज्ञ स्थानीय संसाधनों, निवेश के अवसरों और आर्थिक संभावनाओं का वैज्ञानिक विश्लेषण करेंगे। साथ ही जनपद-आधारित विकास रणनीति तैयार कर जिला ओटीडी सेल को मजबूत बनाएंगे, जिससे योजनाएं अधिक प्रभावी और लक्षित होंगी। यह भी निर्देश दिया कि फेलो द्वारा किए गए कार्यों की मासिक प्रगति रिपोर्ट ऑनलाइन डैशबोर्ड पर अपलोड की जाए। इसके अलावा प्रमुख सचिव और सचिव स्तर पर त्रैमासिक समीक्षा एवं प्रस्तुतीकरण भी सुनिश्चित किया जाएगा।



- जिला ओटीडी सेल की क्षमता बढ़ाने और डेटाआधारित विकास पर जोर

# नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को मृत्यु दंड की सजा

**प्रयागराज।** यहां की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने के दोषी व्यक्ति को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो अदालत) विनोद कुमार चौरसिया ने अभियुक्त मुकेश पटेल को दोषी करार देते हुए सोमवार को यह सजा सुनाई। तीन अक्टूबर, 2024 को शाम करीब छह बजे आठ वर्षीय नाबालिग लड़की एक मेडिकल स्टोर गई थी और घर लौटते समय लापता हो गई। अगले दिन पास के एक खेत में उसका शव पड़ा मिला। प्रयागराज के थाना सोरांव में चार अक्टूबर को लिखित तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। साक्ष्य और गवाहों के बयान पर आरोपी मुकेश को गिरफ्तार किया था।

**बदलाव** | एफएंडओ सौदों पर एसटीटी बढ़ेगी, भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट


# नया आयकर कानून एवं कई बजटीय प्रावधान आज से लागू

नई दिल्ली, एजेंसी

नए आयकर कानून और अन्य बजटीय प्रावधान एक अप्रैल से लागू होंगे। इन बजटीय प्रावधान में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) व्यापार पर उच्च प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और चिकित्सा तथा शिक्षा उद्देश्यों के लिए विदेशी पर्यटन पैकेज एवं एलआरएस प्रेषणों पर कम टीसीएस शामिल हैं।

इसके अलावा, भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए 'सेफ हार्बर' प्रावधानों की सीमा बढ़ाने से संबंधित बजट घोषणाएं भी वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ बुधवार से प्रभावी हो जाएंगी।

आयकर अधिनियम, 2025 एक अप्रैल 2026 से आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। नए कानून का उद्देश्य उसी कर नीति को अधिक तार्किक, सुलभ एवं पाठक-अनुकूल प्रारूप में प्रस्तुत करना है। आयकर विभाग ने कहा कि बदलाव अवधि के दौरान उसका ई-फाइलिंग मंच पुराने और नए दोनों आयकर कानूनों के तहत अनुपालन की सुविधा देगा। साथ ही, पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील एवं अन्य कार्यवाही अंतिम निपटान तक पुराने कानून के तहत ही जारी रहेंगी। आकलन वर्ष 2026-27 (जो पुराने कानून की अवधि से संबंधित है) के लिए जुलाई 2026 में रिटर्न दाखिल करने वाले करदाता पुराने कानून के तहत निर्धारित प्रपत्रों का ही उपयोग करेंगे। कर वर्ष 2026-27 के लिए अग्रिम कर भुगतान जो जून 2026 से शुरू होगा। उसे नए कानून के अनुसार किया जाएगा। आयकर अधिनियम, 2025 में आकलन वर्ष और पूर्व वर्ष के अंतर को समाप्त कर एकल 'कर वर्ष' व्यवस्था लागू की गई है। साथ ही, समय सीमा के बाद आयकर रिटर्न दाखिल होने पर भी टीडीएस की वापसी बिना किसी दंड शुल्क के लेने की अनुमति दी गई है। एक अप्रैल से लागू होने वाला एक अन्य बड़ा बदलाव एफएंडओ सौदों पर एसटीटी में वृद्धि है। वायदा अनुबंधों पर एसटीटी 0.02 प्रतिशत से बढ़कर 0.05 प्रतिशत हो जाएगा।




### अब टोल प्लाजा पर नहीं चलेगा कैश

1 अप्रैल 2026 से देश के सभी टोल प्लाजा पूरी तरह से कैशलेस हो जाएंगे और आप अगर कैश देकर टोल पेमेंट करना चाहेंगे तो फंस जाएंगे। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने देश के राजमार्गों पर सफर को ज्यादा आसान और और पारदर्शी बनाने के लिए टोल कलेक्शन से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए कैश ट्रांजेक्शन को खत्म करने का फैसला किया है और आप अब सिर्फ फास्टैग या ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिये ही टोल फीस का भुगतान कर सकते हैं। एनएचएआई का यह कदम पूरे देश में उसके सभी टोल प्लाजा पर लागू होगा। एनएचएआई के अधिकारियों का मानना है कि पूरी तरह से डिजिटल सिस्टम से वाहनों को टोल प्लाजा से तेजी से गुजरने में मदद मिलेगी और इससे जहां एक तरफ लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा, वहीं ट्रैवल टाइम भी बचेगा।

अमृत विचार
बरेली, बुधवार, 1 अप्रैल 2026
प्रदेश

## न्यूज ब्रीफ

### ओबरा डी व अनपरा ई का ज्वाइंट वेंचर खत्म करने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ:** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ओबरा डी और अनपरा ई ताप विद्युत परियोजनाओं को ज्वाइंट वेंचर से हटाकर राज्य उत्पादन निगम को सौंपने की मांग की है। समिति का कहना है कि एनटीपीसी लिमिटेड के साथ फरवरी 2023 में हुए एमओयू के बावजूद तीन वर्ष में भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, जो गंभीर चिंता का विषय है। समिति के अनुसार, एनटीपीसी की प्राथमिकता अब ग्रीन और न्यूक्लियर ऊर्जा परियोजनाओं पर केंद्रित है, जबकि इन ताप परियोजनाओं की अनदेखी हो रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में जुटे वैश्विक प्रतिनिधि

**अमृत विचार, लखनऊ/कुशीनगर:** कुशीनगर की पावन धरती से विश्व शांति का संदेश देने वाला अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन 2026 मंगलवार से शुरू हो गया। 2 अप्रैल तक चलने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षु, संत, विद्वान, नीति-निर्माता और युवा एक मंच पर एकत्र हुए हैं। इस अवसर पर 'बुद्धा लाइफ गैलरी' का भी उद्घाटन किया गया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस सम्मेलन को वैश्विक स्तर पर संवाद और समझ को मजबूत करने की महत्वपूर्ण पहल बताया।

### अग्निवीर भर्ती रैली आज से, तैयारी पूरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** सेना के मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के तत्वावधान में पहली अप्रैल से आगरा कैंट स्थित एकलव्य स्पोर्ट स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती रैली होगी। रैली में प्रदेश के 12 जिलों के ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण करने वाले 19 हजार अभ्यर्थी दमखम दिखाएंगे। अभ्यर्थियों के बीच शारीरिक, चिकित्सीय एवं दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया कराई जाएगी। सेना के साथ जिला प्रशासन ने व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए टेंट, कूलर, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा, यातायात नियंत्रण, कानून-व्यवस्था के प्रबंध किए हैं।

# आर्मी ऑफिसर बनकर ठगी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसटीएफ की वाराणसी यूनिट ने दबोचा


आरोपी धर्मेंद्र

**अमृत विचार:** यूपी एसटीएफ और वाराणसी के भेलूपुर पुलिस की टीम ने फर्जी आर्मी ऑफिसर बनकर नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बेरोजगारों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर 15 लाख रुपये से अधिक की ठगी की। आरोपी के पास से टीम ने दो मोबाइल, दो आईडी कार्ड मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस, तीन पैन कार्ड, तीन आधार कार्ड, दो ड्राइविंग लाइसेंस, तीन डेबिट कार्ड, दो अंक पत्र, एक शैक्षिक प्रमाण पत्र बरामद किया है।


एसटीएफ के एएसपी विनोद कुमार सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी धर्मेंद्र कुमार पांडेय चंदौली के अलीनगर स्थित कैली गांव का रहने वाला है। आरोपी को भेलूपुर थाना क्षेत्र के विभूति इन्क्लेव अपार्टमेंट के पास से रविवार देर रात पकड़ा गया। जांच में सामने आया कि आरोपी खुद को कर्नल बताकर बेरोजगार युवकों को सेना, रेलवे, शिक्षा विभाग और अर्द्धसैनिक बलों में नौकरी दिलाने का झांसा देता था। वह फर्जी पहचान पत्र दिखाकर लोगों का विश्वास जीतता और उनसे मोटी रकम वसूलता था। ठगी की रकम को छिपाने के लिए उसने अलग-अलग नामों और दस्तावेजों से कई बैंक खाते भी खुलवा रखे थे। आर्मी से मिले इनपुट के आधार पर सक्रिय हुई एसटीएफ ने छानबीन शुरू की। खुद को सेना में कमांडिंग अफसर बताते हुए धर्मेंद्र ने सेना, रेलवे और शिक्षा विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की। आरोपी के खिलाफ भेलूपुर थाने में एफआईआर दर्ज है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया है।

# अटल विद्यालयों में लागू होगा 'प्रोजेक्ट प्रवीण'

## आईटी, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स और एआई जैसे आधुनिक कोर्स से छात्र होंगे सशक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'स्कूल से स्किल' को बढ़ावा, 18 विद्यालयों के 3447 विद्यार्थियों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण




**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने शिक्षा और कौशल विकास को एकीकृत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। उप्र. कौशल विकास मिशन के तहत अब प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों में 'प्रोजेक्ट प्रवीण' लागू किया जाएगा, जिससे 3447 विद्यार्थियों को आधुनिक कौशल प्रशिक्षण मिलेगा।

'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत विद्यार्थियों को आईटी, आईटीईएस, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे पहले यह कार्यक्रम केवल सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों तक सीमित था, लेकिन अब अटल आवासीय विद्यालयों को शामिल करने से इसका दायरा और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे।

मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर कराए गए सर्वे के आधार पर प्रदेश के 18 जिलों- आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बस्ती, बांदा, गोंडा, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, बुलंदशहर, मिर्जापुर, प्रयागराज, गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद के अटल आवासीय विद्यालयों का चयन किया गया है। इन विद्यालयों के कुल 3447 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण के लिए पात्र पाया गया है। सर्वे में विद्यार्थियों की विशेष रुचि आईटी, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स और अपैरल सेक्टर में सामने आई है। अटल आवासीय विद्यालय प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य श्रमिकों, प्रवासी कामगारों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभावान बच्चों को निःशुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराना है। कक्षा 6 से 12 तक संचालित इन विद्यालयों में अब कौशल प्रशिक्षण जोड़ने से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को नया आयाम मिलेगा। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि 'प्रोजेक्ट प्रवीण' 210 घंटे का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें आईटी, ब्यूटी, हेल्थकेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स और इंडस्ट्रियल विजिट भी शामिल हैं। इसके अलावा इसमें 'एआई फॉर ऑल' मॉड्यूल को भी जोड़ा गया है, जिससे विद्यार्थी तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बन सकें।

# वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में खुला खजाना, कई परियोजनाएं मंजूर

## वित्त विभाग के निर्देश दरकिनार, अरबों रुपये के विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- मुख्यमंत्री की नाराजगी के बावजूद अंतिम दिनों में तेज रहा धनावंटन



**अमृत विचार:** प्रदेश में वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में वित्तीय अनुशासन की अनदेखी साफ नजर आई। वित्त विभाग के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद विभिन्न विभागों ने अंतिम समय में अरबों रुपये के विकास कार्यों और परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस प्रवृत्ति पर नाराजगी जताने के बावजूद धन आवंटन की रफ्तार पर कोई खास असर नहीं पड़ा।

पिछले पांच कार्य दिवसों में शासन स्तर पर जारी आदेशों में वित्तीय वर्ष 2025-26 की वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृतियां ही प्रमुख रहीं। लोकनिर्माण विभाग पहले से ही अंतिम समय में बजट खर्च करने के लिए चर्चित रहा है, लेकिन इस बार नगर नियोजन, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, कारागार, संस्कृति, चिकित्सा शिक्षा, न्याय, आईटी और उद्योग समेत दर्जनों विभाग इस दौड़ में शामिल दिखे। मंगलवार को देर शाम तक ऐसे शासनादेश जारी होते रहे और लंबित प्रस्तावों को तेजी से मंजूरी दी गई।

इनमें सड़क निर्माण, भवन परियोजनाएं और अन्य विकास कार्य प्रमुख रहे। शीर्ष अधिकारियों का मानना है कि वर्ष भर योजनाओं के समय पर तैयार न होने के कारण अंतिम दिनों में एक साथ प्रस्ताव भेजे गए, जिससे यह स्थिति बनी।

हालांकि वित्त विभाग ने पहले ही निर्देश दिए थे कि वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में बड़े पैमाने पर धन आवंटन से बचा जाए, ताकि अनियोजित खर्च और गुणवत्ता में कमी न हो। बावजूद इसके, विभागों ने निर्देशों की अनदेखी करते हुए फाइलों को तेजी से निपटाया। हाल ही में समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस प्रवृत्ति पर असंतोष जताया था। उन्होंने कहा था कि अंतिम दिनों में अत्यधिक धन आवंटन से पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होती हैं और विभागों को पूरे वर्ष योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना चाहिए।

**क्या कहते हैं नियम**

- अंतिम तिमाही में खर्च नियंत्रित रखना जरूरी
- आखिरी दिनों में बड़े आवंटन से बचने के निर्देश
- योजनाओं का क्रियान्वयन पूरे वर्ष संतुलित तरीके से हो

### बैंक कर्मी करते रहे ऑडिट, कल से लेन-देन

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन मंगलवार को बैंक शाखाएं आम ग्राहकों के लिए बंद रहीं और कर्मचारी पूरे दिन वार्षिक ऑडिट कार्य में व्यस्त रहे। खातों का मिलान, बैलेंस शीट तैयार करने और लेनदेन का अंतिम सत्यापन किया गया। इस दौरान केवल आंतरिक कार्य किए गए। बैंक अधिकारियों के अनुसार, यह प्रक्रिया नए वित्तीय वर्ष की सुचारु शुरुआत के लिए जरूरी है। अब बैंक 2 अप्रैल को सामान्य रूप से खुलेंगे और नियमित कामकाज शुरू होगा।


लखनऊ में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान बसपा प्रमुख मायावती। अमृत विचार

# जनहित की अनदेखी कर रही सरकार बहुजन हितैषी विकास ही समाधान

## यूपी स्टेट व जिला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ मायावती ने की बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- संगठन की मजबूती, जनाधार विस्तार और आगामी चुनाव की तैयारियों पर दिया जोर

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को यूपी स्टेट व जिला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में संगठन की मजबूती, जनाधार विस्तार और आगामी चुनावी तैयारियों पर जोर दिया।

मायावती ने कहा कि देश और जनहित के प्रति सरकार की उदासीनता के कारण आम जनता में निराशा बढ़ी है और लोग अब बीएसपी से उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। ऐसे में पार्टी को जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ काम करना होगा। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बैठक में पार्टी के पिछले दिशा-निर्देशों पर अमल की समीक्षा करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं को और अधिक सक्रियता, निष्ठा और मेहनत के साथ काम करने का निर्देश दिया। सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकांश मामलों में केवल वादों और जुमलों के जरिए लोगों की समस्याओं को हल करने का प्रयास किया जा रहा है, जो बेहद दुखद है।

उन्होंने प्राइवेट सेक्टर पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि इससे देश की आत्मनिर्भरता प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विकास का लाभ केवल कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित रह गया है। इसलिए देश और प्रदेश में बहुजन हितैषी विकास मॉडल को अपनाना बेहद जरूरी है।

चुनावी तैयारियों को लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि पार्टी प्रत्याशियों के चयन में सर्वसमाज का संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को किसी भी हालत में टिकट न दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को मिशनरी भावना के साथ मनाने के निर्देश दिए।

### 50 हजार का इनामी पशु तस्कर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** यूपी एसटीएफ की प्रयागराज यूनिट की टीम ने प्रतापगढ़ में गोहत्या और पशु तस्करी के मामले में फरार चल रहे 50 हजार के इनामी आरोपी को रविवार देर रात गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज हैं। उसे प्रतापगढ़ के देल्हूपुर थाने में दर्ज मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी मो. इब्राहिम प्रयागराज के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अहमदपुर असरौली हटवा गांव का रहने वाला है।




# अलीगढ़ में बनेगा पहला 'लॉक म्यूजियम'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ताला उद्योग का सालाना कारोबार 10 हजार करोड़ के पार जाने का अनुमान
- शोध और तकनीकी विकास का बनेगा केंद्र




**अमृत वितार:** प्रदेश के अलीगढ़ का ऐतिहासिक ताला उद्योग अब वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यहां देश का पहला 'लॉक म्यूजियम' स्थापित किया जाएगा। इस पहल से न केवल इस पारंपरिक उद्योग को संरक्षित किया जाएगा, बल्कि इसे आधुनिक तकनीक और नवाचार से भी जोड़ा जाएगा। इस परियोजना के साथ ताला उद्योग का सालाना कारोबार 10 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

अलीगढ़ की भौगोलिक स्थिति भी इस परियोजना को खास बनाती है, क्योंकि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से महज 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होने के कारण यहां अमेरिका और यूरोप से बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक पहुंच सकेंगे।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के अनुसार, यह म्यूजियम केवल प्रदर्शनी स्थल नहीं होगा, बल्कि एक समग्र औद्योगिक और शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां पारंपरिक हस्तनिर्मित तालों से लेकर आधुनिक हाई-टेक सुरक्षा प्रणालियों तक के विकास को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे नई पीढ़ी इस उद्योग की विरासत और तकनीकी यात्रा को समझ सकेगी। म्यूजियम में प्रशिक्षण, शोध और तकनीकी विकास से जुड़े कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। साथ ही कारीगरों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उनकी उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। ताला बनाने वाली एमएसएमई इकाइयों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

### विवि में छात्रा से गैंगरेप के प्रयास में तीन पर रिपोर्ट

**कानपुर, अमृत विचार:** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के क्लास रूम में छात्रा के साथ गैंगरेप के प्रयास मामले में पुलिस ने आरोपी तीन छात्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीएसजेएम विश्वविद्यालय की छात्रा ने सहपाठी समेत विश्वविद्यालय के तीन छात्रों पर गैंग रेप का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

छात्रा के मुताबिक 16 मार्च को आरोपी सहपाठी ने लंच के लिए उसे एक रूम में बुलाया, जहां पहले से उसके दो अन्य साथी मौजूद थे। आरोप है कि तीनों युवकों ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ करते हुए गैंग रेप करने का प्रयास किया।

# रेलवे, बस स्टेशनों पर भी 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट सक्रिय

**अमृत विचार, लखनऊ:** महिला कल्याण विभाग की 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से अब तक प्रदेश में 2.31 लाख से अधिक जरूरतमंद बच्चों को सहायता प्रदान की जा चुकी है। प्रदेश सरकार ने इस सेवा का विस्तार करते हुए इसे रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों तक भी पहुंचा दिया है।

महिला कल्याण विभाग की निदेशक डॉ. वंदना वर्मा के अनुसार, प्रदेश के प्रत्येक जिले में हेल्पलाइन यूनिट सक्रिय रूप से संचालित है, जो संकट में फंसे बच्चों तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित करती है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही 77 हजार से अधिक बच्चों को इस सेवा के माध्यम से मदद मिली है। रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर अक्सर भटकने वाले या जोखिम में पड़े बच्चों की पहचान और सहायता के लिए विशेष यूनिट तैनात की गई हैं। राज्य स्तर पर एक कंट्रोल रूम के साथ-साथ सभी जनपदों में हेल्पलाइन यूनिट, 28 रेलवे स्टेशन यूनिट और 11 बस स्टैंड यूनिट सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

इस हेल्पलाइन सेवा की खासियत इसकी त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली है। किसी भी आपात कॉल के प्राप्त होते ही संबंधित टीम 60 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचकर बच्चों को सुरक्षित निकालती है।

# मेरठ में पांच बिजली अफसर निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने पर कार्रवाई

**अमृत विचार:** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने मेरठ में लगातार ट्रांसफार्मर फेल होने और लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच बिजली अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने उद्योगपुरम और सोफीपुर में क्षतिग्रस्त पावर ट्रांसफार्मरों के लिए अधिशासी अभियंता वीके सिंह के साथ सहायक अभियंता विशाल सिंह व विद्यासागर और अवर अभियंता सतीश चंद्र चौधरी व अनुराग प्रताप सिंह निलंबित किया है। इसके अलावा मामले में लापरवाही को लेकर चीफ इंजीनियर मुनीश चोपड़ा और अधीक्षण अभियंता अरशद से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। यह कार्रवाई पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल के हस्तक्षेप के बाद की गई, जिन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल रिपोर्ट तलब की थी। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, पूरे मामले की विस्तृत जांच भी कराई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### चौकी इंचार्ज और उप आबकारी निरीक्षक सस्पेंड

**देहरादून :** रिटायर्ड ब्रिगेडियर मौत के मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर उप आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 मसूरी सोबन सिंह और कुठालगेट चौकी प्रभारी अशोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कानून-व्यवस्था से जुड़ी घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरी नाराजगी जताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य में किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश भर में व्यापक अभियान चलाकर अवांछित तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### कर्मचारी के नाम पर 10 लाख का मुद्रा लोन हड़पा

**बाजपुर :** एक दुकान स्वामी पर अपने ही कर्मचारी के नाम पर फर्जी तरीके से 10 लाख रुपये का मुद्रा लोन हड़पने का आरोप लगा है। पीड़ित तन्नु कुमार कश्यप ने उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि के साथ कोतवाली पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित के अनुसार, उसके पूर्व दुकान मालिक ने वेतन के बहाने आधार कार्ड और फोटो लेकर बैंक में खाता खुलवाया था। आरोप है कि बैंक मैनेजर की मिलीभगत से खाते में किसी अन्य का मोबाइल नंबर दर्ज कर दिया गया, जिससे पीड़ित को लेनदेन की भनक तक नहीं लगी। धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब 17 मार्च को बैंक ने पीड़ित को 10 लाख रुपये का लोन चुकाने का नोटिस थमाया।

### 30 हजार लोगों ने किए मां पूर्णागिरि के दर्शन

**टनकपुर :** पूर्णागिरि मेले में उमड़ रही भीड़ के चलते टनकपुर बाजार और मेला क्षेत्र में रौनक बनी हुई है। मंगलवार को 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन का पुण्य कमाया। सबसे अधिक श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंच रहे हैं। नेपाल से भी बड़ी संख्या में रोजना तीर्थयात्री आ रहे हैं। सुबह से ही शारदा घाट और मुख्य मार्गों पर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं।

### धमाके के साथ फटा सिलेंडर, चार झुलसे

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाका उस समय तेज धमाके के साथ दहल उठा जब एक महिला ने गैस चूल्हा जलाने के लिए तीली जलाई। धमाका इतना तेज था कि इससे कमरे की दीवार टूट गई और अग्निकांड में दंपति, उसका बेटा सहित एक महिला बुरी तरह से झुलस गए। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां दंपति परिवार की नाजुक हालत को देखते हुए हल्द्वानी रेफर कर दिया गया है। मूलरूप से खमरियापुल पीलीभीत एवं हाल निवासी कृष्णा कॉलोनी का रहने वाला लोकेश कुमार अपने परिवार के साथ रहता है। मंगलवार की सुबह लोकेश, उसकी पत्नी गोमती देवी और दस साल का बेटा नीरज घर पर थे।

### रुपये और भाजपा की छवि में गिरावट की होड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा



सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज देश में रुपये और भाजपा की छवि के बीच "गिरावट की होड़" चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जैसे-जैसे भाजपा नेताओं के कांड, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का खुलासा हो रहा है, वैसे-वैसे पार्टी की छवि लगातार गिरती जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगियों के मामलों में खुलासे तो हो रहे हैं, लेकिन नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे नहीं दिए जा रहे।

## आयोजन



महावीर जयंती के अवसर पर वाराणसी में मंगलवार को लोग जुलूस निकालते हुए।

### ध्वज आरोहण : बजरंग बली के मंदिर शिखर पर 2 को होगा आयोजन

# 34 साल बाद राममंदिर में जुटेगी आंदोलन की बजरंगी सेना

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** 34 साल बाद 2 अप्रैल को राम जन्मभूमि आंदोलन की बजरंगी सेना एक साथ दिखाई देगी। राम मंदिर के परकोटे में दक्षिणी भुज पर स्थापित बजरंग बली के मंदिर शिखर पर ध्वज आरोहण का आयोजन किया जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मुख्य रूप से बजरंग दल के पूर्व अध्यक्ष जयभानु सिंह पवैया, बजरंग दल के पूर्व संस्थापक विनय कटियार सहित पूर्व संयोजक डॉ. सुरेंद्र जैन, प्रकाश शर्मा व अन्य पूर्व और वर्तमान बजरंग दल के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया है।



आवास पर बैठे विनय कटियार।

राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि बजरंग दल बनाकर समाज के ऐसे युवा जो हनुमत शक्ति को प्राप्त करने के बाद संगठन के स्वरूप में अपने को समाहित करते हुए रामजन्मभूमि आंदोलन के साथ खड़े हुए। आज भी वह संगठन के साथ चल रहे हैं। ऐसे कार्यकर्ता जो बजरंग दल के संयोजक रहे हैं। जिसमें मुख्य 13 लोगों को निमंत्रित किया गया है। उन सभी की उपस्थिति में हनुमान जी के मंदिर शिखर पर ध्वज का आरोहण होगा। इस दौरान अयोध्या के साधु संतों के साथ 150 की संख्या स्थानीय लोगों को भी बुलाया गया है। लगभग दो घंटे का कार्यक्रम चलेगा और 11 बजे ध्वज आरोहण का कार्य संपन्न होगा।

#### मिलेंगे लोग तो होगी मुद्दे की बात : विनय कटियार

बजरंग दल के पूर्व संस्थापक विनय कटियार ने कहा कि हनुमान जी के मंदिर पर ध्वज का आरोहण होने वाला है। सभी के एकत्रित होगा स्वाभाविक हैं। परिसर की 34 वर्ष के बाद बदली स्थिति पर बोले कि आंदोलन के समय बहुत से लोग जमीन में थे। सरयू नदी प्रतीक्षा कर रही थी। जहां सभी चले गए, फिर गड़बड करेंगे, तो वहीं पहुंचा दिया जाएगा। उन्होंने बजरंगियों के साथ मुलाकात पर कहा कि बीच-बीच में बातें होती रहती है। इस ध्वज को बढ़िया से बनाकर रखना है। तो वहां के लोग व्यवस्था कर रहे हैं। जब सभी इकट्ठा होंगे तो कुछ मुद्दे पर ही बात करेंगे। उन्होंने कहा कि जो कार्य अभी बचा हुआ है। उसे खत्म करना है।

#### राम जन्मभूमि पर मनाई जाएगी हनुमान जयंती

राम जन्मभूमि पेरिसर में स्थापित हनुमान मंदिर में पहली बार बजरंगबली की जयंती मनाई जाएगी। जहां ब्रह्म मुहूर्त से ही धार्मिक अनुष्ठान के साथ पूजन अर्चन संपन्न किया जाएगा। मंदिर के गर्भगृह में फूलों की झांकी सजाई जाएगी। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक हनुमान जयंती पर विधिवत कार्यक्रम का आयोजन संपन्न किया जाएगा।

# मजदूरी बढ़ी, लाखों श्रमिकों को लाभ

### प्रदेश में श्रम विभाग ने बढ़ाई दरें, सभी श्रेणियों की आय में होगा इजाफा

लखनऊ, राज्य ब्यूरो

**अमृत विचार:** प्रदेश में संगठित और असंगठित क्षेत्र के लाखों श्रमिकों को पहली अप्रैल से बढ़ी हुई मजदूरी का लाभ मिलेगा। महंगाई को ध्यान में रखते हुए श्रम विभाग ने मजदूरी की मूल दरों और महंगाई भत्ते (डीए) में संशोधन किया है, जिससे कामगारों की दैनिक आय में औसतन 10 से 14 रुपये तक की बढ़ोतरी होगी।

श्रमायुक्त मार्कंडेय शाही द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अकुशल, अर्द्ध-कुशल, कुशल और अति कुशल सभी श्रेणियों के श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाई गई है। नई दरों के अनुसार, अकुशल श्रमिकों की मासिक मजदूरी 10,293 रुपये से बढ़कर 10,566.29 रुपये (करीब



406.39 रुपये प्रतिदिन) हो गई है। अर्द्ध-कुशल श्रमिकों को अब 11,740 रुपये मासिक (लगभग 451.55 रुपये प्रतिदिन) मिलेंगे। वहीं कुशल श्रमिकों की मजदूरी बढ़कर 12,679 रुपये (करीब 487.67 रुपये प्रतिदिन) हो गई है।

कालीन उद्योग के साथ-साथ कांच और चूड़ी उद्योग से जुड़े श्रमिकों को भी इस बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। कांच उद्योग में अकुशल श्रमिकों की मजदूरी बढ़कर 10,096.68 रुपये (388.33 रुपये प्रतिदिन) हो गई है, जबकि अर्द्ध-कुशल और कुशल श्रमिकों को क्रमशः लगभग 442.52 रुपये और 492.19 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे। चूड़ी उद्योग में विशेष कार्य करने वाले श्रमिकों की आय में भी वृद्धि हुई है। तारवाला को अब करीब 26,180.93 रुपये मासिक (लगभग 1006.95 रुपये प्रतिदिन) और पर्यवेक्षक को करीब 681.84 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे। श्रम विभाग हर छह महीने में महंगाई भत्ते की समीक्षा करता है। इस बार भी महंगाई के प्रभाव को देखते हुए मजदूरी दरों में संशोधन किया गया है, जिससे श्रमिकों की आय और जीवन स्तर में सुधार की उम्मीद है।

| नई मजदूरी दरें आज से लागू | |
|---|---|
| अकुशल | 406 रुपये प्रतिदिन |
| अर्द्ध-कुशल | 451 रुपये प्रतिदिन |
| कुशल | 487 रुपये प्रतिदिन |
| कांच उद्योग अकुशल | 388 रुपये प्रतिदिन |
| चूड़ी उद्योग तारवाला | 1006 रुपये प्रतिदिन |
| औसतन | 10-14 रुपये प्रतिदिन बढ़ोतरी |

## सात और ब्लड बैंकों के संचालन पर लगाई गई रोक

**लखनऊ, अमृत विचार :** लखनऊ और कानपुर के बाद अब गाजियाबाद, मेरठ और वाराणसी के सात ब्लड बैंकों के संचालन पर रोक लगाई गई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की छापेमारी में अनियमितता सामने आने के बाद कार्रवाई की गई है। मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बागपत, गौतम बुध नगर और वाराणसी में विभाग की अंतर-जनपदीय टीम ने 42 रक्त केंद्रों की जांच की, जिसमें सात रक्त केंद्रों पर अभिलेखीय व संचालन संबंधी अनियमितताएं पाई गईं। इनमें गाजियाबाद के हिंद चेरीटेबल ब्लड सेंटर, भारत सेवा चेरीटेबल ब्लड सेंटर, डी-एस चेरीटेबल ब्लड सेंटर, मेरठ के लिटिल स्टार चेरीटेबल ब्लड सेंटर, लाइफलाइन चेरीटेबल ब्लड सेंटर और वाराणसी के कालिंदी चेरीटेबल ब्लड सेंटर व बनारस चेरीटेबल ब्लड सेंटर शामिल हैं।

## एमएसपी का लाभ देने की पारदर्शी व्यवस्था प्राथमिकता: शाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **सात अप्रैल से 30 जून तक होगी चना, मसूर व सरसों की खरीद**

**अमृत विचार :** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि रबी सीजन 2026-27 में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का पूरा लाभ दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि चना, मसूर और सरसों की खरीद 7 अप्रैल से शुरू होकर 30 जून तक चलेगी।

इस दौरान पारदर्शी डिजिटल व्यवस्था और डीबीटी के माध्यम से किसानों को सीधे भुगतान किया जाएगा। लोकभवन में पत्रकारों से बातचीत में कृषि मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें फसलों का उचित मूल्य दिलाने के लिए रणनीति बनाई गई है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे 15 मई तक फॉर्मर रजिस्ट्री जरूर करा लें, ताकि योजनाओं का लाभ ले सकें।

**एमएसपी दर और बढ़ोतरी**
- चना : 5875 रु./क्विंटल ( 225)
- मसूर : 7000 रु./क्विंटल ( 300)
- सरसों : 6200 रु./क्विंटल ( 250)
- अरहर : 8000 रु./क्विंटल

**खरीद लक्ष्य (2026-27)**
- चना : 2.24 लाख मीट्रिक टन
- मसूर : 6.77 लाख मीट्रिक टन
- सरसों : 5.30 लाख मीट्रिक टन
- अवधि : 7 अप्रैल से 30 जून

**कृषि क्षेत्र की उपलब्धियां**
- 5700 करोड़ रुपये योजनाओं पर खर्च
- 11.25 लाख किसानों को अनुदानित बीज
- 12.73 लाख किसानों को मुफ्त बीज
- 25.41 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध

# स्त्रीधन पत्नी की व्यक्तिगत संपत्ति

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद से जुड़े एक आपराधिक मामले में स्पष्ट किया कि विवाह से पहले, विवाह के समय या उसके बाद महिला को प्राप्त स्त्रीधन उसकी व्यक्तिगत और पूर्ण स्वामित्व वाली संपत्ति होती है। इस पर पति या किसी अन्य का संयुक्त अधिकार नहीं माना जा सकता है। कोर्ट ने माना कि केवल स्त्रीधन से जुड़े विवाद के आधार पर आईपीसी की धारा 406 के तहत पत्नी के खिलाफ आपराधिक विश्वासभंग का अपराध नहीं बनता, जब तक संपत्ति के बेईमानी से



दुरुपयोग के स्पष्ट तत्व साबित न हों। उक्त आदेश न्यायमूर्ति चवन प्रकाश की एकलपीठ ने अनामिका तिवारी और चार अन्य की याचिका स्वीकार करते हुए पारित किया। याचिका में कानपुर नगर की अदालत द्वारा पारित समन आदेश तथा उससे संबंधित आपराधिक कार्यवाही को चुनौती दी गई थी। मामले के अनुसार वर्ष 2012 में विवाह के बाद पति-पत्नी के बीच विवाद उत्पन्न हुआ। पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए वर्ष 2018 में एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपपत्र भी दाखिल किया। बाद में पत्नी द्वारा भरण-पोषण का वाद दाखिल किए जाने पर परिवार न्यायालय ने पति को पत्नी और पुत्र के लिए मासिक भरण-पोषण देने का आदेश दिया।

याचियों का आरोप था कि इसके प्रतिशोध स्वरूप पति ने शिकायत दर्ज कराते हुए पत्नी और उसके परिजनों पर घर से नकदी, आभूषण और घरेलू सामान ले जाने का आरोप लगाया, जिसके आधार पर मजिस्ट्रेट ने आईपीसी की धाराओं 323, 504 और 406 के तहत समन जारी कर दिया।

## चित्रकूट में नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत

**बांदा, एजेंसी :** जिले के पहाड़ी थाना क्षेत्र के सकरौली गांव के दो बच्चे मंगलवार को बागै नदी में नहाने के दौरान डूब गए, जिससे दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पहाड़ी थाने की पुलिस ने बताया कि सकरौली गांव के मजरा क्योटन पुरवा के रहने वाले नवल राजपूत का बेटा शिवम (9) और गोविंद राजपूत का बेटा आशीष (10) मंगलवार सुबह करीब नौ बजे बागै नदी के चकरेही घाट में नहाने गए थे, जहां अनजाने में पानी की गहराई में चले गए और दोनों की डूबने से मौत हो गई।

# यूपी-एमपी के बीच हुए कई समझौते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- **काशी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन में व्यापार, पर्यटन और उद्योग को नई दिशा**
- **काशी विश्वनाथ धाम-महाकाल कॉरिडोर सहयोग से धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा**

**अमृत विचार:** वाराणसी में आयोजित एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 ने मंगलवार को व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक विकास को नई दिशा देने की मजबूत पहल की है। सम्मेलन में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच काशी विश्वनाथ धाम-महाकाल कॉरिडोर सहयोग समेत कई महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनका उद्देश्य आर्थिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक सहयोग को बढ़ाना है।

सम्मेलन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि रहे, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, नंद गोपाल गुप्ता और रवीन्द्र जायसवाल उपस्थित रहे। सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि काशी विश्वनाथ धाम और महाकाल कॉरिडोर के बीच सहयोग को लेकर हुआ समझौता रहा। इसके तहत काशी में विकसित सफल प्रबंधन प्रणाली को उज्जैन में लागू किया जाएगा, जिससे धार्मिक पर्यटन को और मजबूती मिलेगी।

सम्मेलन में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' और जीआई टैग के माध्यम से कारीगरों को वैश्विक मंच देने पर विशेष जोर दिया गया। दोनों राज्यों के बीच हुए समझौते से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। सम्मेलन में औद्योगिक नीति, डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई-कॉमर्स के जरिए 'लोकल टू ग्लोबल' मॉडल को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। सम्मेलन में पर्यटन, उद्योग, ऊर्जा और कृषि क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।

## मुख्यमंत्री की मां पर अभद्र टिप्पणी करने वाला मौलाना गिरफ्तार

बहराइच, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी करने वाले मौलाना अब्दुल्ला सालिम कासमी उर्फ चतुर्वेदी को सोमवार देर शाम बिहार से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि विशेष कार्यबल (एसटीएफ) उसे लेकर बहराइच आयी, जहां आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद अदालत ने उसे जेल भेज दिया। बहराइच के पुलिस क्षेत्राधिकारी (शहर) नारायण दत्त मिश्र के अनुसार, मौलाना अब्दुल सालिम कासमी का एक विवादित भाषण इस माह की शुरुआत में सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था, जिसमें मुख्यमंत्री की मां के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया था।

उन्होंने कहा कि इसके बाद आठ मार्च को कोतवाली नगर थाने में विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं अधिवक्ता अजीत प्रताप सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सालिम ने अपनी गलती स्वीकार करके माफी मांगी। इस संबंध में विधिक कार्रवाई कोतवाली नगर बहराइच से की जा रही है।

# किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट में छह लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **लखनऊ, दिल्ली समेत अन्य शहरों में फैला है रैकेट, 50 से अधिक किए गए किडनी ट्रांसप्लांट**

**अमृत विचार:** अवैध किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का खुलासा करके कमिश्नरेट पुलिस ने पांच डॉक्टरों व एक दलाल को जेल भेजा है। पुलिस खुलासे में सामने आया कि शहर में किडनी प्रत्यारोपण का अवैध धंधा काफी समय से गुपचुप चल रहा था। 50 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट किए गए।

डोनर को 6-10 लाख रुपयों का लालच देकर फंसाया जाता और मरीजों को किडनी छह से सात गुना अधिक कीमत पर 60-70 लाख रुपये में बेची जाती। पुलिस ने कल्याणपुर के मेड लाइफ हॉस्पिटल, आहूजा हॉस्पिटल और प्रिया हॉस्पिटल में एक साथ छापा मारा तो डोनर व किडनी पाने वाले मरीज भर्ती मिले। ट्रांसप्लांट से संबंधित दस्तावेज भी अस्पताल नहीं दिखा सके। इस पर पुलिस ने आहूजा हॉस्पिटल की संचालक डॉ. प्रीति आहूजा, उनके पति डॉ. सुरजीत सिंह, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. राम प्रकाश, डॉ. नरेंद्र सिंह व दलाल शिवम अग्रवाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

#### 8वीं पास है दलाल शिवम

अवैध किडनी ट्रांसप्लांट गिरोह का एजेंट शिवम आठवीं तक पढ़ा है और एंबुलेंस चालक है। डोनर को झांसे में लेने के लिए वह एप्रेन और गले में स्टेथोस्कोप लटकाकर घूमता था। शिवम आरोपी डॉक्टरों के संपर्क में था। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि 30 साल की पारुल करीब आठ साल से डायलिसिस करा रही हैं। पुलिस कमिश्नर के अनुसार अवैध किडनी ट्रांसप्लांट सिंडिकेट एक टेलीग्राम ग्रुप से संचालित होता था।

# 19.81 लाख नए आयुष्मान कार्ड बने, बरेली प्रथम

लखनऊ, राज्य ब्यूरो

- **यूपी देश में सबसे आगे, 5.70 करोड़ का आंकड़ा पार**
- **स्वास्थ्य सुरक्षा कवरेज बढ़ाने में प्रदेश ने बनाई बड़ी बढ़त**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश ने आयुष्मान भारत योजना के तहत एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित कुमार घोष के अनुसार, विशेष अभियान के तहत अब तक 19.81 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे प्रदेश देश में सबसे अधिक कार्ड बनाने वाला राज्य बन गया है।

प्रदेश में कुल आयुष्मान कार्डों की संख्या अब लगभग 5.70 करोड़ तक पहुंच गई है, जो स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। अभियान के दौरान कार्ड निर्माण में बरेली पहले स्थान पर रहा, जबकि आजमगढ़ दूसरे और जौनपुर तीसरे स्थान पर रहे। यह विशेष अभियान 25 नवंबर से 25 दिसंबर 2025 तक चलाया गया था। इसकी सफलता को देखते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इसे 15 जनवरी से दोबारा शुरू करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद से अभियान लगातार जारी है। सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक पात्र परिवारों को इस योजना से जोड़कर उन्हें मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना है।

## उपलब्धि

### 70 वर्ष में लगे थे 14 हजार कारखाने, वहीं बीते 9 वर्ष में 17,841 हुए पंजीकृत

# उद्योगों की बदली तस्वीर, पश्चिमी यूपी बना ग्रोथ इंजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **पश्चिमी यूपी में सबसे ज्यादा 10,895 फैक्ट्रियां, 16.53 लाख लोगों को मिला रोजगार**

**अमृत विचार:** प्रदेश में औद्योगिक विकास को लेकर '70 साल बनाम 9 साल' की तस्वीर तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था का संकेत दे रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में 17,841 नए कारखाने पंजीकृत हुए हैं, जबकि आजादी के बाद 70 वर्षों में केवल 14,178 कारखाने ही पंजीकृत हो सके थे।

प्रदेश में वर्तमान में कुल पंजीकृत कारखानों की संख्या 32,019 तक पहुंच चुकी है। इनमें सबसे अधिक 10,895 कारखाने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्थापित हुए हैं, जिससे यह क्षेत्र औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बन गया है। सरकार की 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' नीति, सिंगल विंडो सिस्टम, ऑनलाइन क्लीयरेंस और बेहतर कानून-व्यवस्था के चलते निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। सितंबर 2023 से अब तक 10,194 कारखानों का पंजीकरण और चालू वित्तीय वर्ष में 4,746 नए कारखानों का जुड़ना इस रफ्तार को दर्शाता है।

इन कारखानों में 16,53,179 लोगों को रोजगार मिला है, जिनमें 1,23,272 महिलाएं भी शामिल हैं। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी प्रदेश में सामाजिक-आर्थिक बदलाव का संकेत दे रही है। मध्य उत्तर प्रदेश में 3,526, पूर्वांचल में 3,205 और बुंदेलखंड में 215 कारखाने स्थापित हुए हैं, जिससे क्षेत्रीय संतुलन के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। प्रदेश में छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों का संतुलित विकास हुआ है। 14,412 छोटे, 3,213 मध्यम और 118 बड़े कारखाने प्रदेश की औद्योगिक संरचना को मजबूती दे रहे हैं।

### 1.31 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा निर्यात

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निर्यात के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर तक प्रदेश का निर्यात 1,31,328 करोड़ तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 1,18,223.91 करोड़ की तुलना में 11.08 प्रतिशत अधिक है।

वर्ष 2016-17 में जहां प्रदेश का निर्यात 86 हजार करोड़ था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 1.86 लाख करोड़ तक पहुंच गया। मौजूदा रफ्तार को देखते हुए इस वर्ष नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है। सरकार की उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन नीतियों, बेहतर कानून-व्यवस्था, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश अनुकूल माहौल ने प्रदेश को निर्यात के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। 'लोकल टू ग्लोबल' की अवधारणा के तहत प्रदेश के उत्पाद अब वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

आईटी और आईटीईएस सेक्टर में भी उल्लेखनीय उछाल देखा गया है। वर्ष 2015 में जहां इस क्षेत्र का निर्यात 15 हजार करोड़ था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 82 हजार करोड़ से अधिक हो गया है। प्रदेश के 77 उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है, जबकि 152 अन्य उत्पाद प्रक्रिया में हैं। इससे पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक बाजार में नई पहचान मिल रही है।

## उत्तराखंड में नहीं बढ़ेंगी बिजली दरें

**देहरादून, अमृत विचार:** महंगाई के इस दौर में उत्तराखंड के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग (यूईआरसी) ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित 18.86 फीसदी बिजली टैरिफ वृद्धि को अस्वीकार कर दिया है।

इस फैसले से आम बिजली उपभोक्ताओं को बढ़े हुए बिजली बिलों के बोझ से सीधी बड़ी राहत मिली है। साथ ही आयोग ने 25 किलोवाट ऊर्जा खर्चने वालों को सौर ऊर्जा का उपयोग करने पर भी राहत दी है। आयोग के अध्यक्ष एमएल प्रसाद ने मंगलवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में वर्ष 2026 की विद्युत दरों की जानकारी साझा की।






बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से वृद्धा की मौत

## बिना नंबर वाली कार ने पीछे से बाइक में मारी टक्कर

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार:** मंगलवार दोपहर चौकी लभारी के सामने नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पोता गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब दावत से लौट रहे एक परिवार की बाइक को पीछे से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी।



मृतका राजदा बेगम



क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

जानकारी के अनुसार नौसना गांव निवासी भूरा उर्फ इकरार अपनी पत्नी राजदा बेगम (52) और पांच वर्षीय पोते ईशान के साथ खाता नगरिया थाना मिलक से दावत खाकर वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वे लभारी पुलिस चौकी के पास पहुंचे, रामपुर की ओर से आ रही काले रंग की बिना नंबर प्लेट की क्रेटा कार ने उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े। हादसे में राजदा बेगम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भूरा के हाथ में फ्रैक्चर हो गया और ईशान गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद अनियंत्रित कार सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई, जिससे कार के परखच्चे उड़ गए।

कार चालक मुरादाबाद के के असगरीपुर गांव के निवासी बताए जा रहे हैं और पीलीभीत टाइगर रिजर्व में तैनात हैं।, इस हादसे में बाल-बाल बच गए। उनकी पत्नी को भी चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही लभारी चौकी इंचार्ज सूरज सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत एंबुलेंस द्वारा बरेली के एक निजी अस्पताल भेजा गया, जहां ईशान की हालत गंभीर बनी हुई है।पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस का कहना है तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# प्रेमी की शादी हुई तो कर लूंगी आत्महत्या

संवाददाता, फरीदपुर

- शारीरिक संबध बनाने के बाद ठुकराया तो दिखाया रौद्र रूप
- बड़ी बहन के देवर ने दिया था शादी करने का झांसा
- बदायूं के बिल्सी में शादी तय होने के बाद प्रेमिका ने उठाया कदम
- फरीदपुर कोतवाली में प्रेमी के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव जेड में बड़ी बहन के घर छोटी बहन के आने जाने पर बहनोई के छोटे भाई ने नजदीकियां बढ़ा ली और शादी का झांसा देते हुए उससे शारीरिक संबध बनाए। गर्भवती होने पर जबरन गर्भपात करा दिया। जब युवती ने शादी को कहा तो शादी करने से इंकार कर दिया। अब युवती ने बहन के देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मोहल्ला बाजार गंज कस्बा मोहम्मदी निवासी युवती ने बताया कि वह कोतवाली फरीदपुर में बड़ी बहन के घर आती जाती थी। यहां उसके संबध बहन के देवर सूरज शर्मा से हो गये। देवर ने उससे शादी करने का वायदा किया और समय समय पर उसे गिफ्ट देने के साथ साथ घुमाने भी ले जाता था। वह बरेली घुमाने के बहाने भी कई बार होटल ले गया। बार बार शारीरिक संबध बनाने का जोर देने पर युवती ने शादी करने की बात कही। तो उसने टाल दिया और रुपयो का इंतजाम नहीं होने की बात कही।

युवती ने बताया कि युवक जब भी मिलता कोई बात नहीं करता केवल बाहर चलने की ही बात कहता था। युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो उसने साफ इंकार कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। युवती ने बताया कि अब सूरज शर्मा बदायूं के बिल्सी निवासी लड़की से शादी कर रहा है।

वह झूठ बोलकर मेरा शोषण करता रहा, पीड़ित युवती का आरोप है कि यदि उसके प्रेमी सूरज शर्मा पुत्र देवदत्त शर्मा ने दूसरी जगह शादी की तो उसे आत्महत्या करने को मजबूर होना होगा। पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी सूरज शर्मा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही शुरू कर दी है।

# वाहनों की आमने सामने भिड़ंत में युवक की मौत

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार:** बरेली बीसलपुर मार्ग पर ग्राम पड़ोली के नहर की पुलिया पर बाइक व स्कूटी में टक्कर हो गई। जिसमें स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से बरेली अस्पताल भेजा। जहां स्कूटी चालक की मौत हो गई है।



मृतक ओमेन्द्र

मंगलवार सुबह बरेली बीसलपुर मार्ग पर ग्राम पड़ोली नहर पुलिया पर बाइक सवार ग्राम करेना निवासी प्रदीप कुमार व स्कूटी सवार ओमेंद्र कुमार उर्फ धर्मेंद्र ग्राम खरदाह निवासी की आमने-सामने टक्कर हो गयी। जिसमें दोनों घायल हो गए। इनमें से स्कूटी चालक ओमेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया था।

पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजा। जहां अस्पताल में स्कूटी चालक ओमेंद्र कुमार मौत हो गयी है। मृतक कस्बा भुता में रेडीमेड कपड़े की दुकान करता था। मृतक के एक तीन वर्षीय बेटा है। अचानक हुई मौत पर घर परिवार में भारी कोहराम मचा है।

# किसान नेताओं की रिहाई को ज्ञापन

**नवाबगंज, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत व अन्य किसान कार्यकर्ताओं की उड़ीसा सरकार द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में भाकियू तहसील शाखा ने कड़ा विरोध जताया है। सीओ को ज्ञापन देकर बिना शर्त सभी किसानों की रिहाई की मांग की है।



ज्ञापन सौंप कर भाकियू पदाधिकारियों की बिना शर्त रिहाई की मांग की।

भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की समस्याओं और उनकी आवाज उठाने पर सरकारें दमनकारी नीति अपना रही हैं, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। ज्ञापन देने वालों में पप्पू गंगवार हरदेव सिंह रंधावा, फतेहचंद गंगवार ,राकेश ,हरिशंकर गंगवार, मेवाराम ,सेवासिंह, लीलाधर ,सरदार, महेंद्र सिंह ,सुरेश, दिनेश ,अरविंद, आदि लोग मौजूद रहे ।

**आंवला:** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की आंवला इकाई ने संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार को ज्ञापन प्रभारी निरीक्षक को सौंपकर उनके रिहाई की मांग की है। कहा कि सोमवार को ओडिशा सरकार ने किसान मजदूर महापंचायत को रोकते हुए किसान विरोधी और दमनकारी कार्य किया है। सभी नेताओं को बिना शर्त रिहा किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में तहसील अध्यक्ष महाराज सिंह यादव, चौ. शिशुपाल सिंह, पंकज कुमार शर्मा, आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
निः शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

# सपा कल करेगी तहसील पर धरना-प्रदर्शन

**नवाबगंज, अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी दो अप्रैल को नगर में बड़ा धरना प्रदर्शन करने जा रही है। पार्टी नेताओं का दावा है कि यह प्रदर्शन क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर निर्णायक साबित होगा और इसमें भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे।

पार्टी के विधानसभा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने सरकार और स्थानीय प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 17 मार्च को सौंपे गए 15 सूत्रीय मांगपत्र पर प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि कई समस्याएं स्थानीय स्तर पर ही हल की जा सकती थीं।

बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। भर्ती निकलती तो है लेकिन नौकरी नहीं मिलती और कुछ दिन बाद पता चलता है भर्ती निरस्त कर दी गई। फार्म भरने में लगाया पैसा भी बर्बाद हो गया और सरकार मौन हो जाती है।

उन्होंने गन्ना किसानों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि दो वर्षों से करोड़ों रुपये का बकाया भुगतान लंबित है। चीनी मिल की नीलामी पर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने मांग की कि मिल को दोबारा चालू कराया जाए और किसानों का भुगतान जल्द कराया जाए।

पूर्व मंत्री ने बंद पड़े प्राथमिक विद्यालयों को खोलने, तहसील व थानों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, छुट्टा पशुओं से किसानों को राहत दिलाने और राशन वितरण में हो रही अनियमितताओं पर कार्रवाई की भी मांग की। साथ ही गैस वितरण व्यवस्था में प्रशासनिक हस्तक्षेप बंद करने और ग्राम पंचायत स्तर पर गेहूं क्रय केंद्र खोलने की बात कही।

## मंदिर के पास हो रही है मांस की बिक्री

**भुता, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव फैजनगर में मंदिर के पास खुले में मांस की बिक्री हो रही है। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसकी शिकायत एक्स पर ट्विट कर अधिकारियों से की गई है। थाना क्षेत्र के गांव फैजनगर में बाजार के सामने एक शिव मंदिर है। उसके कुछ ही दूरी पर खुले में मछली आदि का मांस काटकर बेचा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है जबकि किसी भी मंदिर परिसर से लगभग 100 मीटर की दूरी तक मांस आदि की दुकान नहीं होनी चाहिए। मंदिर परिसर में आने वाले भक्तों को अक्सर मांस की दुर्गंध से परेशानी होती है। और उनकी आस्था को ठेस पहुंचती है। नवरात्र समाप्त होते ही यह बिक्री फिर से शुरु हो गई है जो भक्तों की आस्था को चोट पहुंचाती है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मंदिर से 300 मीटर की दूरी पर बिक्री होतीहै।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
हमने अपने पुत्र गौरव सिंह को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **सत्यपाल सिंह पुत्र मनोहर सिंह व कमला देवी पत्नी सत्यपाल सिंह निवासीगण ग्राम मनौना तहसील आंवला जिला बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. दानिश व उसकी पत्नी गुलफ्शा को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रिहाना पत्नी श्री अखलाक अहमद निवासी ग्राम अरसियाबोझ थाना बहेड़ी जिला बरेली।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्रों शिवदयाल व महेश उनकी पत्नियों (पुत्रवधुओं) के गलत चाल चलन और व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से वेदखल कर दिया है, वह अपने कृत्य के लिए खुद जिम्मेदार होंगे। **रामवती पत्नी स्व. गोधनलाल ग्राम याकूबपुर नवाबगंज बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री रोज को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **सन्जु पुत्र मो. हनीफ निवासी ग्राम अगरास तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शादाव को उसके गलत व्यवहार व आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल चल संपत्ति से बेदखल कर दिया है मेरे पुत्र से अब मेरे व मेरे परिवार के किसी सदस्य से उसका कोई संबंध सरोकार नहीं होगा। वह अपने कृत्यों की स्वयं जिम्मेदार होगा। **आसिफ अली पुत्र आशिक अली निवासी ग्राम नदायल तह. सहसवान जिला बदायूं**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष 2021 जिसका अनुक्रमांक 210900735 का प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **दुर्वेश यादव पुत्री श्री ऋषिपाल सिंह यादव निवासी गजरौला कला, पीलीभीत**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### अश्लील हरकत करने पर रिपोर्ट दर्ज

**फरीदपुर, अमृत विचार :** विधवा महिला के घर में घुसकर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अश्लील हरकतें करते हुए जबरन पड़कर अंदर खींचने लगे विरोध करने पर गालियां देते हुए मारने पीटने लगे शोर सुनकर पहुंची बेटी को धक्का देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी भाग गए। पीड़िता ने गांव पचौमी निवासी वीरेंद्र व अखिलेश के खिलाफ केस दर्ज कराया है

### रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह सम्पन्न

**नवाबगंज, अमृत विचार :** मिशन पब्लिक स्कूल में मंगलवार को रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह हुआ। समारोह में विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार गंगवार एवं प्रधानाचार्या सिमरन भटनागर मौजूद रहीं। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को पदक, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षकों के समर्पण की सराहना की है।

### जे एण्ड ए इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों को मिले रिजल्ट और इनाम

**बहेड़ी, अमृत विचार :** जे एण्ड ए इंटरनेटनल स्कूल में मेधावी स्टूडेंट्स को रिजल्ट कार्ड के साथ इनाम भी दिए गए। कार्यक्रम में का शुभारंभ चेयरमैन सलीम अख्तर ने किया। उन्होंने बच्चों से मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान नर्सरी से लेकर कक्षा 11 के मेधावी को सम्मानित किया। इस दौरान नर्सरी के अतहरूल, एल के जी के असनान खान, यू के जी में मोहम्मद जैनुल, कक्षा 1 में असद, क्लास 2 में इनाया फातिमा, क्लास 3 में अदीना, क्लास 4 में जिया खान, क्लास 5 में अजमल, क्लास 6 में खत्ताव, क्लास 7 में इनव फातिमा, क्लास 8 में जिया फातिमा, क्लास 9 में फातिमा, कक्षा 11 (विज्ञान) में अनजालना और वाणिज्य में आमना तस्लीम को पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए गए। साथ ही साथ क्लास में सेकंड व थर्ड रैंक हासिल करने वाले स्टूडेंट्स को भी पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्रबंधक महेनाज जहां, अफजाल अहमद, स्कूल के एमडी मुगीस अख्तर और डायरेक्टर मिली घोष भी मौजूद रहे।



मेधावी को पुरस्कृत करते स्कूल के चेयरमैन सलीम अख्तर।

# बहेड़ी-भुड़िया कॉलोनी सड़क टू-लेन बनेगी, 50 करोड़ हुए मंजूर

- वित्तीय वर्ष 2025-26 के आखिरी दिन बहेड़ी को मिली सौगात
- दर्जनों गांवो के लोगों का सफर होगा आसान, केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों का असर

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन बहेड़ी को सरकार से एक बड़ी सौगात मिली है। बहेड़ी से नंदेली और बहापुर होते हुए भुड़िया कॉलोनी तक सड़क के दो लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण लिए शासन ने 50 करोड़ रूपये मंजूर कर दिए हैं, साथ ही राज्य सड़क निधि से करीब ढाई करोड़ रूपये जारी भी कर दिए हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयासों से सड़क निर्माण की मिली यह मंजूरी सड़क से जुड़े कई दर्जन गांवो को एक बड़ी मुश्किल से छुटकारा दिलाने वाली है।

बहेड़ी से भुड़िया कॉलोनी की सड़क काफी जर्जर स्थिति में है। सिंगिल लेन की इस सड़क पर वाहन चलाना बेहद मुश्किल काम है। सड़क पर बड़े -बड़े गड्ढे हैं गाड़ियों के पलटने का खतरा हमेशा बना रहता है। केन्द्रीय राज्य मंत्री और सांसद जितिन प्रसाद के सामने इस सड़क की बदहाली का मुद्दा उठा था। सरकार ने वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन इस सड़क के दो लेन चौड़ीकरण और सुद्धरीकरण के लिए 50 करोड़ 62 लाख 35 हज़ार रूपये की वितीय और प्रशासकीय स्वीकृति दे दी। साथ ही राज्य सड़क निधि से 2 करोड़ 47 लाख 54 हज़ार रूपये जारी भी कर दिए। इस आशय का पत्र भी जारी कर दिया गया है।

अब बहेड़ी से बहापुर और नदेली होते हुए भुड़िया कॉलोनी तक की 17 किलोमीटर लम्बी सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा।

### जनता के लिए अहम है सड़क



केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने सड़क के लिए धनराशि आवंटित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने जनता की दिक्कतों को समझा है। मंत्री ने कहा कि बहेड़ी क्षेत्र के लोगों के लिए बहेड़ी से भुड़िया कॉलोनी जाने वाली सड़क काफी अहम है। दर्जनों गांव इस सड़क से सीधे जुड़े हैं। यह सड़क काफी अरसे से ख़राब हालत में है, और मैंने स्वयं भी इस सड़क के टू लेन होने की ज़रुरत महसूस की थी।

### बहेड़ी शहर के भी काफी लोग राहत महसूस करेंगे

बहेड़ी में केसर क्रासिंग से झाजूनागर तक यह सड़क शहर से गुज़रती है। करीब 2 किलोमीटर की इस दूरी में सड़क पर गड्ढे तो हैं ही, धूल से लोग बेहद परेशान हैं। शहर के मोहल्ला सिंह गौंटिया, टीचर्स कॉलोनी और झाजूनागर के लोगों के आने जाने का यह सड़क ही एक ज़रिया है, और इससे गुज़रना उनको बहुत भारी पड़ता है। सड़क बनने से शहर के इस हिस्से के लोगों को बहुत राहत मिलेगी।

### सितारगंज जाने का रास्ता होगा आसान

भुड़िया कॉलोनी को जाने वाली यह सड़क भुड़िया से सितारगंज (उत्तराखंड) जाने वाली सड़क को जोड़ती है। इस सड़क के टू लेन होने से सितारगंज जाने वाले इसी सड़क का इस्तेमाल करेंगे। यह सितारगंज के लिए शार्ट रास्ता है। सड़क के खराब होने की वजह से अभी पुलभट्टा होकर लोग सितारगंज जाते हैं। इस सड़क के बनने से लोगों का सितारगंज का रास्ता कम दूरी और कम समय में तय होगा।

### पचपेड़ा की तरफ जाने वालों को भी मिलेगी राहत

बहेड़ी -भुड़िया सड़क से फरीदपुर वाली सड़क भी जुड़ती है। इस सड़क के ख़राब होने से पचपेड़ा -फरीदपुर को जाने वाले लोगों को इस बदहाल सड़क पर झटके झेलना होते हैं। इस सड़क के बनने से फरीदपुर के रास्ते के कई दर्जन गाँवों के लोगों को भी बहुत राहत मिलेगी।

## धारदार हथियार से किया घायल

**शेरगढ़ अमृत विचार :** रिश्तेदारी से घर लौट रहे एक व्यक्ति को रास्ते में रोककर गले पर धारदार हथियार से वार कर दिया गया। जिससे व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया।

थाना शेरगढ़ के गांव बरीपुरा निवासी आसेराम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनका भनेज दामाद धर्मवीर निवासी गांव खतौला थाना बहेड़ी सोमवार को गांव बरीपुरा से अपने घर वापस लौट रहे थे। आरोप है कि गांव का एक व्यक्ति उनसे शराब के लिए रुपया मांगने लगा। मना किया तो उसने बाइक से आगे छोड़ने को कहा। बाइक में बैठाकर आगे चला तो कुछ दूर पहुंचते ही उक्त व्यक्ति ने धर्मवीर के गले में धारदार हथियार से बार कर दिया जिससे वह लहुलुहान हो गया।

# ईसापुर के ग्रामीणों ने दी चेतावनी तालाब में नहीं आने देंगे गंदा पानी

## धौराटांडा में दो गुटों में मारपीट के बाद विवाद निपटाने पहुंचे अफसर, समझौता हुआ



समझौता वार्ता के दौरान बरात घर में मौजूद रहे गांव के लोग। ● अमृत विचार



मौके पर मौजूद एसडीएम, सीओ और नायब तहसीलदार। ● अमृत विचार

- धौराटांडा में अब 8 फिट का नाला और नौ फिट रास्ता देंगे प्रापर्टी डीलर
- सोमवार को इसी मुद्दे पर दो गुटों में हुई लड़ाई में 13 लोगों के खिलाफ दर्ज हुई थी रिपोर्ट

संवाददाता, भोजीपुरा

**अमृत विचार :** नगर पंचायत धौंराटांडा में घरेलू व बरसाती पानी के निकास को लेकर दो गुटों में हुई मारपीट और 13 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के अगले दिन पुलिस और प्रशासन सक्रिय हुआ। अफसरों ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों में समझौता करा दिया है।

स्थानीय लोगों का कहना था कि सरकारी तालाब पर लंबे अर्से से पानी निक रहा था। जबकि प्रापर्टी डीलरों का कहना था कि यह जमीन कस्बे के ही अब्दुल वकील, कफील अहमद आदि की थी। उनसे संचित गंगवार, जुल्फिकार अहमद आदि ने रजिस्ट्री करवाई है। प्रापर्टी डीलरों ने जब पटान करवाना शुरू किया तभी बस्ती के लोगों ने पटान करवाना रुकवा दिया था।

मंगलवार को एसडीएम सदर प्रमोद कुमार व नायब तहसीलदार विदित कुमार और अभिषेक तिवारी सीओ हाइवे शिवम् आषुतोष सिंह, प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा राजीव चौधरी पुलिस बल को लेकर पहुंचे। अफसरों की मौजूदगी में कस्बे के एक बारात घर में दोनों पक्षों की पंचायत हुई। अफसरों ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी। इसके बाद बाद बस्ती के लोगों ने घरेलू व बरसात के पानी निकासी के लिए दस फिट चौड़े नाले और दस फिट चौड़े रास्ते की मांग की। अफसरों व चेयरमैन नदीम उल हसन के हस्तक्षेप के बाद आठ फिट चौड़े नाले व नौ फिट चौड़े रास्ते पर दोनों गुटों में सहमति बन गई। दोनों पक्षों ने समझौता लिखकर एसडीएम सदर व सीओ हाइवे को सौंप दिया। समझौता पत्र पर संचित गंगवार, वकील अहमद, जुल्फिकार अहमद आदि ने व बस्ती पक्ष के अलीम फौजी, आदि दोनों पक्षों व गवाहों ने हस्ताक्षर किए हैं। इसके बाद एसडीएम सदर व सीओ हाइवे ने जमीन का निरीक्षण किया।

ईसापुर के तालाब में धौंराटांडा की बस्ती के पानी को डाले जाने की बात पर पंचायत में प्रधान तफसीर अहमद व ग्रामीणों ने आपत्ति जताई लेकिन अफसरों ने ईसापुर के ग्रामीणों की बात नहीं सुनी। प्रधान तफसीर अहमद ने बताया कि तालाब का अमृत सरोवर में चयन हो गया है। प्रधान व ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि गंदे पानी को तालाब मे किसी कीमत पर नहीं गिरने दिया जाएगा।

## हादसे में घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान मौत

**शीशगढ़, अमृत विचार :** दावत से लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण की इलाज के दौरान दिल्ली में मौत हो गई।

गांव बल्ली निवासी रविंद्र पाल ने बताया कि उनके भाई सुरेंद्र पाल अपने परिवार सहित गांव सराय में रहते हैं। दो दिन पूर्व वह शीशगढ़ बहेड़ी रोड पर मानपुर गांव स्थित एक बैंकट हॉलसे वापस आते समय उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने बैंकट हॉल के आसपास ही टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर स्थिति सामान्य ना होने पर डॉक्टरों ने दिल्ली के लिए रेफर कर दिया, दिल्ली में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## आंख का आपरेशन बेटियों का विवाह कराएंगे संगठन



सराहनीय पहल करने वाले तीन कमेटियों के सदस्य। ● अमृत विचार

**बहेड़ी, अमृत विचार :** इंसानियत, भाईचारे और सेवा भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से तीन सामाजिक संगठनों ने सराहनीय पहल की है। आँखों के ऑपरेशन के साथ ज़रूरतमंद लोगों की 7 बेटियों का सामूहिक विवाह और रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 1 अप्रैल को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंप का लगाया जाएगा, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का मुफ्त आपरेशन कराया जाएगा । आठ अप्रैल को 7 लड़कियों की सामूहिक विवाह कराया जाएगा। 15 अप्रैल को ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जाएगा, जहां लोगों से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने की अपील की जाएगी। यह पहल खिदमत ए इंसानियत चैरिटेबल ट्रस्ट, हुसैनी कमेटी, जी डब्लू एस के संयुक्त तत्वावधान में हो रही है। कार्यक्रम का आयोजन एमएम लॉन, बहेड़ी में होगा।

## व्रतोत्सव पत्रिका लघु पंचांग का विमोचन

**कैंट, अमृत विचार :** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा मंगलवार को रामगंगा तट पर नव संवत् २०८ की वैदिक सनातन पर्वों का संपूर्ण संकलन एक सूक्ष्म पुस्तिका के रूप में किया गया। सनातन संस्कृति विद्या निकेतन आधुनिक गुरुकुल में पधारे अनंत विभूषित दण्डी स्वामी ब्रह्मानंद महाराज और डॉ गुण चैतन्य प्रकाश के द्वारा संपन्न हुआ।

उन्होंने कहा यह व्रतोत्सव पत्रिका घरों-घरों तक इसलिए भी पहुंचना जरूरी है, कि हम अपने धर्म के साथ उन वैदिक काल गणनाओं को भी सूक्ष्मता से अपने जीवन में उतारें और अगली पीढ़ी को इससे जुड़ने को प्रेरित करें। उन्होंने वार्षिक राशि फलादेश आचार्य अम्बरीष ने पत्रिका को पढ़कर सुनाया।



पत्रिका विमोचन करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के सदस्य।

विमोचन कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पाण्डेय, प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा, गजेंद्र पांडेय, आचार्य ब्रह्म स्वरुप, शिव औतार मिश्रा, मुनीश, आचार्य सतीश शर्मा, आचार्य हिमांशु, निर्दोष, प्रियांगु मिश्रा, शैलेश शर्मा, नमन, भगवान परशुराम सेवा ट्रस्ट के ऋषिपाल उपाध्याय, रमेश तिवारी, कौशल सारस्वत, महेश पाठक, ठाकुर मुनेन्द्र सिंह चौहान, आदि मौजूद रहे।

## कंपोजिट विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार :** चौबारी स्थित कम्पोजिट विद्यालय में सोमवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। विद्यालय की हेड अध्यापिका विजय लक्ष्मी के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया।

पूर्व बीडीओ जयवीर सिंह ने विद्यालय के बच्चों को परीक्षा फल वितरित कर पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। सेवानिवृत्त हो रही प्रधानाध्यापिका को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कमलेश्वर बाबू शर्मा, देवेन्द्र मिश्रा, तारा जोशी पंत, सुभद्रा बाजपेई, अमिता गुप्ता, मुनेंद्र सिंह, कौशल सिंह, पंकज सिंह, राजेश सिंह,. वेदप्रकाश सिंह, कृष्णा सिंह आदि रहे। **रिठौरा** में प्राथमिक विद्यालय बेनीपुर सादात में वार्षिकोत्सव, एवं स्कूल चलो अभियान का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता बीईओ विजय कुमार ने की।



बच्चे को पुरस्कृत करते पूर्व बीडीओ।

## स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों को बताया स्वच्छता का उद्देश्य

**रिठौरा, अमृत विचार :** एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने कलापुर गांव का भ्रमण करते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के उद्देशों को बताते हुए गलियों की साफ- सफाई की। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर उदय गुप्ता के निर्देशन में किया गया इस दौरान प्राचार्य डा.सीएम गंगवार शिक्षिका शीतल शर्मा सहित तमाम एवं स्टाफ मौजूद रहा।

साथ ही प्राथमिक विद्यालय खाता में मंगलवार को वार्षिकोत्सव हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य गंगाराम गंगवार, चंदन सक्सेना, ने संयुक्त रूप से किया। छात्र -छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता, डांस, गीत, कब्बाली, हंसी के रसगुल्ले आदि कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया।

# 7 स्कूलों की 75 छात्राओं ने निकाला पैदल मार्च

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान फेज़ 5 के तहत रन फॉर इम्पावरमेंट का आयोजन किया गया। 100 मीटर रेस के साथ 2 किलोमीटर दूरी की साइकिल रेस भी हुई। बहेड़ी सर्किल के 7 स्कूलों की 75 छात्राओं ने इसमें हिस्सा लिया। शहर में पैदल मार्च भी निकाला गया।

पैदल मार्च में स्कूली बालिकाओं के साथ मिशन शक्ति टीम, अभिभावक, अध्यापक और गणमान्य नागरिक शामिल रहे। 100 मीटर दौड़ और साइकिल रेस में पहली, दूसरी और तीसरी पोजीशन लाने वाली बालिकाओं को सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।




मिशन शक्ति के तहत पैदल मार्च के दौरान मौजूद कालेज की छात्राएं व पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह ने सरकार की तमाम योजनाओं एवं सुरक्षा सेवाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वूमन पावर लाइन 1090, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, महिला हेल्पलाइन 181 और फायर सेवा 101 के कार्य और उपयोग के बारे में बताया और विषम परिस्थिति में उनके इस्तेमाल को जागरूक किया।

इस मौके पर इंस्पेक्टर बहेड़ी पवन कुमार, इंस्पेक्टर देवरनिया आशुतोष द्विवेदी, एस एच ओ, शेरगढ़ राजेश मौर्य, एस एच ओ शीशगढ़ हरेंद्र मालिक ने महिलाओं के अधिकारों, आत्म रक्षा के उपायों और साइबर अपराध से बचने के बारे में विस्तार से बताया फ्लैग मार्च में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, बहेड़ी, एमजीएम इंटर कॉलेज, लाखन सिंह कॉलेज, राजूनगला, लोटस एकेडमी, शीशगढ़, रंजीत सिंह कॉलेज, शीशगढ़, मिशन ग्लोबल एकेडमी, सिंधौरा और कस्तूरबा विद्यालय, शेरगढ़ की बालिकाओं ने हिस्सा लिया।

## न्यूज डायरी

### हनुमान जयंती पर निकाली भव्य शोभा यात्रा



**बिशारतगंज, अमृत विचार :** हनुमान जयंती पर नगर में धूमधाम से सुंदर झांकियों सहित कलश यात्रा निकाली गई। पीतवस्त्र धारण महिलाओं ने सिर पर कलश उठाए और ब्लॉक मझगवा के पूर्व ब्लाक प्रमुख जीराज यादव एवं थाना अध्यक्ष विशारतगंज राजेश बाबू मिश्रा ने भगवा ध्वज फहराकर यात्रा को रवाना किया। दुर्गा मंदिर से पैदल यात्रा प्रारंभ होकर पुराना बाजार होते हुए हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में सभी नगरवासी सहित रमेश यादव, नकुल गोस्वामी, नंदकिशोर गुप्ता, रामाधार गुप्ता, सभासद प्रदीप साहू आरिफ तूफानी संजीव पाराशरी मोहित गुप्ता भानु साहू अखिलेश गुप्ता, चैयरमैन लाल मिया कुरैशी, नरोत्तम साहू, पवन गोस्वामी आदि लोग मौजूद रहे। राम आधार गुप्ता ने बताया मंगलवार से हनुमत महायज्ञ प्रारंभ होगा और 2 अप्रैल को पूर्ण आहुति के बाद भंडारा होगा।

### आरपीएम में वार्षिक उत्सव मनाया, बच्चों को बांटे उपहार




**मीरगंज, अमृत विचार :** मंगलवार को आरपीएम पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया। इसमें बच्चों को रिजल्ट भी वितरित किया गया और सभी क्लासों के फर्स्ट सेकंड थर्ड और टॉप 10 बच्चों को सम्मानित किया गया। स्कूल में मेधावी छात्र संग्रह सक्सेना को स्कूल टॉप अवार्ड दिया गया। कार्यक्रम में इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी के प्रो0 चांसलर पार्थ गौतम मुख्य अतिथि और विधायक डा. डीसी वर्मा विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने पर अतिथियों ने बच्चों को सम्मानित किया और उपहार दिए। इस दौरान बंदना भारती, प्रबंधक नितिन शर्मा, उप प्रधानाचार्य अनुपम राठौर, इंद्रदेव त्रिवेदी, महेश चंद्र शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, संजय सिंह, अमर शर्मा, प्रमोद कुमार मिश्रा, संजीव रस्तोगी, अजय उपाध्याय, रमेश चंद्र तिवारी, शिवकुमार शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों के भविष्य निर्माण में मां की भूमिका अहम



**बहेड़ी, अमृत विचार :** बच्चों के भविष्य के निर्माण में मां की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। इसलिए सभी को अपने बच्चों पर पूरा ध्यान रखना चाहिए। मोबाइल का अत्याधिक इस्तेमाल बच्चों के भविष्य के निर्माण में बाधक है। यह बात मिशन ग्लोबल एकेडमी सिंधौरा के संरक्षक आरके सक्सेना ने व्यक्त किये। वह आज उन्नयन एवं अभिनंदन समारोह (अपग्रेडेशन और फेलिसिटेशन सेरेमनी) को संबोधित कर रहे थे। एकेडमी कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत रिछा की अध्यक्षा कैसर जहां और विद्यालय संरक्षक आरके सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में एनसी व एलकेली के मेधावी के साथ क्लास 6 में शुभ पहले आरिश दूसरे और काजल तीसरे नम्बर पर रही। कक्षा सात में समृद्धि, ज़ियान, उमर, कक्षा 8 में साधना, नवजीत, फाबिया वाहिदी क्रमश : पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। इस दौरान प्रधानाचार्य बी के कश्यप, निदेशक अमित देओल, मोबिन मलिक, रामेंद्र पाठक, सत्यपाल सिंह, विपिन सिंह, सूरजपाल, शाजिया नाज, संजय सक्सेना, राफिया मुख्तार, सिदरा खान, गीता कश्यप, काजल गंगवार, लता गंगवार, नेहा, रुचि मिश्रा, कहकशा अंसारी, अनम सिद्दीकी आशुतोष वर्मा मौजूद रहे।

### न्यू इंग्लैंड डेकोनेस स्कूल में रिजल्ट पाकर बच्चों के खिले चेहरे

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** न्यू इंग्लैंड डेकोनेस स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य इकबाल ख़ान ने किया। विद्यालय का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रबंधक द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सराहा गया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से चमक उठे। कार्यक्रम में अभिभावकों की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया।



## न्यूज ब्रीफ

### ई-रिक्शा पलटने से तीन महिलाओं समेत चार गंभीर रूप से घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** माटखेड़ा मार्ग पर ई-रिक्शा पलटने से तीन महिलाएं चोटिल हो गईं, जबकि रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार को भाजपा की मंडल महामंत्री एवं पालिका सभासद मधुबाला गुगलानी एक ई-रिक्शा से गुरुनानक कॉलोनी जा रही थीं। उनके साथ रिक्शा पर भाजपा कार्यकत्री नेहा भारद्वाज व हरजीत कौर भी सवार थीं। भाजपा नेत्री मधुबाला गुगलानी ने बताया कि गुरु नानक कॉलोनी निवासी किरनजीत कौर को चोट लग गई थी, वे तीनों उन्हें देखने जा रही थीं। ई-रिक्शा को सिहौर फार्म निवासी रामगोपाल चला रहे थे। बाद में चारों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में ले जाकर भर्ती कराया गया।

### गैस सिलेंडर को लाइन में लगे व्यक्ति की मौत

**मिलक, अमृत विचार :** तहसील मिलक के रास डडिया बाजार में मंगलवार को गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन लगी थी। तहसील मिलक के गांव मनोना निवासी 52 वर्षीय वीरेंद्र गैस सिलेंडर लेने के लिए कतार में लगे हुए थे। इस दौरान उनको चक्कर आ गया और स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लेकर आए। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने हृदय गति रुकने से मौत होने का अंदेशा जताया। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां उनको रोते-रोते बुरा हाल है। उनके तीन बच्चे हैं, सभी की शादी हो चुकी है।

### झटका मशीन तार के करंट से युवक की मौत

**बिसौली/दबतोरी, अमृत विचार :** खेत पर काम करने के दौरान एक श्रमिक को झटका मशीन से करंट लग गया। श्रमिक की मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। गांव के पास श्मशान में अंतिम संस्कार किया गया। खेत मालिक पर मामला दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आसफपुर क्षेत्र के गांव मुसिया नगला निवासी विष्णु मोहन (18) पुत्र मदन पाल, सुनील पुत्र लछ्छू, अभिषेक पुत्र नेत्रपाल पास के गांव भरतपुर में मजदूरी पर मक्का की बुवाई कर रहे थे। यह खेत करेंगी निवासी एक किसान का है। काम के दौरान विष्णु मोहन थकने पर सुस्ताने के लिए पास में गांव भरतपुर निवासी सतेंद्र पुत्र नेतराम के खेत किनारे बैठे। इसी दौरान झटका मशीन की लाइन से उन्हें करंट लग गया।

# शादी की खरीदारी करने गए पिता-पुत्र की हादसे में मौत

## बड़े बेटे के साथ सामान खरीदकर लौटते समय बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**बदायूं।** शादी का सामान खरीदकर लौट रहे बाइक सवार पिता-पुत्र को सोमवार की देर रात किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बेटे की मौके पर मौत हो गई, जबकि पिता ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ा। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया। शादी वाले घर में मातम पसर गया।


विकास (फाइल)


धर्मपाल (फाइल)

- हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार, पिता और बड़े बेटे की मौत से पसरा मातम

दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव रोहरी निवासी धर्मपाल (55) के छोटे बेटे अभिषेक की सात मई को शादी है। घर में सामान की खरीदारी की तैयारी चल रही है। वह सोमवार को अपने बड़े बेटे विकास (32) के साथ शादी का सामान खरीदने और बैंड बाजा बुक करने के लिए नगर दातागंज गए थे। वह दोनों देर रात बाइक से वापस गांव लौट रहे थे। दातागंज-बेला डांडी मार्ग स्थित रामगंगा पुल के पास नवादा मोड़ पर किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। चालक मय वाहन मौके से भाग गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची। तब तक विकास की मौत हो चुकी थी और धर्मपाल गंभीर रूप से घायल थे।

दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सक ने विकास की मौत की पुष्टि कर दी, जबकि कुछ समय के बाद धर्मपाल ने भी दम तोड़ दिया। जेब से मिले फोन से उनके परिजनों को सूचना देकर बुलाया। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

### बस-पिकअप भिड़ंत में चालक समेत दो की मौत

**उझानी, अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कोतवाली उझानी क्षेत्र में स्लीपर बस और पिकअप की भिड़ंत हो गई। हादसे में पिकअप चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। शवों के पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपे गए। हादसा मंगलवार सुबह लगभग छह बजे राजमार्ग स्थित गांव दहेमू की पुलिया के पास हुआ। राजमार्ग के चौड़ीकरण का काम तेजी से चल रहा है। मजदूर सुबह से ही आकर काम कर रहे हैं। एक पिकअप चौड़ीकरण में लगे मजदूरों को लेकर उझानी से कछला की ओर जा रही थी वहीं एक स्लीपर बस जयपुर से बरेली जा रही थी। बदायूं-मथुरा राजमार्ग पर दहेमू पंचायत घर के पास स्लीपर बस और पिकअप की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। पिकअप का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर चीख-पुकार मच गई। आस-पास के ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक पिकअप सवार चालक राजस्थान के जिला अलवर के थाना बरखेड़ा क्षेत्र के गांव सौरपरिया निवासी दिनेश चौधरी (30) पुत्र प्रभाती लाल और उझानी क्षेत्र के गांव सावंती नगला निवासी दुर्गेश (42) पुत्र हुकुम सिंह की मौत हो गई थी। उन्हें गैस कटर से पिकअप काटकर बाहर निकाला गया। जिला मऊ के थाना मधुवन क्षेत्र के गांव जवाईपुर निवासी नींबू लाल पुत्र अच्छे लाल और बरेली की कोतवाली आंवला क्षेत्र के गांव नंदगांव निवासी महेश पुत्र झाझन लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी को इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा जहां चिकित्सक ने दुर्गेश और दिनेश चौधरी की मौत की पुष्टि कर दी।


मृतक दुर्गेश

### आवारा कुत्तों ने हमला कर दो बच्चों को किया घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भोट थाना क्षेत्र के पेमपुर गांव में आवारा कुत्तों के झुंड ने दो बच्चों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना मंगलवार सुबह हुई। ग्रामीणों ने बच्चों को कुत्तों से बचाया, जिसके बाद परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

हमले में घायल बच्चों की पहचान मोहम्मद अली चार वर्षीय और मुहम्मद अर्श आठ वर्षीय के रूप में हुई है। मोहम्मद अली के पिता मोहम्मद फईम ने बताया कि मंगलवार सुबह उनकी मां शमशीरन और भाभी गुलफशा घर पर अकेली थीं, तभी दोनों बच्चे घर के बाहर खेलने गए थे। खेलते समय अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने बच्चों पर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चों को जमीन पर गिराकर उनके चेहरे पर वार किया। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लाठी-डंडों की मदद से कुत्तों को भगाकर बच्चों को बचाया। सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. मणिक अग्रवाल ने बताया कि दोनों बच्चों के चेहरे पर चोटें आई हैं।

## देह व्यापार के बड़े रैकेट का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र के सेक्टर-7 बी बुद्धि विहार में मंगलवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध देह व्यापार के बड़े अड्डे का भंडाफोड़ किया। स्थानीय थाना पुलिस और एएचटीयू टीम की संयुक्त छापेमारी में मौके से 6 पुरुष और 2 महिलाओं को आपत्तिजनक हालत में गिरफ्तार किया गया।

मंगलवार को मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि सोमवार की देर रात पुलिस को बुद्धि विहार स्थित एक किराए के मकान में लंबे समय से देह व्यापार का अवैध धंधा संचालित होने की सूचना मिली। जिस पर स्थानीय पुलिस और एएचटीयू की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान अलग-अलग कमरों से युवक-युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी ग्राहकों से पैसे लेकर महिलाओं को उपलब्ध कराता था और कमाई का बंटवारा करता था।


मझोला पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

मौके से सारिका, अल्फेज, निशा, शफीक, गोहर, रामवीर, फैजल, आतिफ और मुजाहिद को गिरफ्तार किया है।

इसमें सारिका और रामवीर पति- पत्नी बताए जा रहे हैं जिनकी शह पर यह अवैध गतिविधि संचालित हो रहा था। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 76 हजार रुपये नकद, नौ मोबाइल फोन, तीन कारें, 17 सेक्सवर्धक गोलियां बरामद की। मौके पर बरामद वाहनों को सीज कर दिया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम की धारा 3/4/5 के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से सभी आरोपियों को जिला कारागार भेज दिया गया।

## कुंदरकी में शार्ट सर्किट से लगी रुई गोदाम में आग, मची अफरा तफरी

संवाददाता कुंदरकी

- छह दमकलों ने कई घंटों में पाया आग पर काबू, लाखों के नुकसान का अनुमान
- चकफजलपुर रोड पर है खुब्जा इंटर प्राइसेज का रुई गोदाम और धुनाई मशीन

**अमृत विचार:** नगर के एक रुई गोदाम में मंगलवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग से लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। आग पर छह दमकलों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

थाना क्षेत्र के चकफजलपुर रोड पर खुब्जा इंटर प्राइसेज के रुई गोदाम में किसी कारण से आग लग गई। गोदाम में अधिक मात्रा में ज्वलनशील रुई भरी होने से लपटें तेजी से फैलने लगीं, आसपास अफरा-तफरी मच गई। गोदाम में रुई से लिहाफ और गद्दे बनते थे। आग की भयानक लपटें ऊंची उठीं, काला धुआं दूर तक फैला। स्थानीयों ने फौरन दमकल और पुलिस को खबर दी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियां पहुंचीं, संभल-अमरोहा से दो अतिरिक्त दमकलें बुलाई गईं। दमकल कर्मियों ने घंटों मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आसपास के गोदामों और आबादी को बचाया। फायर ब्रिगेड सीएफओ राजीव कुमार पांडेय, इंस्पेक्टर ज्ञान प्रकाश शर्मा और थानाध्यक्ष जसपाल सिंह ने मौके पर राहत कार्य का जायजा लिया। पुलिस ने भीड़ को भी दूर रहने के लिए सजग किया। आग से तैयार-कच्चा माल जलकर राख हो गया। लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। किसी जनहानि की खबर नहीं है। सीएफओ राजीव कुमार पांडेय ने बताया आग शॉर्ट सर्किट से लगी है, ऐसा प्रारंभिक जांच से पता चला है। पुलिस-फायर टीम विस्तृत जांच में जुटी है।

### तेजाब पीने वाले संविदा कर्मी की उपचार के दौरान मौत

**मसवासी, अमृत विचार:** पानी की जगह गलती से तेजाब पी लेने से पीड़ित एक युवक ने चार माह उपचार के बाद मंगलवार को दम तोड़ दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया है।

मसवासी के मोहल्ला भूबरा में प्रदीप के यहां बीते 5 दिसंबर को लड़के का जन्म हुआ था। इसी उपलक्ष्य में प्रदीप के घर पार्टी का प्रोग्राम था। जिसमें मानपुर उत्तरी निवासी संदीप और प्रदीप अन्य लोग भी शामिल हो रहे थे। प्रदीप व संदीप ने मसवासी के मोहल्ला चौपुरा की एक दुकान से शाम के समय पानी की बोतल खरीदी। दुकान पर बैठी महिला ने उसे धोखे से पानी के स्थान पर तेजाब की बोतल दे दी। जिसे दोनों दोस्तों ने शराब में मिलाकर पी लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों युवकों को काशीपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जहां संदीप की हालत में तो सुधार हो गया, लेकिन प्रदीप की हालत दिन व दिन बिगड़ती चली गई। उसे बेहतर उपचार के लिए मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# बच्ची को उठा ले गया तेंदुआ, गंभीर

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** क्षेत्र में तेंदुए के हमले की एक और घटना हो गई, मंगलवार शाम एक 10 वर्षीय बालिका को तेंदुआ घर के आंगन से चारपाई से उठाकर गन्ने के खेत में ले गया। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए बालिका को तेंदुए के कब्जे से छुड़ाया, लेकिन बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई है।


घायल बालिका।

घटना ग्राम मिश्रीपुर की है, जहां मंगलवार की देर शाम दीपिका (10 वर्ष) पुत्री अवनीश कुमार सैनी अपने भाई विशाल के साथ घर के आंगन में चारपाई पर लेटी हुई थी। पास ही गन्ने का खेत होने के कारण शाम करीब 8 बजे तेंदुआ खेत से निकलकर आंगन में आ गया और दीपिका को गर्दन व सिर से पकड़कर खेत की ओर घसीट ले गया। बालिका के भाई द्वारा शोर मचाने पर परिजन और आसपास के ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और तेंदुए का सामना किया। लोगों की भीड़ और शोर-शराबे के बीच तेंदुआ बालिका को घायल अवस्था में छोड़कर भाग गया। घटना के बाद सैकड़ों ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और तेंदुए की तलाश में जंगल में कॉम्बिंग की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। डिप्टी वन रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि कांठ से बालिका को मुरादाबाद अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है।

### तेंदुए के हमले में घायल बच्ची टीएमयू में भर्ती

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र में तेंदुए का आतंक लगातार बना हुआ है। आए दिन तेंदुए के दिखाई देने और हमले की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सोमवार शाम ग्राम महदूत कलमी में घर के बाहर खेल रही दो वर्षीय बच्ची पर तेंदुए ने हमला कर दिया। बताया गया कि मासूम सिद्रा नूर पुत्री अकरम को तेंदुआ उठाकर ले जाने का प्रयास कर रहा था। पास में बंधी बकरी के बीच यह घटना हुई, जबकि परिजन अपने कार्य में व्यस्त थे। जैसे ही परिजनों ने बच्ची को तेंदुए के मुंह में देखा, उन्होंने शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ बच्ची को छोड़कर भाग गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस एवं वन विभाग के डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल बच्ची को उपचार के लिए पहले कांठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए टीएमयू, मुरादाबाद रैफर कर दिया गया। वन विभाग की टीम ने तेंदुए को पकड़ने के लिए ग्रामीणों के साथ जंगल में कॉम्बिंग अभियान भी चलाया, लेकिन तेंदुआ हाथ नहीं लगा।



### मोहद्दीनपुर में तेंदुए ने बनाया कई पालतू पशुओं को शिकार

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर में तेंदुए की बढ़ती सक्रियता ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। सोमवार रात तेंदुए ने कई पालतू पशुओं को अपना शिकार बना लिया, जिससे गांव में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। ग्रामीण रातभर जागकर अपने पशुओं और परिवार की सुरक्षा के लिए पहरा देने को मजबूर हैं। तेंदुए ने भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव मुन्नू गुर्जर के घर के पास से एक पालतू कुतिया और उसके चार पिल्लों को उठा लिया। उसने गांव के पुष्कर प्रधान के बैंक्वेट हॉल के पास और मनोज प्रजापति के बछड़ों को भी शिकार बना लिया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। भारतीय किसान यूनियन के मीडिया प्रभारी फूलवस सिंह ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि किसान पशुपालन के जरिए अपनी आजीविका चलाते हैं, लेकिन तेंदुए के लगातार हमलों से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत घाटगांव विकास खंड शेरगढ़, बरेली**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-घाटगांव विकास खंड-शेरगढ़ बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/वीबी-राम-जी, एस एल डब्लू ऍम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 6 अप्रैल 2026 को अप. 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।
**श्री रियाजुद्दीन अंसारी-प्रधान** **प्यारे लाल-सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत अकिलाबाद विकास खंड शेरगढ़, बरेली**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-अकिलाबाद विकास खंड-शेरगढ़ बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/वीबी-राम-जी, एस एल डब्लू ऍम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 6 अप्रैल 2026 को अप. 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।
**श्री रामपाल मौर्य-प्रधान** **प्यारे लाल-सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत निभुआ विकास खंड शेरगढ़, बरेली**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-निरभुआ विकास खंड-शेरगढ़ बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/वीबी-राम-जी, एस एल डब्लू ऍम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 6 अप्रैल 2026 को अप. 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।
**श्रीमती शहाना बेगम-प्रधान** **प्यारे लाल-सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर पूर्वी विकास खंड शेरगढ़, बरेली**
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-मानपुर पूर्वी विकास खंड-शेरगढ़ बरेली में वर्ष 2026-27 में 15वें वित्त/16वें वित्त, 5वें वित्त/6वें आयोग, मनरेगा/वीबी-राम-जी, एस एल डब्लू ऍम, आर जी एस ए आदि की धनराशि से सी सी रोड, नाली, इंटरलॉकिंग, खडंजा आदि निर्माण/मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत/रिबोर कार्य कराये जाने हेतु ईट एवं रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, सैनेटरी का सामान, बिजली का सामान टाइल्स आदि सामग्री की सप्लाई हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनांक 6 अप्रैल 2026 को अप. 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अप. 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्ते लागू रहेंगी।
**श्रीमती रूपाली सिंह-प्रधान** **प्यारे लाल-सचिव**

**ता. पेशी 15.4.26**
**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)**
**नम्बर मुकदमा श्रीमान अतिरिक्त परिवार न्यायाधीश मुरादाबाद**
**वअदालत वाद सं. 424/2025**
**अन्जली बनाम आदित्य सिंह**
**धारा 12 हि.वि. अधि.**
आदित्य सिंह पुत्र मानवेन्द्र सिंह नि. राजपुर गंज तह. व थाना फरीदपुर जिला बरेली, हरगाह अन्जलि ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 15.04.2026 ववक्त बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे को करे और आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताइये अपनी जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हो।
आपको इतला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको मनसूओ और फैसला होगा। दरखवास्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 13.03.2023 जारी किया गया।
**अतिरिक्त परिवार न्यायाधीश मुरादाबाद**

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-प्रापण निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र० सं०-1, ई-प्रापण निविदा संख्या : DYCE-CON-BR-GKP-06-2026** क्लोजिंग दिनांकः 30.04.2026, **कार्य का नाम** - रेल संरचना के सत्यापन/ पुष्टिकरण/ गणना के लिए उपकरण परीक्षण करना पुल संख्या 173 (4x18.3 मीटर) (जीकेसी- केएचएम के बीच) और पुल संख्या 176 (3x12.2 मीटर)के निचले स्तर के गेज परिवर्तन को जारी रखने के लिए अंतःक्रिया विश्लेषण डीएमजी- जीकेपी-जीकेसी- केएचएम तीसरी लाइन परियोजना के संबंध में जीकेसी-जीकेपी की तीसरी लाइन और बहराइच-नानपारा में पुल संख्या 39 (6x12.2 मीटर) का गेज परिवर्तन उत्तर पूर्वी रेलवे का गेज रुपांतरण। अनुमानित निविदा मूल्य : 62,22,953.55, बयाना राशि (रू०) : 1,24,500.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०) : 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 (बारह माह) ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि- दिनांक 16.04.2026 ● उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि - दिनांक 30.04.2026 15.00 बजे तक। ● उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - दिनांक 30.04.2026 15.00 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें। श्री बी. नगेसिया कापाई/नि०/पुल-1, मो० 9794845232
**उप मुख्य इंजीनियर/ निर्माण/पुल**
मुजाधि/डब्ल्यू - 533 गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## रामगंगा में डूबे छात्र का 36 घंटे बाद भी सुराग नहीं

संवाददाता शाहबाद

**अमृत विचारः** रामगंगा नदी में नहाते समय डूबे डी-फार्मा के छात्र का 36 घंटे बाद भी सुराग नहीं लग सका। एनडीआरएफ और गोताखोरों की तलाश दूसरे दिन भी जारी रही। मंगलवार को प्रशासन ने तलाशी अभियान तेज करते हुए एनडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया। जिसने नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। लेकिन कड़ी मशक्कत कके बाद भी अभी तक युवक का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों ने जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर से चार गोताखोर बुलाए। शाम के मसय गोताखोरों ने भी युवकी तलाश शुरू की।


मोइस उर्फ मोनू।

कस्बे के मोहल्ला खटपुर निवासी आले हसन का बेटा मोइस उर्फ मोनू (20) सोमवार दोपहर अपने दोस्तों के साथ रामगंगा नदी में नहाने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। साथियों के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घटना के बाद से ही स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान चलाया जा रहा था, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

### दो क्षेत्रों से तीन युवतियां अगवा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर में दोनों थाना क्षेत्रों में तीन युवतियों के लापता होने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीन युवक तीनों युवतियों को अगवा करके ले गए। युवतियां अपने घर से नगदी और जेवर ले गई है। चौक कोतवाली और सदर बाजार थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

चौक कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले के व्यक्ति ने बताया कि 28 मार्च की साढ़े 3 बजे उनकी पुत्री सीतापुर आंख के अस्पताल में दवा लेने के लिए जा रही थी। रास्ते में तिलहर क्षेत्र का पंकज मिला, जो उसे अगवा कर ले गया। आरोपी ने 29 मार्च को शाम 5 बजे फोन से चार घंटे में लड़की वापस करने की बात कही थी, लेकिन लड़की अभी तक वापस नहीं की है। आरोपी ने मोबाइल बंद कर लिया है।

# परिवार को बेहोश करके प्रेमी संग फरार हुई युवती

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- पुलिस ने किया बरामद, एक आरोपी को भी किया गिरफ्तार

**अमृत विचारः** अमरोहा देहात क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां शादी से ठीक पहले एक युवती ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर परिवार को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया और उसके बाद फरार हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती को बरामद कर लिया है और एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव की है। जानकारी के अनुसार, एक किसान की बेटी की शादी तय थी और आगामी 5 अप्रैल को बारात आनी थी। घर में शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। आरोप है कि 29 मार्च की रात करीब आठ बजे गांव निवासी रिजवान अपने साथी जुनैद के साथ किसान के घर पहुंचा।

इस दौरान युवती की मिलीभगत से खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया गया। खाना खाने के बाद किसान समेत परिवार के सभी सदस्य बेहोश हो गए। देर रात जब घर में कोई हलचल नहीं हुई तो पड़ोसियों को शक हुआ। मौके पर पहुंचकर देखा तो सभी सदस्य अचेत अवस्था में पड़े थे। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और आनन-फानन में सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।


**नया मोड़** जेई और एई को किया जा चुका हैं निलंबित, जांच की मांग तेज

# शहीदों की प्रतिमाएं तोड़ने के प्रकरण में एई के पत्र वायरल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** टाउनहाल स्थित शहीदों की प्रतिमाएं बुलडोजर से गिराए जाने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। नगर निगम की ओर से निलंबित किए गए कनिष्ठ अभियन्ता प्रमोद कुमार ने कार्रवाई को गलत बताया। कहा कि घटना के दिन वह और सहायक अभियन्ता मनोज कुमार छुट्टी पर थे। उन्होंने बताया कि 20 मार्च को छुट्टी लेकर गए थे और 23 मार्च को लौटे। उनसे प्रतिमाएं तोड़ने की कोई अनुमति नहीं ली गई।

उन्होंने कहा कि यदि उनसे अनुमति ली जाती तो प्रतिमाओं को सम्मानपूर्वक हटवाया जाता। छुट्टी से लौटने के बाद वह पूरे दिन नगर आयुक्त के साथ रहे, लेकिन इस मामले में उनसे कोई पूछताछ नहीं की गई। उन्होंने नगर आयुक्त को पत्र देकर जेसीबी उपलब्ध कराए जाने का कारण भी पूछा है। वहीं महापौर अर्चना वर्मा ने कहा कि यदि जेई और एई छुट्टी पर थे तो इस तथ्य की भी जांच कराई जाएगी। इस बीच एई का एक पत्र भी सामने आया है। इसमें फर्म फ्लाई इन्फ्राटेक के सुपरवाइजर संदीप पाल से बातचीत के आधार पर यह उल्लेख किया गया है कि प्रतिमाएं हटाने की अनुमति नगर आयुक्त की ओर से दी गई थी और मूर्तियां ककरा स्थित एमआरएफ सेंटर में रखी गई हैं।


सोशल मीडिया पर वायरल पत्र।

बता दें कि 22 मार्च की रात गांधी भवन के पास सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान नगर निगम की जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्राली और डम्पर से शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाएं तोड़ी गई थी। इसके बाद हंगामा मच गया था और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई प्रतिमाएं लगाने के निर्देश दिए थे। मामले में नगर आयुक्त और डीएम की ओर से जेई प्रमोद कुमार और एई मनोज कुमार को निलंबित किया गया था। साथ ही संबंधित फर्म के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे ब्लैकलिस्ट किया गया। घटना के सात दिन बाद नगर आयुक्त बिपिन कुमार मिश्र का ट्रांसफर कर उन्हें अपर प्रबंध निदेशक, उप्र परिवहन निगम बनाया गया है, जबकि उनके स्थान पर आईएएस सौम्या गुरुरानी को नगर आयुक्त शाहजहांपुर नियुक्त किया गया है। वायरल पत्र सामने आने के बाद मामले की जांच की मांग तेज हो गई है और अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

### हमें अधिकारियों ने बलि का बकरा बनाया

इस मामले में निलंबित एई मनोज कुमार ने बताया कि उन्हें व जेई को अधिकारियों ने बलि का बकरा बनाया है। उनका कोई दोष नहीं है। वह तो घटना वाले दिन छुट्टी पर थे। शहीदों की प्रतिमाएं तोड़े जाने की जानकारी होने पर उन्होंने कार्यदायी संस्था के कर्मी को फोन मिलाकर जानकारी ली थी। जिस पर कर्मी ने सीधे तौर पर तत्कालीन नगरायुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र का नाम लेते हुए बताया कि आयुक्त के आदेश से प्रतिमाएं तोड़ी गई हैं। एई ने कहा कि इस बात के उनके पास सारे सबूत हैं कि फ्लाई इंफ्रा के कर्मी ने नगरायुक्त का नाम लिया था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### गांदरबल में मुठभेड़ के बाद आतंकवाद विरोधी अभियान जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के एक वन क्षेत्र में मंगलवार शाम को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई जिसके बाद आतंकवाद विरोधी अभियान जारी है। सेना ने कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर गांदरबल के अरहामा क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर लिखा, तलाशी अभियान के दौरान सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी। चुनौती मिलने पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी और हमारे सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की। अभियान जारी है।” सूत्रों ने कहा कि गोलीबारी के बाद किसी भी तरह की घुसपैठ रोकने के लिए पूरे इलाके को तुरंत घेर लिया गया।

### महाराष्ट्र: आईएएस अधिकारी का 21 साल में 24वां तबादला

**मुंबई।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी तुकाराम मुंढे का मंगलवार को महाराष्ट्र सरकार द्वारा तबादला कर दिया गया। नौकरशाही में 21 वर्षों की सेवा में यह उनका 24वां तबादला है। एक ईमानदार सिविल सेवक माने जाने वाले मुंढे उन कई आईएएस अधिकारियों में शामिल हैं, जिनका तबादला सरकार ने किया है। अधिकारियों ने बताया कि जिन अधाकरियों का तबादला किया गया, उनमें अश्विनी भिडे, विकास चंद्र रस्तोगी और लोकेश चंद्र भी शामिल हैं। मुंबई स्थित मंत्रालय में दिव्यांग कल्याण विभाग के सचिव मुंढे का तबादला राज्य सचिवालय में सचिव, आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, राजस्व और वन विभाग के पद पर किया गया है। उन्हें अगस्त 2025 में, यानी एक साल से भी कम समय पहले दिव्यांग कल्याण विभाग के सचिव के पद पर तैनात किया गया था।

### अवैध पटाखा फैक्टरी में धमाका, एक व्यक्ति की मौत, दो घायल

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना के जोधन गांव में मंगलवार को एक अवैध पटाखा निर्माण फैक्टरी में हुए धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 16 वर्षीय लड़की सहित दो अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस उपाधीक्षक (मुल्लनपुर) वरिंदर सिंह खोसा ने बताया कि प्रारंभिक जांच से यह बात सामने आयी है कि इमारत में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान कैफ शाह के रूप में हुई है और दो घायलों में अलीशा (16) भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि घटना शाम करीब साढ़े सात बजे हुई। धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी।

# विश्वसनीय सेमीकंडक्टर आपूर्तिकर्ता के रूप में भूमिका मजबूत कर रहा है भारत : मोदी

साणंद (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 21वीं सदी अपने साथ कई चुनौतियां लेकर आई है और संघर्षों के कारण वैश्विक आपूर्ति शृंखलाएं प्रभावित हुई हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सरकार आने वाले दशकों के लिए प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सुरक्षा की एक मज़बूत नींव रख रही है। मोदी ने साणंद में केन्स सेमीकॉन के 'आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर' संयंत्र का उद्घाटन किया, और इसके साथ ही वहां उत्पादन शुरू हो गया।



सेमीकंडक्टर प्लांट के उद्घाटन के बाद इंजीनियरों से बात करते प्रधानमंत्री मोदी।

उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक बाज़ार में एक भरोसेमंद विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के तौर पर अपनी भूमिका को मज़बूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरह से आज साणंद और सिलिकॉन वैली के बीच एक नया सेतु बन गया है। मोदी ने इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सक्रिय रूप से एक मज़बूत सेमीकंडक्टर तंत्र का निर्माण कर रहा है और साथ ही कच्चे माल के लिए एक लचीली आपूर्ति शृंखला स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। उन्होंने रेखांकित किया कि जब कोविड महामारी ने आपूर्ति शृंखलाओं को बाधित किया तो भारत ने सेमीकंडक्टर निर्माण का केंद्र बनने का निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत सक्रिय रूप से एक मज़बूत सेमीकंडक्टर तंत्र बना रहा है और साथ ही कच्चे माल के लिए एक लचीली आपूर्ति शृंखला स्थापित करने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। पैक्स सिलिका में भारत की भागीदारी इसी प्रयास का एक प्रमाण है।

**केन्स सेमीकॉन के आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर संयंत्र का साणंद में किया उद्घाटन, शुरू हुआ उत्पादन**

### अशांति का सामना कर रही दुनिया के लिए सम्राट संप्रति संग्रहालय का संदेश जरूरी: प्रधानमंत्री

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गुजरात में नवनिर्मित सम्राट संप्रति संग्रहालय ऐसे समय में शांति और अहिंसा का सशक्त संदेश देता है जब दुनिया अस्थिरता और अशांति की आग में जल रही है। वर्तमान वैश्विक स्थिति का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि संग्रहालय की विरासत और संदेश न केवल भारत के लिए बल्कि मानवता के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। महावीर जयंती के अवसर पर गांधीनगर के पास कोबा गांव में श्री महावीर जैन आराधना केंद्र परिसर में स्थित संग्रहालय का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा, हम पिछली सरकारों की गलतियों को सुधार रहे हैं, जो बहुमूल्य पांडुलिपियों को संरक्षित करने में विफल रहीं। उन्होंने कहा, वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जहां दुनिया अस्थिरता और अशांति की आग में झुलस रही है, इस संग्रहालय की विरासत और संदेश का बहुत महत्व है।

- गांधीनगर के कोबा गांव के पास संग्रहालय का किया उद्घाटन

# एफसीआरए विधेयक पर लोकसभा में आज घमासान होने के आसार

## कांग्रेस ने विधेयक पारित न होने देने का किया एलान, सांसदों को सदन में रहने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने दावा किया कि सरकार बुधवार को लोकसभा में विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन (एफसीआरए) विधेयक, 2026 को पारित कराने की योजना बना रही है, लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा क्योंकि यह विधेयक असंवैधानिक है और गैर सरकारी संगठनों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा संचालित संगठनों को नष्ट कर देगा।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को बताया कि कांग्रेस सांसदों को दिल्ली पहुंचने और बुधवार को सदन में मौजूद रहने के लिए कहा गया है। कांग्रेस बुधवार सुबह संसद परिसर में इस विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा कल संसद में एफसीआरए संशोधनों को पारित करने की योजना बना रही है। यह ऐसे समय हो रहा है जब कांग्रेस और कई विपक्षी दल चुनावों में व्यस्त



हैं। उन्होंने दावा किया कि यह स्पष्ट रूप से असंवैधानिक विधेयक है, जो गैर सरकारी संगठनों और सामुदायिक संगठनों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा संचालित संगठनों को नष्ट कर देगा।

वेणुगोपाल ने कहा, हम भाजपा को इस कठोर विधेयक के माध्यम से ईमानदार परोपकारी संस्थानों का गला नहीं घोंटने देंगे। कांग्रेस नेता ने कहा, कांग्रेस इस विधेयक के खिलाफ सुबह 10.30 बजे संसद के बाहर प्रदर्शन करेगी। हम इसे किसी भी हालत में पारित नहीं होने देंगे। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बीते बुधवार को लोकसभा में विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया था। इस विधेयक का उद्देश्य विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 में संशोधन करना है। राय ने कहा था कि यह विधेयक विदेशी अंशदान के उपयोग को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाएगा।

### विदेशी धन का अवैध गतिविधियों में दुरुपयोग रोकने के लिए लाया जा रहा विधेयक: रीजीजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने मंगलवार को कहा कि एफसीआरए संशोधन विधेयक का उद्देश्य किसी धार्मिक संगठन को निशाना बनाना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा एवं हितों के खिलाफ विदेशी धन के इस्तेमाल को रोकना है। रीजीजू ने भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों के साथ बातचीत में कांग्रेस और वामपंथी दलों पर तीखा हमला बोला तथा उन पर एफसीआरए में प्रस्तावित संशोधन को लेकर झूठी बातें फैलाने का आरोप लगाया। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि विधेयक को लेकर उनके दावे पूरी तरह से झूठे, मनगढ़ंत और गुमराह करने वाले हैं। विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम में संशोधन के लिए 25 मार्च को लोकसभा में एक विधेयक पेश किया गया, जिसमें सरकार ने यह स्पष्ट किया कि विदेशी धन के ज़रिए ज़बरन धर्म परिवर्तन कराने में शामिल व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विदेशी अंशदान विनियमन संशोधन (एफसीआरए) विधेयक, 2026 पेश करते हुए कहा था कि इस कानून का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और विदेशों से प्राप्त धन का उचित उपयोग सुनिश्चित करना है। विधेयक को लेकर विपक्ष के दावों के बारे में पूछे जाने पर रीजीजू ने कहा, केरल में वामपंथी दल और कांग्रेस ने कुछ अफ़वाहें फैलाई हैं कि भारत सरकार विभिन्न धार्मिक संगठनों की गतिविधियों को रोकने के लिए एफसीआरए संशोधन विधेयक ला रही है।

- केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया

### साहित्योत्सव में चौबीस लेखकों को मिला साहित्य अकादमी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** साहित्योत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को भारतीय भाषाओं के कुल 24 लेखकों और कवियों को साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कमानी सभागार में आयोजित समारोह में पुरस्कार पाने वालों में अंग्रेजी लेखक और पूर्व राजदूत नवतेज सरना शामिल थे, जिन्हें उनके उपन्यास 'क्रिमसन स्प्रिंग' के लिए पुरस्कार मिला और हिंदी लेखिका ममता कालिया को उनके संस्मरण 'जीते जी इलाहाबाद' के लिए पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार विजेताओं को एक पट्टिका, शॉल और एक लाख रुपये की राशि प्रदान की गई। कवि और साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने कहा कि योग्य व्यक्तियों को सम्मानित करना समाज का कर्तव्य है, अन्यथा समाज मूल्यों से विरक्त हो जाएगा। तिवारी ने अपने संबोधन में कहा, योग्य व्यक्तियों को पुरस्कार देना और सम्मानित करना समाज का दायित्व है। जो समाज योग्य व्यक्तियों का सम्मान नहीं करता, वह धीरे-धीरे मूल्यों से विरक्त हो जाता है और अंततः ढह जाता है।

अन्य विजेताओं में प्रसून बंद्योपाध्याय को बांग्ला में 'श्रेष्ठ कविता' के लिए सम्मानित किया गया। योगेश वैद्य को गुजराती में 'भट्टखाडकी', अमरेश नुगडोनी को कन्नड़ में 'दादा सीरिसु तंदे' और एन. प्रभाकरण को मलयालम में 'मायामनुष्यर' के लिए पुरस्कार मिला। राजू बाविस्कर को मराठी में 'कल्याणील्या रेशा', जिंदर को पंजाबी में 'सेफ्टी किट', जितेंद्र कुमार सोनी को राजस्थानी में 'भरखमा' और सा. तमिलसेलवन को तमिल में 'तमिज सिरुकथैयिन थडंगल' के लिए सम्मानित किया गया।

- नवतेज सरना, ममता कालिया ने भी ग्रहण किया पुरस्कार

### महाराष्ट्र : अश्विनी भिडे बीएमसी की पहली महिला आयुक्त बनीं



**मुंबई।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की वरिष्ठ अधिकारी अश्विनी भिडे को मंगलवार को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की पहली महिला आयुक्त नियुक्त किया गया। बीएमसी की स्थापना 1872 में हुई थी। यह भारत के सबसे पुराने स्थानीय स्व-शासी निकायों में से एक है। भिडे ने पदभार संभालने के बाद पत्रकारों से कहा कि उनका प्रयास महिला यात्रियों के लिए सार्वजनिक परिवहन की सुरक्षा में सुधार करना होगा। वह यह भी सुनिश्चित करेंगी कि मॉनसून शुरू होने से पहले शहर में नालों की सफाई का काम तेज गति से पूरा किया जाए। वर्ष 1995 बैच की आईएएस अधिकारी भिडे मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव थीं।

### चुनौतियों के बीच वीर विक्रम यादव बने डीजीसीए के नए प्रमुख



**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र में चुनौतियों के बीच वीर विक्रम यादव नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के नए महानिदेशक कार्यभार संभालने जा रहे हैं और फैज अहमद किदवई का स्थान लेंगे। किदवई के कार्यकाल में डीजीसीए ने कई चुनौतियों का सामना किया। इनमें पिछले साल दिसंबर में इंडिगो में की उड़ानों भारी बाधाएं, विभिन्न एयरलाइंस में चूक, गैर-अनुसूचित परिचालकों के विमानों की दुर्घटनाएं और जून, 2025 में एयर इंडिया के विमान की दुर्घटना शामिल है।ओडिशा कैडर के 1996 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी यादव वर्तमान में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हैं।

### अमरावती को आंध्र की राजधानी की मान्यता का विधेयक आज पेश कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रमुख घटक दल तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा) और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने की दिशा में अमरावती को आंध्र प्रदेश की एकमात्र और स्थायी राजधानी के रूप में मान्यता देने संबंधी विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश कर सकती है।

यह प्रस्तावित कानून अमरावती को एकमात्र और स्थायी राजधानी बनाने के निर्णय को भविष्य में बदल दिए जाने के किसी भी ऐसे प्रयास को रोक देगा, जैसा कि वाईएसआर कांग्रेस अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली पिछली सरकार द्वारा किया गया था। बीते 28 मार्च को राज्य विधानसभा ने भी एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें आंध्र प्रदेश की नयी राजधानी के रूप में 'अमरावती' का नाम शामिल करने के मकसद से आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा पांच में संशोधन के लिए केंद्र से अनुरोध किया गया।

वर्ष 2014 और 2019 के बीच विभाजित आंध्र प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री के रूप में तेदेपा प्रमुख नायडू ने घोषणा की थी कि अमरावती राज्य की राजधानी होगी और इसके विकास में बड़े पैमाने पर निवेश किया जाएगा। हालांकि, 2019 के विधानसभा चुनाव में तेदेपा ने सत्ता गवां दी और रेड्डी ने मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। अपने कार्यकाल के दौरान रेड्डी ने नायडू के फैसले को बदल दिया और घोषणा की कि आंध्र प्रदेश की तीन राजधानियां होंगी जिसके तहत विशाखापत्तनम को प्रशासनिक राजधानी, अमरावती को विधायी राजधानी और कुरनूल को न्यायिक राजधानी घोषित किया गया। वर्ष 2024 में सत्ता में लौटने के बाद नायडू ने घोषणा की कि अमरावती राज्य की एकमात्र राजधानी होगी।

- चंद्रबाबू नायडू का अमरावती को एकमात्र राजधानी बनाने का सपना होगा साकार

### सोनिया गांधी को अस्पताल से छुट्टी मिली

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को संक्रमण से ठीक होने के बाद मंगलवार सुबह सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सोनिया गांधी को बुखार की शिकायत के बाद 24 मार्च की रात 10:20 बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, अस्पताल में सात दिन उनका उपचार किया गया। अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार



सोनिया गांधी (79) का, एक गंभीर संक्रमण के लिए इलाज किया गया और एंटीबायोटिक दवाओं से उन्हें काफी फायदा हुआ।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# असम में पांच लाख करोड़ के निवेश और लव जिहाद पर कानून का वादा

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जारी किया भाजपा का घोषणापत्र

गुवाहाटी, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असम विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी किया। इसमें मूल निवासियों की जमीन, विरासत और सम्मान की सुरक्षा करने तथा बुनियादी ढांचा के लिए पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया गया है।

भाजपा के संकल्प पत्र में 31 वादे किये गए हैं, जिनमें बांग्लादेशियों द्वारा अतिक्रमण की गई जमीन की वापस लेना, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करना, लव जिहाद और लैंड जिहाद से निपटने को कड़े कदम उठाने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना शामिल है। घोषणापत्र में असम के मूल निवासियों की जमीन, विरासत और गरिमा की हिफाजत का वादा किया गया है, जिसके लिए आप्रवासी (असम से निष्कासन) अधिनियम, 1950 को लागू कर अवैध प्रवासियों की पहचान और उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर संविधान की छठी अनुसूची और जनजातीय क्षेत्रों को छोड़कर असम के लोगों की सभ्यता, विरासत और अधिकारों की रक्षा के लिए कानून को मजबूत करेगी, ताकि जातीय समुदायों के अधिकार सुनिश्चित किए जा सकें। मिशन वसुंधरा योजना के तहत अवैध प्रवासियों द्वारा किए गए हर इंच अतिक्रमण को हटाकर असम के सभी वास्तविक नागरिकों को भूमि अधिकार देने का वादा किया है।

#### खास वायदे

- समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर असम के लोगों की सभ्यता, विरासत और अधिकारों की रक्षा के कानून को मजबूत किया जाएगा।
- मिशन वसुंधरा योजना के तहत अवैध प्रवासियों द्वारा किए गए हर इंच अतिक्रमण को हटाकरवास्तविक लोगों को भूमि अधिकार दिलाया जाएगा।
- लव जिहाद और लैंड जिहाद की समस्या को समाप्त करने के लिए प्रभावी कानून बनाएगी, साथ ही मुक्त करायी जाएगी सत्रों, नामघरों, देवालयों और अन्य पूजा स्थलों की अतिक्रमित जमीन।



घोषणापत्र जारी करते वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और असम के सीएम हिमंत विश्वशर्मा।

### केरल: गरीबों को मुफ्त एलपीजी सिलेंडर और आर्थिक सहायता देने का वादा

**तिरुवनंतपुरम।** भाजपा नीत राजग ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसमें जरूरतमंद महिलाओं और 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को आर्थिक सहायता, गरीब परिवारों को हर साल दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, राज्य में एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान स्थापित करने और मंदिरों के संरक्षण का वादा किया गया है।

घोषणा पत्र में, तिरुवनंतपुरम को कन्नूर से जोड़ने वाले हाई-स्पीड रेलवे नेटवर्क, प्रत्येक परिवार के लिए 20,000 लीटर मुफ्त पानी और मुल्लापेरियार बांध के संबंध में तमिलनाडु के लिए पानी और केरल को सुरक्षा का भी वादा किया गया है। नवीन ने दावा किया कि केरल में दशकों से एलडीएफ और यूडीएफ की सरकार रहने के परिणामस्वरूप राज्य में नगण्य औद्योगिक विकास, आर्थिक ठहराव और राजकोषीय कुप्रबंधन हुआ है।

#### खास वायदे

- 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 3000 रुपये मासिक कल्याण पेंशन
- गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवार की प्रत्येक महिला को 2500 रुपये रिचार्ज वाला आरोग्य सुरक्षा कार्ड। इससे किराना वस्तुएं एवं दवाएं खरीदी जा सकेंगी।
- ओणम और क्रिसमस पर एक-एक मुफ्त एलपीजी सिलेंडर
- देवस्वओम बोर्ड का पुनर्गठन कर शबरिमा, गुरुवायूर और अन्य सभी पूजास्थलों का संरक्षण
- शबरिमला सोना चोरी मामले में समयबद्ध सीबीआई जांच के कराकर भ्रष्टाचार खात्मा करेंगे।

**सीएम की तलाशी**



तिरुचिरापल्ली में मंगलवार को चुनाव प्रचार के लिए तिरुवरूर जा रहे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के वाहन की तिरुची-नागपट्टिनम राजमार्ग पर अधिकारियों ने जांच की।

### कोलकाता में सैकड़ों बीएलओ ने सीईओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन, मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोप लगाए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के एक समूह ने मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झड़प भी हुई। विरोध प्रदर्शन के दौरान, सीईओ के कार्यालय की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय बलों के जवानों पर कथित तौर पर पथराव किया गया, जबकि पास में खड़े दोपहिया वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए बाद में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अतिरिक्त सुरक्षाबलों के साथ मौके पर पहुंचे।

### अवैध वोटरों को शामिल करने की कोशिश कर रही है भाजपा: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा बिहार, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अवैध मतदाताओं के नाम राज्य की मतदाता सूची में शामिल करने की कोशिश कर रही है ताकि चुनाव नतीजे को अपने पक्ष में मोड़ा जा सके।



ममता बनर्जी ने पश्चिम मेदिनीपुर के चंद्रकोना में एक चुनावी रैली में यह बात कही। उन्होंने रैली में अपनी अपील दोहराई कि जनता इस पर ध्यान न दे कि विधानसभा क्षेत्रों में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार कौन हैं बल्कि उन्हें ही सभी 294 सीटों पर उम्मीदवार मानें। तृणमूल प्रमुख ने कहा, कल अभिषेक बनर्जी ने मुझे बताया कि नए मतदाताओं को शामिल करने के लिए एक ही दिन में लगभग 30,000 फॉर्म जमा होने की सूचना मिलने पर उन्हें अपने चुनाव प्रचार कार्यक्रम के बीच से ही निर्वाचन आयोग कार्यालय जाना पड़ा।

#### सीईसी को तीखा पत्र

ममता बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को एक पत्र लिखकर तीखे लहजे में कहा कि जिनका बंगाल से कोई वैध संबंध नहीं है, उनसे संबंधित फॉर्म 6 के आवेदन अवैध, असंवैधानिक और मौलिक रूप से अलोकतांत्रिक हैं, जो दुर्भावनापूर्ण इरादे को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा बंगाल की सूची में बाहर से अवैध मतदाताओं को जबरदस्ती शामिल करने की कोशिश करती है तो लोग इसका विरोध करेंगे।

# पीएम मोदी चाहते हैं कि केरल में एलडीएफ जीते : राहुल

कन्नूर (केरल), एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) विधानसभा चुनाव जीते। उन्होंने यहां एक चुनावी सभा में यह आरोप दोहराया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) एलडीएफ और भाजपा की मिलीजुली ताकत से लड़ रहा है।

माकपा के दो पूर्व नेता कुन्हिकृष्णन और टीके गोविंदन भी मंच पर मौजूद थे। दोनों नेता यूडीएफ के समर्थन से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने कहा, यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। माकपा के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे और यूडीएफ



कन्नूर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ राहुल गांधी।

के बीच की लड़ाई है। पहली बार, हम भाजपा और वाम मोर्चे के बीच साझेदारी देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह काफी आश्चर्यजनक है कि एक वामपंथी पार्टी एक अति दक्षिणपंथी पार्टी के साथ गठबंधन कर रही है जबकि दोनों की विचारधारा एक-दूसरे बिल्कुल विपरीत है। गांधी ने कहा, तो सवाल यह है कि यह कैसे संभव है कि एक वामपंथी पार्टी एक दक्षिणपंथी पार्टी के साथ गठबंधन कर ले, यह एक पहेली की तरह है। उन्होंने कहा, इस पहेली के कुछ जवाब मंच पर बैठे हैं। आज यहां माकपा के दो दिग्गज नेता हैं। वे हमारे मंच पर क्यों बैठे हैं और माकपा और मुख्यमंत्री के लिए प्रचार नहीं कर रहे हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि जिसे आज वाम मोर्चा कहा जाता है वह अब वामपंथी या मध्यमार्गी गठबंधन नहीं है। उन्होंने कहा, वास्तव में, वे भाजपा के साथ हैं क्योंकि वे कॉर्पोरेट पार्टियां हैं। वे अब लोगों की पार्टियां नहीं हैं।

- कांग्रेस नेता का आरोप, कॉर्पोरेट से जुड़ाव के चलते अति दक्षिणपंथी पार्टी और वामपंथी पार्टी एक साथ

# अमृत विचार

बुधवार, 1 अप्रैल 2026




जीवन के प्रति निराशा के बिना जीवन के प्रति प्रेम संभव नहीं है।
-अल्बेयर कामू, फ्रांसीसी दार्शनिक



## सफाए के बाद सवाल

गृहमंत्री अमित शाह ने देश को नक्सलियों से मुक्त होने के घोषणा कर दी। 24 अगस्त 2024 को उन्होंने प्रण लिया था कि 31 मार्च तक वे देश से नक्सल समस्या का खात्मा कर देंगे और उसके एक दिन पहले लोकसभा में यह घोषणा की। निःसंदेह देश में अब भी दो प्रमुख नक्सली कमांडर, कुछ एरिया कमेटियां और चंद नक्सली बाकी हैं। जल्द ही इनकी भी गिरफ्तारी, समर्पण अथवा खात्मा होने के बाद आधिकारिक तौर पर यह कहा जा सकता है कि दुनिया का सबसे लंबे समय से चल रहा माओवादी उग्रवाद का अवसान हो चुका है।

निश्चित तौर पर छह दशक से चल रही, इस समस्या के निवारण का श्रेय केंद्रीय गृहमंत्री को जाता है, जिनकी नीति अनुसार सुरक्षाबलों, जंगलों में गुरिल्ला लड़ाई के लिए विशेष प्रशिक्षित बलों, राज्य की पुलिस इकाइयों ने मिलकर उस काम को अंजाम दिया, जो कुछ ही बरस पहले तकरीबन असंभव माना जा रहा था। 2019 से 2026 के बीच 7049 नक्सली गिरफ्तार किए गए और 5880 ने आत्म समर्पण किया। गृहमंत्री के प्रण के बाद तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर 23 मई 2025 को 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान कई हार्डकोर नक्सलियों की मौत ने उनकी कमर तोड़ दी। इसी साल कई कमांडरों के साथ 317 नक्सली मारे गए, 800 पकड़े और 2300 ने सरेंडर किया। सुरक्षा बलों ने 2024 के बाद से 748 गुरिल्लों को मार कर कीर्तिमान बनाया। इन सबके चलते बीते महीने तक, माओवादी गतिविधियों वाले जिलों की संख्या 800 से घटकर केवल सात रह गई। इस बरस के पहले तीन महीनों में ही तकरीबन 700 नक्सलवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटे। सरकार के प्रलोभन और प्रताड़ना, पुचकारने और फटकारने वाली नीति भी सफल रही। उसने पिछड़े जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बैंकिंग और मोबाइल कनेक्टिविटी मिशन चलाया। सख्ती बढ़ाने के साथ नक्सलियों के लिए सरेंडर और रिहैबिलिटेशन पॉलिसी, नकद प्रोत्साहन का लालच, नौकरी, कौशल प्रशिक्षण की बात की और समझा दिया कि अन्याय का समाधान संविधान में है, हथियार में नहीं। इन सबका फलितार्थ आज सामने है और नक्सलवाद की बस चंद सांसें ही बची हैं।

इस समाधान के पश्चात भी कुछ सवाल शेष हैं। क्या 'जंगल राज' के अंत के बाद आदिवासी क्षेत्रों में 'न्याय का राज' स्थापित होगा, या उसकी जगह 'खनन राज' ले लेगा? देश के लगभग 40 प्रतिशत खनिज भंडार आदिवासी बहुल क्षेत्रों में स्थित हैं और स्वतंत्रता के बाद विकास परियोजनाओं के नाम पर करोड़ों लोगों के विस्थापन का इतिहास हमारे सामने है, जिनमें बड़ी संख्या आदिवासियों की ही है। नक्सलवाद के खात्मे के बाद इन क्षेत्रों में केवल सड़कें, खदानें और उद्योग ही दिखाई दें और सामाजिक न्याय, स्थानीय भागीदारी न आए, तो इस शांति के स्थायित्व पर शंका बनी रहेगी। यदि विकास आदिवासियों की सहमति और भागीदारी के बिना थोपा गया, तो यह असंतोष को जन्म दे सकता है और बेशक उपेक्षा और अन्याय विद्रोह की जमीन तैयार करते हैं। नक्सल विचारधारा से सहानुभूति रखने वाले ग्रामीण और आदिवासी अभी मौजूद हैं, इसलिए नक्सलवाद भले मरे पर विचारधारा जिंदा रही, तो वह फिर हिंसक या अहिंसक रूप सामने आ सकती है।

### प्रसंगवश

## अमेरिकी लेखिका कैथरीन को जवाब थी 'मदर इंडिया'

1957 में रिलीज हुई महबूब खान निर्देशित कालजयी हिट फिल्म मदर इंडिया एक ऐसी ग्रामीण भारतीय नारी की कहानी थी, जो गरीबी, शोषण और संघर्ष से जूझते, अदम्य साहस का परिचय देते हुए अंत में अपने विद्रोही बेटे बिरजू को मार देती है। यह फिल्म 1940 में महबूब खान द्वारा ही बनाई गई फिल्म 'औरत' का रीमेक थी। यह एक ऐसी फिल्म थी, जिसने सामाजिक मुद्दों, जमींदारी और मातृत्व के चित्रण को दर्शकों के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

यह फिल्म अमेरिकी लेखिका कैथरीन मायो की 1927 में छपी विवादास्पद पुस्तक 'मदर इंडिया' का जवाब थी, जिसमें भारतीय समाज व संस्कृति को गलत ढंग से पेश किया गया था। पुस्तक में भारतीय महिलाओं की दुर्दशा, अछूतों के प्रति भेदभाव और राजनेताओं पर हमला किया गया था। महबूब खान को फिल्म बनाने और उसके शीर्षक का ख्याल 1952 में आया था। खान ने फिल्म बनाकर भारतीय महिलाओं की ताकत को पुरजोर ढंग से दिखाने का प्रयास किया था।



दीपक नौगांई
लेखक

फिल्म में राधा का मुख्य किरदार नरगिस द्वारा निभाया गया था। यह एक ऐसा किरदार था, जो आज भी उनके जीवंत अभिनय के लिए याद किया जाता है। नरगिस महबूब खान की 1943 में बनी फिल्म तकदीर में काम कर चुकी थीं। उस समय हिंदी फिल्मों में नरगिस बहुत लोकप्रिय थीं। मदर इंडिया का रोल नरगिस के लिए बहुत अहम था। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, 'जब मुझे मदर इंडिया का रोल दिया गया, तब मुझे लगा कि एक कलाकार होने के नाते मैंने जो उम्मीदें लगा रखी हैं, आखिर उनके पूरे होने का वक्त आ गया।' इस फिल्म में उनके बेटे की भूमिका सुनील दत्त (बिरजू) तथा राजेंद्र कुमार (रामू) ने निभाई थी। अभिनेता राजकुमार ने फिल्म में नरगिस के पति की तथा कन्हैयालाल ने जमींदार सूखीलाल का अभिनय किया था। फिल्म का बजट 25 लाख रखा गया था, जो बाद में बढ़कर 60 लाख हो गया। फिल्म बनाने में पूरे तीन साल लगे थे और लगभग 100 दिनों में शूटिंग हुई थी। फिल्म में मदर इंडिया की भूमिका निभाने वाली नरगिस एक्टर सुनील दत्त और राजेंद्र कुमार की हमउम्र थीं। इस फिल्म के सेट पर ही नरगिस और सुनील दत्त के बीच प्यार परवान चढ़ा था। कहते हैं, आग के एक दृश्य की शूटिंग के दौरान नरगिस आग में फंस गईं थीं, तब सुनील दत्त ने उन्हें आग से निकाला था। इसी दौरान वे करीब आए और बाद में उन्होंने शादी कर ली। 1958 में मदर इंडिया को तीसरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया था। यह उस समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी और जिसने बेस्ट फिल्म और बेस्ट एक्ट्रेस सहित कई फिल्म फेयर पुरस्कार जीते। फिल्म भारत की ओर से प्रतिष्ठित ऑस्कर पुरस्कार के लिए नामित होने वाली पहली फिल्म थी।

फिल्म के गीत बहुत लोकप्रिय हुए थे। शकील बदायूंनी के लिखे गीतों को नौशाद ने सुरों में बांधा था। नौशाद के संगीत की खूबी यह थी कि वे अपनी धुनों में लोक संगीत को बड़ी कुशलता से इस्तेमाल करते थे। फिल्म में कुल 12 गाने थे, जिनमें 'दुनिया में हम आए हैं', 'दुख भरे दिन बीते रे भैया', तथा 'होली आई रे कन्हाई' बहुत चर्चित रहे थे। फिल्म के ज्यादातर गीत शमशाद बेगम, मोहम्मद रफ़ी और मन्ना डे से गंवाए गए, जबकि नरगिस पर फिल्माए गीतों को लता मंगेशकर ने अपनी मधुर आवाज दी। फिल्म का छायांकन फरदून ए ईरानी ने किया था, जिनके साथ महबूब पहले भी फिल्म बना चुके थे। फिल्म में फरदून का छायांकन इतना बेहतर था कि गांव-देहात के दृश्य बड़े जीवंत होकर उभरते हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# युद्धः ताकत, रणनीति और जिद के बीच फंसी दुनिया





राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

> ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच चल रहा यह संघर्ष पारंपरिक युद्ध से कहीं ज्यादा जटिल है। इस युद्ध का सबसे बड़ा असर उन देशों पर भी पड़ रहा है, जो सीधे इसमें शामिल नहीं हैं।

मध्य-पूर्व एक बार फिर उस उबाल पर है, जहां हर मिसाइल सिर्फ सीमाओं को नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और आने वाले समय की दिशा को प्रभावित कर रही है। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच चल रहा यह संघर्ष पारंपरिक युद्ध से कहीं ज्यादा जटिल है। यह एक ऐसी लड़ाई है, जिसमें हर पक्ष जीत को अलग तरीके से परिभाषित कर रहा है। कोई वर्चस्व चाहता है, कोई सुरक्षा और कोई सिर्फ अपने अस्तित्व को बचाए रखना।

इस संघर्ष की पृष्ठभूमि दशकों पुरानी है। 1979 की ईरानी क्रांति के बाद से अमेरिका और ईरान के रिश्तों में अविश्वास स्थायी हो गया। इजराइल के लिए ईरान हमेशा एक संभावित खतरा रहा, खासकर उसके परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल क्षमता के कारण। समय के साथ ईरान ने अपने प्रभाव का विस्तार लेबनान, सीरिया, यमन और गाजा तक किया, जिससे यह टकराव केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे क्षेत्र में फैल गया। आज की स्थिति उसी लंबे तनाव का परिणाम है, जहां हर पक्ष, दूसरे को सीमित या कमजोर करना चाहता है।

अमेरिका इस युद्ध में सबसे उलझी हुई स्थिति में दिखता है। उसका घोषित उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना है, लेकिन व्यवहार में उसके लक्ष्य कई परतों में बंटे हुए हैं। कभी वह सिर्फ सैन्य क्षमता घटाने की बात करता है, कभी ईरान की क्षेत्रीय पकड़ खत्म करने की और कभी सीधे सत्ता परिवर्तन की उम्मीद जताता है। यही अस्पष्टता उसकी रणनीति को कमजोर बनाती है। दूसरी तरफ घरेलू दबाव भी कम नहीं है। तेल की बढ़ती कीमतें, महंगा सैन्य अभियान और एक और लंबे मध्य-पूर्वी युद्ध में फंसने का डर। ऐसे में अमेरिका के लिए जीत को परिभाषित करना ही सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।

इजराइल इस युद्ध में सबसे स्पष्ट लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उसके लिए ईरान की मिसाइल क्षमता और परमाणु कार्यक्रम सीधा अस्तित्व का सवाल है, इसलिए उसकी रणनीति बेहद आक्रामक और सटीक है-मिसाइल ठिकानों को नष्ट करना, कमांड सिस्टम तोड़ना और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के नेटवर्क को कमजोर करना। इजराइल सिर्फ तत्काल नुकसान पहुंचाना नहीं चाहता, बल्कि वह एक दीर्घकालिक डिटरेंस यानी ऐसा डर कि ईरान भविष्य में दोबारा ऐसी ताकत खड़ी करने से पहले कई बार सोचे, बनाना चाहता है, इसीलिए वह युद्ध को जल्दी खत्म करने के बजाय अपनी शर्तों पर समाप्त करना चाहता है।

ईरान इस संघर्ष को अलग नजरिए से देख रहा है। उसके लिए यह जीत-हार की लड़ाई नहीं, बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है। वह जानता है कि पारंपरिक युद्ध में वह अमेरिका या इजराइल का मुकाबला नहीं कर सकता, इसलिए उसने अपनी रणनीति को 'असममित युद्ध' पर आधारित किया है। यहीं पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आता है। यह सिर्फ एक सैन्य संगठन नहीं, बल्कि एक वैचारिक और रणनीतिक ढांचा है, जिसके पास अपनी थल, वायु और नौसेना, मिसाइल प्रोग्राम, ड्रोन तकनीक और अंतर्राष्ट्रीय प्रॉक्सी नेटवर्क है। आईआरजीसी ने ईरान को एक हाइब्रिड वॉर मशीन में बदल दिया है- जहां ड्रोन, गुरिल्ला रणनीति और प्रॉक्सी समूह मिलकर युद्ध को लंबा और महंगा बनाते हैं। ईरान के लिए यही रणनीति सबसे बड़ी सुरक्षा है। वह जानता है कि अगर वह टिक गया, तो वह इस युद्ध को अपनी जीत के रूप में पेश कर सकता है।

इस युद्ध का सबसे बड़ा असर उन देशों पर पड़ रहा है, जो सीधे इसमें शामिल नहीं हैं। सऊदी अरब, यूएई और कतर जैसे देश लगातार हमलों और अस्थिरता का सामना कर रहे हैं। उनके लिए सबसे बड़ा खतरा आर्थिक है- तेल आपूर्ति, निवेश और क्षेत्रीय स्थिरता पर असर। होर्मुज़ जलडमरूमध्य इस पूरे संघर्ष का सबसे संवेदनशील बिंदु बन गया है। दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल इसी रास्ते से गुजरता है। अगर यह मार्ग बाधित होता है, तो इसका असर तेल की कीमतों से लेकर सप्लाई चेन तक, पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। यानी यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य नहीं, बल्कि आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे पर भी लड़ा जा रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यही है कि यह युद्ध कब और कैसे खत्म होगा। फिलहाल तीन संभावनाएं दिखती हैं। पहली, अगर किसी तरह का कूटनीतिक समझौता होता है-हालांकि मौजूदा हालात में इसकी संभावना सीमित है। दूसरी, अगर सभी पक्ष युद्ध से थक जाएं और एक अनौपचारिक विराम बन जाए। तीसरी, अगर इजराइल, ईरान की सैन्य क्षमता को काफी हद तक कमजोर कर दे और ईरान सिर्फ टिके रहने को अपनी जीत मान ले, लेकिन सच्चाई यह है कि इस संघर्ष का कोई स्पष्ट और स्थायी अंत नजर नहीं आता। यह युद्ध रुक भी जाए, तो दूसरे रूप में जारी रह सकता है- प्रॉक्सी युद्ध, साइबर हमले या आर्थिक टकराव के रूप में।

ईरान युद्ध को समझने के लिए सिर्फ यह देखना काफी नहीं कि कौन किस पर हमला कर रहा है। असली कहानी यह है कि हर पक्ष क्या हासिल करना चाहता है और किस हद तक जाने को तैयार है। अमेरिका व्यवस्था बदलना चाहता है, इजराइल खतरा खत्म करना चाहता है और ईरान सिर्फ टिके रहना चाहता है। यही तीनों लक्ष्य इस युद्ध को लंबा और जटिल बना रहे हैं। दुनिया इस आग को जल्दी बुझते देखना चाहती है, लेकिन मध्य-पूर्व का इतिहास बताता है- यहां युद्ध खत्म नहीं होते, सिर्फ अपना रूप बदलते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने



आजकल दिल्ली में कोई भी उन पर ध्यान नहीं दे रहा है। कभी-कभी तो मुझे बड़ा तरस आता है। वैसे आप वरिष्ठ नेता हैं, मेरी संवेदनाएं आपके साथ हैं। आपने जैसा किया, वैसा आप भर रहे हैं। यह तो समय है, बड़ा बलवान है। आपने तड़पाया तो तड़पना तो आपको भी पड़ेगा।

-भजनलाल शर्मा
मुख्यमंत्री, राजस्थान


### सामने

मुख्यमंत्री को कांग्रेस पार्टी के अंदरूनी मामलों पर अटकलें लगाने के बजाय शासन पर ध्यान देना चाहिए। कौन हमारी बात पर ध्यान दे रहा है या नहीं, यह आपकी चिंता का विषय नहीं है। ये हमारे अंदरूनी मामले हैं। आपको अपनी सरकार से जुड़े सवालों के जवाब देने चाहिए।

-अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



# पश्चिम एशिया युद्ध में एआई का जमकर प्रयोग



रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

> प्रमुख अमेरिकी टेक कंपनियों ने इज़राइली सेना को कमर्शियल एआई मॉडल और क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान की हैं। इसने बमबारी अभियानों को सशक्त बनाया है।

ऐसी सूचनाएं हैं, माइक्रोसॉफ्ट और ओपन एआई सहित प्रमुख अमेरिकी टेक कंपनियों ने इज़राइली सेना को कमर्शियल एआई मॉडल और क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान की हैं। यह ऐसी टेक्नोलॉजी है, जिसने गाज़ा और लेबनान में बमबारी अभियानों को चुपचाप सशक्त बनाया है। सन् 2024 की शुरुआत में, इज़राइली मीडिया में ऐसी रिपोर्टें सामने आई थी, जिनसे अनुमान लगाया गया कि इज़राइल गाज़ा में बमबारी के लक्ष्यों को चुनने में मदद के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहा है। इज़राइल, हमास और हिज़्बुल्लाह के साथ अपने युद्ध में अमेरिकी टेक दिग्गजों के कमर्शियल एआई मॉडलों का इस्तेमाल कर रहा था। बताया गया था कि माइक्रोसॉफ्ट के एज़र प्लेटफ़ॉर्म पर बने अमेरिकी मॉडल इज़राइल के एआई सिस्टम के साथ एकीकृत किए गए थे, जिससे कमर्शियल एआई टेक्नोलॉजी का इजराइली सेना द्वारा इस्तेमाल लगभग 200 गुना बढ़ गया था।

अमेरिकन नेवी और एयरफोर्स ने प्रमुख रूप से एन्थ्रोपिक द्वारा विकसित क्लॉड का उपयोग ईरान और वेनेज़ुएला में युद्ध अभियानों के समर्थन में रीयल-टाइम टारगेटिंग और प्राथमिकता तय करने के लिए किया है। क्लॉड, मावेन स्मार्ट सिस्टम में एंबेडेड है, जो सेटेलाइट और अन्य खुफिया डेटा से संभावित लक्ष्यों की पहचान करने के लिए एआई एल्गोरिदम का उपयोग करता है, जोकि मिलिट्री कमांड और कंट्रोल के लिए इस्तेमाल होता है। पालांतीर का मावेन स्मार्ट सिस्टम इमेज प्रोसेसिंग और सामरिक सहायता सहित विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए एआई का उपयोग करता है, जिससे लक्ष्यों का सुझाव देकर और उन्हें प्राथमिकता देकर हमले की क्षमताओं में तेज़ी आती है।

पश्चिम एशिया में मौजूदा सशस्त्र संघर्ष के दौरान अमेरिका की नेवी और एयरफोर्स ने एआई का जम कर इस्तेमाल किया है। यह अनेक स्तरों पर हुआ है- व्यूह-रचना और हमले की योजना बनाने के लिए, हमलों की कामयाबी परखने के लिए, युद्ध किस दिशा में जाएगा, यह जानने के लिए और कौन से अस्त्र ईरानी ठिकानों पर सटीक निशाना लगा कर उन्हें तबाह कर सकते हैं आदि की सटीकता की जांच करने के लिए और खुद अपने बचाव की रणनीति अपनाने के लिए भी। दूसरी ओर, ईरान ने तेहरान में पिछले दसेक साल में अपना जो विशाल डाटा सेंटर खड़ा किया था, उससे भी ईरानी कमांडरों और नेताओं ने बहुत मदद ली है। इस डाटा और प्रोसेसिंग सेंटर ने दुनियाभर से इनफार्मेशन डाउनलोड करके, ख़ुफ़िया तरीके से या खरीद कर जैसे भी, से प्रोसेस किया होगा, उसके बारे में हम सोच भी नहीं सकते। मुझे इसका थोड़ा सा अनुमान तीनेक साल पहले लगा था, तब मैं तेहरान के डाटा एंड प्रोसेसिंग सेंटर की क्षमता देखकर हैरान हुआ था। प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने ईरानियों को उसी तरह से बेवकूफ और नालायक समझा था, जैसा सद्दाम हुसैन को, और सोचा था कुवैत और इराक में जो किया वैसा ही रिजल्ट अब मिलेगा। उत्तरी विएतनाम के विएतकॉंग्स ने छापामार युद्ध करके अमेरिका के छक्के छुड़ाए थे। तब प्रीसीजन बम और कंप्यूटर टेक्नोलॉजी का विकास नहीं हुआ था। न ही अमेरिका की चिप बनाने वाली कंपनियां सन् 1980 तक ऐसी चिप बनाने में सक्षम हुईं थीं, जिन्हें मिसाइल गाइडेंस और टारगेट पहचान के लिए इस्तेमाल किया जा सके।

चालू युद्ध में हाई-टेक अमेरिका की हिम्मत नहीं हो रही है। वे मरींस को ईरानी मुख्य भूमि पर उतारें और इन्फेंट्री, आर्टिलरी और आर्मर्ड डिवीज़न को लगा दें। बेशक अमेरिका के पास ईरान और आसपास के इलाके के उच्च गुणवत्ता वाले सेटेलाइट इमेजेज हैं और उन्होंने अपने जासूसी उपग्रहों को ईरान के ऊपर फिक्स कर दिया है, लेकिन युद्ध में असल मायने रखता है, हमला कहां से, कब और कितनी ताकत से होना है, इसकी जानकारी होना। इस युद्ध में छलावा तकनीक भी इस्तेमाल हो रही है। बावजूद इसके कि एआई रिसोर्सेज को अमेरिका ने पूरी तरह झोंक दिया है। वह ईरानी गाड्र्स की युद्ध नीति और मूवमेंट पर पूरी नज़र रखने में अक्षम नज़र आता है। युद्ध के दौरान कम लागत, कम समय में लक्ष्य को प्राप्त करने वाले उपयुक्त फ़ैसले तभी लिए जा सकते हैं, जब जानकारी काफ़ी हो, चाहे ग्राउंड बेस्ड रिसोर्सेज से हों या, रिमोट रिसोर्सेज से। ईरान द्वारा बहरीन में अमेज़न का क्लाउड सेंटर उड़ाना इसी योजना का हिस्सा है। हैरानी की बात है कि लॉजिस्टिक्स की कमी के चलते भी ईरान ने अमेरिका, इजराइल और इनके समर्थक अरब देशों में महत्वपूर्ण इंस्टालेशन और प्रॉपर्टी को ध्वस्त किया है। युद्ध में सटीक सूचनाएं मिलना एक जोखिम वाला काम है, फिर भी कुछ सूचनाएं बाहर आ रही हैं। बहुत सी तो अमेरिकी सूचना तंत्र से हैं, वेस्टर्न यूरोपियन मीडिया प्रतिनिधियों के हवाले से हैं और अंतर्राष्ट्रीय सूचना एजेंसीज के माध्यम से भी। ताक़तवर लोगों के पास हालात को तोड़-मरोड़कर पेश करने की वजहें होती हैं, इसलिए संघर्ष से जुड़ा डाटा देने वाली संस्थाएं ख़बरों, रिपोर्टों, स्थानीय स्रोतों और जानकारियों का विश्लेषण करने के लिए इंसानी कोडर्स का इस्तेमाल करती हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## स्त्री के हिस्से की प्रतिक्रियाएं



आशिमा आशी
वरिष्ठ पत्रकार

स्त्रियों के मामले में इस समाज की फिक्र और यक़ीन perfect victim औरतों के लिए reserve हैं। इस सड़े समाज में मज़बूत लड़कियों के साथ बुरे से बुरा हो गया, लेकिन पहला सवाल उसकी मजबूती पर हुआ, फिर एक बड़े तबके ने उन पर यक़ीन करने से इंकार किया, फिर एक तबके ने उन्हें नीचा दिखाना, उनकी बेइज्जती करना, उनकी सरेआम witch hunting करना अपना पुश्तैनी अधिकार समझा, एक तबका तो ख़ैर ये मानकर चला कि इस तरह की लड़कियों को इन सब से तकलीफ़ होती ही नहीं।

सांत्वना के सारे शब्द कुर्बानी देने वाली, so called सब सह लेने वाली संस्कारी और performative औरतों के हिस्से आए, भले ही इनमें से बहुतों ने अपने privileges की ख़ातिर ये सब किया, लेकिन सब अनदेखा कर दिया गया। आपने मजबूती चुनी, आज़ादख्याली चुनी, तो तकलीफ़ के सुबूत हर क़दम मांगे जाएंगे, या फिर मान ही नहीं सकते कि आपको भी तकलीफ हो सकती है।

कभी कोई जिम जाने वाली लड़की कह दे कि उसे डर लग रहा है, तो सबसे पहली प्रतिक्रिया हंसने की आती है।

दिल दुख से भर जाता है जब कोई आपका अपना कहे कि उसको तुम्हारी कभी फिक्र नहीं करनी पड़ी, क्योंकि उसे पता था कि तुम ख़ुद को संभाल लोगी, मजबूती से मुसीबत का सामना कर लोगी, अपने लिए स्टैंड ले लोगी, देर-सवेर सब ठीक कर ही लोगी, लेकिन ये सब करने में तुम्हें बीमार कर देने की हद तक तकलीफ़ होगी, कोई नहीं मानेगा। धीरे धीरे मजबूती की पहली पहचान यही बन जाएगी कि आपकी फिक्र ही नहीं की जा रही, सब मान कर चल रहे हैं कि तुम तो ठीक ही हो।

बहुत समय नहीं बीता, जब देश की मेडलधारी पहलवान लड़कियां अपने शोषण के ख़िलाफ़ खड़ी हुईं। तब उनका भी बहुत लोगों ने यह कह कर मजाक उड़ाया था कि इतनी पहलवान बनती हैं, इनको कौन प्रताड़ित कर लेगा और इनको प्रताड़ित होता देख एक तबके को सबसे ज़्यादा मज़ा आया।

यह बात सच है कि कमज़ोर लड़कियां narcissistic abuse की आसान शिकार रहीं, लेकिन एब्यूज करने वालों ने सबसे ज्यादा pleasure मजबूत लड़कियों को बेइंतहा तकलीफ़ देकर पाया।

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## सरल कर्ज के मायाजाल में जकड़ रहे हैं लोग

आज देश में 'सरल कर्ज' की नीति को विकास और आर्थिक समावेशन के नाम पर तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। बैंक, माइक्रो-फाइनेंस संस्थान और डिजिटल लोन ऐप्स मिनटों में कर्ज देने का दावा कर रहे हैं। 'अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें', 'शून्य ब्याज EMI', 'बिना दस्तावेज़ लोन' जैसी योजनाएं आम लोगों को आकर्षित कर रही हैं, लेकिन इस आसान कर्ज की संस्कृति कहीं देश को आर्थिक रूप से कमजोर करने की दिशा में तो नहीं ले जा रही— यह सवाल अब गंभीर बहस का विषय बनता जा रहा है।

पहले कर्ज एक जिम्मेदारी माना जाता था। व्यक्ति कर्ज लेने से पहले कई बार सोचता था और केवल आवश्यकता होने पर ही ऋण लेता था, लेकिन अब कर्ज को जीवनशैली का हिस्सा बना दिया गया है। मोबाइल फोन, कार, फर्नीचर, पर्यटन, शादी-समारोह, हर चीज के लिए कर्ज आसानी से उपलब्ध है। परिणामस्वरूप लोगों की आय का बड़ा हिस्सा ईएमआई में चला जाता है और बचत की प्रवृत्ति कमजोर होती जा रही है। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरनाक है। जब बड़ी संख्या में लोग कर्ज चुकाने में असमर्थ होते हैं, तो बैंकों का एनपीए (Non-Performing Assets) बढ़ता है। इससे बैंकिंग प्रणाली पर दबाव बढ़ता है और अंततः सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ता है। यह बोझ अंततः करदाताओं पर ही पड़ता है। इस प्रकार आसान कर्ज का भार पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।



आकाश सपेलकर
वकील, सुप्रीम कोर्ट

सरकारें भी लोकप्रियता हासिल करने के लिए समय-समय पर कर्ज माफी योजनाएं और आसान ऋण वितरण योजनाएं लागू करती हैं। अल्पकालिक दृष्टि से यह कदम राहत देने वाले प्रतीत होते हैं, लेकिन दीर्घकाल में यह वित्तीय अनुशासन को कमजोर करते हैं। इससे कर्ज लौटाने की जिम्मेदारी की भावना कम होती है और आर्थिक व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

सरल कर्ज का सबसे घातक रूप घरेलू स्तर पर दिखता है। सरकारी योजनाओं, जैसे- पीएम किसान सम्मान निधि या मुद्रा लोन के नाम पर किसानों और छोटे व्यापारियों को आसानी से ऋण मिलता है, लेकिन बिना वित्तीय साक्षरता के ये कर्ज डूब जाते हैं। नेशनल सैंपल सर्वे के अनुसार, 40% से अधिक किसान कर्ज के जाल में फंसे हैं, जो आत्महत्याओं का कारण बन रहा है। सरल कर्ज विकास का वरदान लगता है, लेकिन वास्तव में यह निर्भरता का जाल बुनता है, जिसमें ब्याज चक्रवृद्धि होकर परिवार को बर्बाद कर देता है। क्या यह सुनियोजित है? कुछ अर्थशास्त्री इसे 'ऋण जाल' (Debt Trap Diplomacy) कहते हैं। चीन का बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव अफ्रीका और एशिया में कई देशों को इसी तरह फंसाकर बंदरगाह हड़प चुका है। भारत में भी बड़े विदेशी निवेशक सरल कर्ज देकर संपत्ति पर कब्जा जमाने को उत्सुक हैं। अगर समय रहते नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियां कर्ज के बोझ तले दबी रहेंगी। टैक्स बढ़ेंगे, सब्सिडी कटेंगी और विकास रुक जाएगा।

डिजिटल लोन ऐप्स ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। कई ऐप्स अत्यधिक ब्याज दरों पर कर्ज देते हैं और भुगतान में देरी होने पर मानसिक दबाव और धमकियों का सहारा लेते हैं। इससे आम नागरिक आर्थिक संकट के साथ-साथ मानसिक तनाव का भी देश का युवा अक्सर अपनी अनावश्यक आवशकता के लिए सरल माध्यम से कर्ज लेता है और निजी संस्थान के लालच पर आकर फंसता जाता है। वैश्विक सत्तर पर भी देखा गया है कि लोगों ने आत्महत्या की, जिसका मुख्य कारण बैंको द्वारा कर्ज था। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।



## सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय प्रतिभाओं को मिलता है मौका

नगर पालिका परिषद के सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय प्रतिभाओं को मौका मिलता है। यहां लोक कला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भरमार रहती है। काव्य गोष्ठियां, लोक गायन, नृत्य, नाट्य मंचन, शायरी और स्कूली बच्चों के कार्यक्रम इस मेले को जीवंत बना देते हैं। यह मंच स्थानीय और क्षेत्रीय प्रतिभाओं को अपनी कला दिखाने का सुनहरा अवसर देता है।


# आस्था, परंपरा का अद्भुत संगम चैती मेला

गोला गोकर्णनाथ की पावन धरती पर जब चैत्र की मंद बयार बहती है, तो वातावरण में भक्ति, उल्लास और लोकजीवन की मधुर गूंज एक साथ सुनाई देने लगती है। गोकर्णनाथ महादेव मंदिर की घंटियों की अनुगूंज के बीच सजी यह नगरी मानो समय के किसी प्राचीन अध्याय में प्रवेश कर जाती है, जहां हर कदम पर आस्था की छाप और हर चेहरे पर उत्सव की आभा झलकती है।

*– विकास शुक्ल*
*लखीमपुर खीरी*

इसी पावन भूमि पर सदियों से सजी आ रही है चैती मेले की वह परंपरा, जिसने समय के साथ न केवल अपनी पहचान बनाई, बल्कि लोकसंस्कृति के संरक्षण का एक जीवंत माध्यम भी बन गई। वर्ष 2026 में यह मेला अपने 121 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए इतिहास और वर्तमान के अद्भुत संगम का साक्षी बन रहा है। यह मेला केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भावनाओं, रंगों और रचनात्मकता का विशाल उत्सव है। यहां जब लोकगायक अपनी स्वर लहरियों में गांव की मिट्टी की महक घोलते हैं, तो श्रोता अनायास ही उस सांस्कृतिक विरासत में डूब जाते हैं। काव्य गोष्ठियों में शब्दों की सरिता बहती है, तो नाट्य मंचन और नृत्य प्रस्तुतियां जीवन के विविध रंगों को साकार करती हैं।

मेले की गलियों में चलते हुए ऐसा प्रतीत होता है मानो हर दुकान, हर झूला, हर स्वर किसी कहानी का हिस्सा हो। एक ऐसी कहानी, जो पीढ़ियों से कही-सुनी जाती रही है। लकड़ी से बनी वस्तुएं, क्राकरी, हस्तशिल्प की निपुणता और सोफ्टी का स्वाद इस मेले को केवल व्यापार का नहीं, बल्कि जीवन के उत्सव का केंद्र बना देती है। भीड़ का बढ़ता सैलाब यह बताता है कि बदलते समय के बावजूद इस मेले की आत्मा आज भी वैसी ही है, अडिग, जीवंत और आत्मीय। यहां आने वाला हर व्यक्ति केवल दर्शक नहीं रहता, बल्कि इस परंपरा का एक हिस्सा बन जाता है। बहरहाल, गोकर्णनाथ का चैती मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समय की धारा में बहती वह सांस्कृतिक कविता है, जो हर वर्ष नए भाव, नए रंग और नई ऊर्जा के साथ जनमानस को जोड़ती है और यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है।



### पहली बार पर्यटन विभाग से मिले 40 लाख रुपये

नगर पालिका परिषद का ऐतिहासिक चैती मेला करीब 121 साल पुरानी परंपरा है, लेकिन पहली बार पर्यटन विभाग ने 40 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह राशि जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद लखीमपुर खीरी को जारी होने से मेले की व्यवस्थाएं अब और अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और दर्शनीय हो गई हैं। इस धनराशि के पारदर्शी उपयोग के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एक समिति गठित कर दी है, जिसकी कमान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह को अध्यक्ष के रूप में सौंपी गई है। समिति में वरिष्ठ कोषाधिकारी, एसडीएम गोला, पीडी-डीआरडीए, पर्यटन अधिकारी और ईओ गोला को सदस्य बनाया गया है।




### शिव मंदिर कॉरिडोर से बढ़ेगा मेले का आकर्षण

चैती मेला की परंपरा के पीछे गहरी आस्था जुड़ी हुई है। होली के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिए जाते हैं और वहां से लौटकर छोटी काशी में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। इसी धार्मिक परंपरा के चलते हर वर्ष श्रद्धालु मां पूर्णागिरि से लौटकर यहां पहुंचते हैं, शिव मंदिर में जल चढ़ाते हैं और फिर मेले का आनंद लेते हैं। यही कारण है कि सावन मेले के बाद चैती मेले का भी विशेष महत्व माना जाता है। इस बीच पौराणिक शिव मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से जारी है, जो मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल है। कॉरिडोर के तहत मंदिर के परिक्रमा मार्ग का निर्माण 108 स्तंभों पर किया जा रहा है। इसके पूर्ण होने पर मुख्य मंदिर के साथ ही कुल 11 मंदिरों का निर्माण भी कराया जाएगा। स्थानीय जानकारों का मानना है कि कॉरिडोर निर्माण पूरा होने के बाद सावन और चैती मेले में श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि होगी, जिससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

### इतिहास की पगडंडियों पर चैती मेला

- प्राचीन अभिलेखों में इसका उल्लेख 1905 से पूर्व भी एक पारंपरिक मेले के रूप में मिलता है।
- वर्ष 1905 में ब्रिटिश शासन के दौरान इसे औपचारिक स्वरूप मिला और नियमबद्ध आयोजन शुरू हुआ।
- 1877 में यहां लगभग एक लाख लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई थी।
- 1905 तक यह संख्या बढ़कर डेढ़ लाख के आसपास पहुंच गई।
- वर्ष 1936 तक इसका संचालन नगर समिति के अधीन रहा।
- 1945 में नगर पालिका परिषद के गठन के बाद से यह मेला उसी के संरक्षण में निरंतर आयोजित हो रहा है।
- वर्तमान में हर वर्ष दो से ढाई लाख श्रद्धालु इस मेले में सम्मिलित होते हैं।



चैती मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत और आस्था का जीवंत प्रतीक है। यह मेला न केवल श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा प्रदान करता है। नगर पालिका परिषद द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। हमारा प्रयास है कि हर आगंतुक को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुखद अनुभव मिले। सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और इस पावन आयोजन को सफल बनाएं।

**–विजय शुक्ल रिंकू**, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोला



## आर्ट गैलरी

### जैक्सन पोलॉक की नंबर 26



'नंबर 26' जैक्सन पोलॉक द्वारा 1949 में बनाई गई एक महत्वपूर्ण कलाकृति है, जो एक्शन पेंटिंग नामक कला आंदोलन के अंतर्गत आती है, जो अमूर्त कला की व्यापक शैली का एक हिस्सा है। यह कृति पोलॉक की कैनवास पर अपनाई गई नवीन तकनीक और ऊर्जावान दृष्टिकोण का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो उनकी कलात्मकता की एक विशिष्ट विशेषता है और जिसने अमूर्त अभिव्यक्तिवादी आंदोलन में योगदान दिया। 'नंबर 26' का अवलोकन करने पर, कैनवास पर फैले ऊर्जावान छींटों, बूंदों और लूपों से युक्त गतिशील रचना दिखाई देती है। कलाकृति में मुख्य रूप से एकरंगीय कलर का प्रयोग किया गया है, जिन्हें पीले, लाल और नारंगी रंगों के रणनीतिक विस्फोटों से उभारा गया है।



#### जैक्सन के बारे में

जैक्सन पॉलॉक अमूर्त अभिव्यक्तिवादी आंदोलन के एक प्रभावशाली कलाकार थे। उनका जन्म व्योमिंग में हुआ, लेकिन उनका पालन-पोषण मुख्य रूप से एरिज़ोना और कैलिफ़ोर्निया में हुआ। अपने शुरुआती बीस के दशक में, वे न्यूयॉर्क शहर चले गए, जहां उन्होंने थॉमस हार्ट बेंटन के मार्गदर्शन में आर्ट स्टूडेंट्स लीग में अध्ययन किया। इस दौरान, उन्होंने डब्ल्यूपीए फेडरल आर्ट प्रोजेक्ट के लिए भी काम किया, जिसने महामंदी के दौरान कलाकारों को रोजगार प्रदान किया। डेविड अल्फ़ारो सिकीरोस जैसे मैक्सिकन भित्ति चित्रकारों के साथ-साथ जोन मिरो और पाब्लो पिकासो जैसे यूरोपीय अतियथार्थवादियों से प्रभावित होकर, पॉलॉक ने अपनी विशिष्ट ड्रिप शैली विकसित करने से पहले विभिन्न तकनीकों के साथ प्रयोग करना शुरू किया। इस तकनीक में, जमीन पर बिछे कैनवास पर पेंट टपकाते या उंडेलते हुए, उसके चारों ओर घूमते हुए, बिना किसी पूर्व निर्धारित योजना या रचना के जटिल पैटर्न बनाए जाते थे।

## भिटौली: पहाड़ की बेटियों तक पहुंचता मायके का स्नेह

उत्तराखंड की वादियों में जब चैत्र का महीना दस्तक देता है, तो सिर्फ मौसम ही नहीं बदलता, रिश्तों की मिठास भी एक बार फिर ताजा हो जाती है। उत्तराखंड की इसी मिट्टी से निकली एक परंपरा है भिटौली। एक ऐसा पर्व, जिसमें मायका अपनी विवाहित बेटी तक सिर्फ उपहार नहीं, बल्कि अपना स्नेह, अपनापन और यादें भेजता है। *– रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा*

### अनोखी परंपरा



दरअसल, भिटौली कोई औपचारिक परंपरा नहीं, बल्कि भावनाओं का उत्सव है। वह हर साल चैत्र महीने में मनाया जाता है, जो पूरे 30 दिनों का होता है। इसी दौरान माता-पिता और भाई अपनी विवाहित बेटी या बहन के लिए वस्त्र, पकवान और उपहार लेकर उसके ससुराल जाते हैं। यह यात्रा सिर्फ दूरी तय करने की नहीं होती यह उस रिश्ते को फिर से जीने की कोशिश होती है, जो शादी के बाद दूरियों में बंध जाता है। भिटौली की परंपरा की जड़ें उस समय में हैं जब संचार के साधन बेहद सीमित थे। पहाड़ों में बसी बेटियों के ससुराल कई कोस दूर हुआ करते थे। साल भर में मुलाकात भी मुश्किल होती थी। ऐसे में बुजुर्गों ने एक रास्ता निकाला भिटौली। एक ऐसा अवसर, जब परिवार अपनी विवाहित बेटी से मिलने उसके ससुराल जा सके, उसका हालचाल जान सके और उसे यह एहसास दिला सके कि मायका आज भी उतना ही करीब है।

### भिटौली की खास पहचान 'साई'

भिटौली की सबसे खास पहचान है साई। यह एक पारंपरिक पकवान है, जिसे चावल को पीसकर, भूनकर और उसमें मिठास मिलाकर तैयार किया जाता है। जब यह साई और अन्य मिष्ठान विवाहित बेटी के हाथों में पहुंचते हैं, तो वह सिर्फ स्वाद नहीं होता वह मायके की यादों का स्वाद होता है। बेटी भी इस खुशी को अपने तक सीमित नहीं रखती। वह अपने ससुराल और आस-पड़ोस में यह कहकर मिठाई बांटती है भिटौली मायके से आई है। इसी एक वाक्य में दीया होता है उसका गर्व, उसका अपनापन।

### इंटरनेट ने दूरी को किया खत्म

आज भले ही दिन में कई बार फोन पर हालचाल पूछ लिया जाता हो, वीडियो कॉल से चेहरे देख लिए जाते हों, लेकिन भिटौली की अहमियत कम नहीं हुई है क्योंकि कुछ रिश्ते सिर्फ बातों से नहीं, मिलने से, साथ बैठने से और अपने हाथों से मिठास बांटने से मजबूत होते हैं। भिटौली आज भी उसी सादगी और प्रेम के साथ मनाई जा रही है और शायद यही वजह है कि यह परंपरा आने वाले समय में भी यूं ही जीवित रहेगी। कुल मिलाकर भिटौली सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि यह याद दिलाने का तरीका है कि दूरी चाहे जितनी भी हो जाए मायका हमेशा दिल के सबसे करीब रहता हैं।

## गुरु-शिष्य परंपरा और कलागुरु बीरेश्वर भट्टाचार्य



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक



गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय शिक्षा-संस्कृति की आधारशिला रही है, जिसका प्रभाव कला-शिक्षा में विशेष रूप से दृष्टिगोचर होता है। प्राचीन भारत में ज्ञान का संप्रेषण मुख्यतः व्यक्तिगत संबंधों पर आधारित था, जहां गुरु केवल तकनीकी दक्षता ही नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि, संवेदना और नैतिकता भी अपने शिष्यों को प्रदान करते थे। चित्रकला, मूर्तिकला और शिल्प की परंपराएं प्रायः पारिवारिक या कार्यशाला-आधारित ढांचों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी विकसित होती रहीं। उपलब्ध ऐतिहासिक साक्ष्य चाहे वे अजंता-एलोरा की गुफाएं हों या मध्यकालीन पांडुलिपि-चित्रण यह स्पष्ट करते हैं कि कला का ज्ञान किसी औपचारिक पाठ्यक्रम से अधिक गुरु के सान्निध्य में अर्जित होता था।

यूरोप में मध्यकाल और पुनर्जागरण काल तक कला-शिक्षा का स्वरूप कुछ इसी प्रकार का था, जहां शिल्प-गिल्ड और उस्ताद-शागिर्द परंपरा प्रचलित थी। किंतु 18 वीं सदी के उत्तरार्ध में ब्रिटेन में रॉयल अकादमी ऑफ आर्ट्स जैसी संस्थाओं की स्थापना के साथ औपचारिक कला-शिक्षा का विकास हुआ। इसी मॉडल का प्रभाव ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में भारत पर पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप मद्रास, कोलकाता, मुंबई और लाहौर जैसे केंद्रों में कला विद्यालय स्थापित हुए। इन संस्थानों ने अकादमिक यथार्थवाद, परिप्रेक्ष्य और यूरोपीय तकनीकों को भारतीय कला-शिक्षा में स्थान दिया।

हालांकि 20 वीं सदी के प्रारंभ में भारतीय कला-जगत में एक वैचारिक पुनर्जागरण देखने को मिला, जिसका नेतृत्व अबनीन्द्रनाथ टैगोर ने किया। उन्होंने औपनिवेशिक अकादमिक शैली के विरुद्ध भारतीय परंपराओं, लघुचित्रों और पूर्वी एशियाई प्रभावों को आधार बनाकर 'बंगाल स्कूल' की स्थापना की। उनके शिष्य नंदलाल बोस ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया और विश्व भारती विश्वविद्यालय के कला भवन में गुरु-शिष्य संबंध को एक जीवंत शैक्षिक मॉडल के रूप में विकसित किया। यहां शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं थी, बल्कि प्रकृति, लोकजीवन और अनुभव के साथ एक समग्र संवाद थी।

इसी परंपरा में रामकिंकर बैज, शंखो चौधरी, के. जी. सुब्रमण्यम और गुलाम मोहम्मद शेख जैसे कलाकारों ने न केवल अपनी विशिष्ट कलाभाषा विकसित की, बल्कि एक शिक्षक के रूप में भी पीढ़ियों को प्रभावित किया। इनकी शिक्षण पद्धति में संवाद, प्रयोग और आलोचनात्मक चिंतन को प्रमुख स्थान मिला, जो पारंपरिक गुरु–शिष्य संबंध का आधुनिक रूप था। उत्तर भारत में भी अनेक शिक्षकों जैसे रणबीर सिंह बिष्ट, जय कृष्ण अग्रवाल और के. एस. कुलकर्णी ने अपने संस्थानों में इस परंपरा को जीवित रखा। उनके विद्यार्थियों के साथ आजीवन संबंध, मार्गदर्शन और व्यक्तिगत हस्तक्षेप इस बात का प्रमाण हैं कि कला-शिक्षा केवल पाठ्यक्रम का विषय नहीं, बल्कि एक सतत संवाद है। वर्तमान समय में यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन द्वारा लागू किए गए शैक्षिक सुधार -जैसे सेमेस्टर प्रणाली, क्रेडिट-आधारित पाठ्यक्रम और अंतर्विषयी अध्ययन ने कला-शिक्षा को अधिक संरचित और व्यापक बनाया है। फिर भी, इन औपचारिक ढांचों के भीतर गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व कम नहीं हुआ है। कला के क्षेत्र में तकनीकी दक्षता के साथ-साथ संवेदनात्मक परिपक्वता, दृष्टि और मौलिकता का विकास आज भी व्यक्तिगत मार्गदर्शन और संवाद पर निर्भर करता है। स्पष्ट है कि भारतीय कला-शिक्षा में संस्थागत विकास के बावजूद गुरु-शिष्य परंपरा एक जीवित और सक्रिय तत्व के रूप में मौजूद है। यह परंपरा केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की कला-चेतना को आकार देने वाली एक सतत प्रक्रिया है। जहां अन्य विषयों में शिक्षक-छात्र संबंध संस्थान तक सीमित रह जाता है, वहीं कला, संगीत और नृत्य में यह संबंध जीवनपर्यंत बना रहता है।

ऐसे ही एक विरल उदाहरण थे कलागुरु बीरेश्वर भट्टाचार्य। 22 मार्च 2026 को उनके निधन का समाचार न केवल उनके शिष्यों, बल्कि पूरे कला-जगत के लिए अपूर्णीय क्षति के रूप में सामने आया। यह और भी मार्मिक है कि उनके सम्मान में आयोजित समारोह तथा उन पर केंद्रित मोनोग्राफ और पुस्तक के विमोचन की तैयारियां कला एवं शिल्प महाविद्यालय, पटना और पटना म्यूजियम के सौजन्य से 23 और 24 मार्च को होने वाली थीं। देश-विभाजन की पृष्ठभूमि में 1950 में सपरिवार ढाका से पटना आए इस किशोर ने 1952 में राजकीय कला एवं शिल्प विद्यालय, पटना में प्रवेश लिया। आगे चलकर यही विद्यार्थी बिहार ही नहीं, बल्कि भारतीय समकालीन कला इतिहास का एक महत्वपूर्ण हस्ताक्षर बना। वर्ष 1957 से 1993 तक के अपने दीर्घ अध्यापन काल में उन्होंने अपने छात्रों में आधुनिक और समकालीन कला के प्रति जो अभिरुचि जगाई, उसने उन्हें मात्र शिक्षक नहीं, बल्कि 'कलागुरु' के रूप में प्रतिष्ठित किया।

बीरेश्वर भट्टाचार्य का जीवन संघर्ष, संवेदना और सृजन की एक सशक्त यात्रा रहा। उनकी कला में मानवीय त्रासदी, सामाजिक असमानताओं और हिंसा के विरुद्ध गहरी संवेदनशीलता स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने चित्रकला को केवल सौंदर्यबोध का माध्यम नहीं रहने दिया, बल्कि उसे सामाजिक यथार्थ के प्रति सजग हस्तक्षेप की भाषा में रूपांतरित किया। एक शिक्षक के रूप में उनका योगदान अत्यंत महत्त्वपूर्ण रहा, उन्होंने अनेक पीढ़ियों के कलाकारों को न केवल तकनीकी दक्षता प्रदान की, बल्कि उन्हें वैचारिक रूप से भी समृद्ध किया। उनके शिष्यों की उपलब्धियां उनके शिक्षकीय व्यक्तित्व का प्रमाण हैं। उनकी कृतियां और उनके द्वारा निर्मित शिष्य-परंपरा आज भी भारतीय समकालीन कला में जीवंत रूप से उपस्थित है। इस महान कलागुरु पर केंद्रित मोनोग्राफ और पुस्तक के प्रकाशन के लिए कला-जगत रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी एवं विश्वरंग का आभारी रहेगा। अंततः बीरेश्वर भट्टाचार्य का जीवन और उनकी कला हमें यह सिखाती है कि गुरु-शिष्य परंपरा केवल शिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि संवेदना, विचार और सृजन की वह सतत धारा है, जो पीढ़ियों को जोड़ती हुई आगे बढ़ती रहती है। विनम्र श्रद्धांजलि।

अमृत विचार
बरेली, बुधवार ,1 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



### अमेरिकी श्रम मंत्रालय की सीआईओ बनीं मंगला

**ह्यूस्टन, एजेंसी।** भारतीय मूल की प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ मंगला कुप्पा को अमेरिका के श्रम मंत्रालय का मुख्य सूचना अधिकारी ( सीआईओ) नियुक्त किया गया है। वह पिछले वर्ष अक्टूबर से कार्यवाहक के रूप में यह जिम्मेदारी संभाल रही थीं और अब औपचारिक रूप से उनकी नियुक्ति कर दी गई है।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** –तुलसी 2685, राज श्री 2050, फ़ॉर्चून कि. 2780, रविन्द्रा 2670, फॉर्चुन 13kg 2440, जय जवान 2215, सचिन 2350, सूरज 2215, अवसर 2145, उजाला 2200, गृहणी 13 kg 2175, क्लासिक (kg) 2560, मोर 2420, चक्र टिन 2655, ब्लू 2425, आशीर्वाद मस्टर्ड 2530, स्वास्तिक 2640

**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल**–( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी**–पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260, रोज़ा 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना पक्के आभूषण 149500, सोना गिन्नी 145500, चांदी ( पक्की) 2340 ( अनुमानित )

## बिजनेस ब्रीफ

### पीरामल फाइनेंस का एयूएम एक लाख करोड़ के पार

**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पीरामल फाइनेंस के प्रबंधन के अंतर्गत कुल परिसंपत्तियां (एयूएम) एक लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई हैं। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा है कि विकास के अगले चरण को गति देने के लिए कंपनी एक सूक्ष्म वित्त संस्थान के अधिग्रहण की इच्छुक है। कंपनी के एमडी और सीईओ जयराम श्रीधरन ने कहा कि कंपनी मार्च, 2028 के अंत तक अपने एयूएम को बढ़ाकर 1.5 लाख करोड़ रुपये करने के लक्ष्य पर कायम है।

# निवेशकों को एक माह में 51 लाख करोड़ रुपये का नुकसान, सेंसेक्स 11 % टूटा

## पश्चिम एशिया युद्ध के बाद हुई हानि के चलते इंवेस्टर्स में तेजी से बढ़ी जोखिम से बचने की प्रवृत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में फरवरी से शुरू हुए संघर्ष के बाद से शेयर बाजार में निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। इस दौरान मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 11 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक बाजारों पर युद्ध के व्यापक प्रभाव के कारण निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बाजार से पूंजी निकासी से भी झटका लगा है।

पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से संघर्ष शुरू होने के बाद से बीएसई सेंसेक्स 9,339.64 अंक यानी 11.48 प्रतिशत लुढ़क गया है। शेयर बाजार में आई इस भारी गिरावट के चलते, बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस दौरान 51,09,498.82 करोड़ घटकर 4,12,41,172.45 करोड़ रुपये (4,360 अरब डॉलर) पर रहा।

बजाज ब्रोकिंग के एसोसिएट उपाध्यक्ष (तकनीकी शोध) पी मुखर्जी ने कहा कि संघर्ष शुरू होने के बाद के चार सप्ताह में जोखिम से बचने की तेज प्रवृत्ति देखी गयी है।

इस दौरान, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी ने बाजार में गिरावट के पीछे प्रमुख भूमिका निभाई है। इससे लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। मुखर्जी ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने वैश्विक अनिश्चितता और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया है।

शेयर बाजार सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को वित्त वर्ष 2025-26 के अंतिम कारोबारी सत्र में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए।



### बुनियादी कारणों से नहीं आई बाजार में नरमी

एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ( सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि मौजूदा नरमी का कारण दुनिया में बढ़ी अनिश्चितता है, न कि बुनियादी कारण। कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, पश्चिम एशिया में संघर्ष और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने जोखिम से बचने का माहौल बना दिया है। बीएसई सेंसेक्स अबतक के सबसे उच्चतम स्तर 86,159 .02 अंक से 14,211 .47 अंक यानी 16 .49 प्रतिशत नीचे आ गया है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4 .15 प्रतिशत बढ़कर 117 .46 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

### एफपीआई ने मार्च में की रिकॉर्ड 1.27 लाख करोड़ की बिकवाली

**मुंबई, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट और रुपये में जारी तेज गिरावट के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में भारतीय पूंजी बाजार में करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। शुद्ध बिकवाली उनके द्वारा लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर है।

केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा कंपनी सीडीएसएल के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने मार्च में पूंजी बाजार से कुल 1,26,991 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की जो अपने-आप में रिकॉर्ड है। कोरोना काल में मार्च 2020 के बाद यह पहला मौका है जब एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाजार से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध निकासी की है। इससे पहले, फरवरी में एफपीआई ने पूंजी बाजार में शुद्ध रूप से 37,847 करोड़ रुपये लगाये थे जबकि जनवरी में वे बिकवाल रहे थे।

# ग्यारह महत्वपूर्ण रणनीतिक खनिज ब्लॉक की नीलामी रद्द

**नई दिल्ली,एजेंसी**

सरकार ने छठे दौर में बिक्री के लिए रखे गए 11 महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिज ब्लॉक की नीलामी निवेशकों की कमजोर प्रतिक्रिया और पात्र बोलीदाताओं की कमी के कारण रद्द कर दी है। यह घटनाक्रम वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के बीच महत्वपूर्ण खनिजों के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन बढ़ाने के सरकार के प्रयासों को झटका माना जा रहा है।

खान मंत्रालय द्वारा जारी निरस्तीकरण सूचना में कहा गया कि पांच खनिज ब्लॉक की नीलामी इसलिए रद्द कर दी गई है, क्योंकि कोई बोली प्राप्त नहीं हुई। सूचना में यह भी कहा गया कि पांच अन्य खनिज ब्लॉक की नीलामी इसलिए रद्द की गई क्योंकि तकनीकी रूप से पात्र बोलीदाताओं की संख्या तीन से कम थी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल के बेकू रेयर मेटल ब्लॉक की नीलामी प्रक्रिया भी रद्द कर दी गई है। खान मंत्रालय ने पिछले वर्ष सितंबर में 13 राज्यों में फैले 23 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक के लिए नीलामी का छठा चरण शुरू किया था। इस नीलामी में 19 कम्पोजिट लाइसेंस (सीएल) ब्लॉक और चार खनन पट्टे (एमएल) वाले ब्लॉक शामिल थे। ये ब्लॉक आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में स्थित हैं। इन ब्लॉक में लिथियम, कोबाल्ट, दुर्लभ खनिज तत्व, नियोबियम, टैंटलम और वैनाडियम जैसे रणनीतिक खनिज पाए जाते हैं।

खान मंत्रालय के अनुसार, अब तक नीलामी के छह दौर पूरे हो चुके हैं जिनमें 46 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉक पहले ही बेचे जा चुके हैं। महत्वपूर्ण खनिज देश के आर्थिक विकास और खनिज सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक माने जाते हैं।



### इसलिए रद्द हुई नीलामी

- पांच खनिज ब्लाकों के लिए नहीं प्राप्त हुई कोई बोली
- पांच अन्य खनिज ब्लाकों के लिए बोली दाताओं की संख्या तीन से कम थी

# आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर फार्म जारी

## व्यक्तिगत करदाताओं को आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**नई दिल्ली,एजेंसी**

आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) के सभी फॉर्म अधिसूचित कर दिए हैं। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 की आय के लिए रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

आयकर विभाग ने मंगलवार को आईटीआर-2, 3, 5, 6 और 7 के साथ अद्यतन रिटर्न दाखिल करने के लिए आईटीआर-यू फॉर्म को भी अधिसूचित किया। इसके पहले आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म 30 मार्च को अधिसूचित किए गए थे। इन फॉर्म का इस्तेमाल छोटे और मध्यम करदाता करते हैं।




व्यक्तिगत करदाताओं और खातों का ऑडिट आवश्यक नहीं होने वाले करदाताओं के लिए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

आईटीआर-1 (सहज) और आईटीआर-4 (सुगम) अपेक्षाकृत सरल फॉर्म हैं, जो बड़ी संख्या में छोटे और मध्यम करदाताओं के लिए हैं। सहज फॉर्म को ऐसे निवासी व्यक्ति भर सकते हैं जिनकी सालाना आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय वेतन, एक मकान, अन्य स्रोत (ब्याज) एवं 5,000 रुपये तक की कृषि आय से होती है। वहीं, सुगम फॉर्म ऐसे व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) और फर्म (एलएलपी को छोड़कर) के लिए है, जिनकी कुल वार्षिक आय 50 लाख रुपये तक है और जिनकी आय व्यवसाय या पेशे से होती है। आईटीआर-2 फॉर्म उन व्यक्तियों और एचयूएफ के लिए है जिनकी आय व्यवसाय या पेशे से नहीं होती, लेकिन पूंजीगत लाभ से आय होती है।

वहीं, आईटीआर-3 फॉर्म ऐसे व्यक्तियों और एचयूएफ के लिए है जिनकी आय स्वामित्व वाले व्यवसाय या पेशे से होती है। आईटीआर-5 फॉर्म को फर्म, सीमित देयता साझेदारी (एलएलपी) और सहकारी समितियां दाखिल करती हैं, जबकि आईटीआर-6 फॉर्म कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत कंपनियों के लिए है। आईटीआर-7 फॉर्म ट्रस्ट और परमार्थ संस्थाओं के लिए निर्धारित है।

### सेंट्रल बैंक को 296 करोड़ का आयकर मांग नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसे वित्त वर्ष 2024–25 में कर के कम भुगतान को लेकर आयकर विभाग से 296 .08 करोड़ रुपये का 'कर मांग नोटिस' मिला है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बैंक ने बताया कि आयकर विभाग की आकलन इकाई ने 28 मार्च, 2026 को एक आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत बैंक को कर देनदारी के रूप में 296 .08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया है। बैंक ने स्पष्ट किया कि वह निर्धारित दिशानिर्देशों के भीतर उचित मंच (जैसे अपीलीय अधिकरण) पर इस आदेश को चुनौती देने की प्रक्रिया में है।

### सौर परियोजनाओं से 168 मेगावाट वाणिज्यिक बिजली की आपूर्ति शुरू

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. ने गुजरात के खावड़ा स्थित अपनी दो सौर परियोजनाओं से 168 .02 मेगावाट बिजली की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है। एनटीपीसी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. ने गुजरात के खावड़ा स्थित अपनी दो सौर परियोजनाओं से 168 .02 मेगावाट बिजली की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है।

# वित्त अधिनियम 2026 की अधिसूचना के साथ ही प्रावधानों में बदलाव का रास्ता साफ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने वित्त अधिनियम 2026 को अधिसूचित कर दिया है। इसके साथ ही कर प्रावधानों में बदलाव का रास्ता साफ हो गया है। विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा 30 मार्च को राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, यह अधिनियम 2026-27 के लिए केंद्र सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को प्रभावी बनाता है। इसमें कहा गया कि संसद के इस अधिनियम को 30 मार्च, 2026 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली और इसे आम सूचना के लिए प्रकाशित किया जाता है। संसद ने पिछले सप्ताह वित्त विधेयक 2026 को मंजूरी दे दी और राज्यसभा ने ध्वनिमत से इसे लोकसभा को वापस भेज दिया। लोकसभा ने 25 मार्च को 32 संशोधनों के साथ विधेयक पारित किया था। राज्यसभा ने संक्षिप्त चर्चा के बाद विधेयक को वापस भेज दिया। केंद्रीय बजट 2026-27 में कुल व्यय 53.47 लाख करोड़ रुपये रखा गया है जो 31 मार्च को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तुलना में 7.7 प्रतिशत अधिक है। अगले वित्त वर्ष के लिए प्रस्तावित कुल पूंजीगत व्यय 12.2 लाख करोड़ रुपये है।

इसमें 44.04 लाख करोड़ रुपये के सकल कर राजस्व संग्रह और 17.2 लाख करोड़ रुपये की सकल उधारी का प्रस्ताव है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो चालू वित्त वर्ष के 4.4 प्रतिशत से कम है।




# हरित अमोनिया की आपूर्ति में लगेंगे 3 साल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय उर्वरक कंपनियों को इस सप्ताह हस्ताक्षरित महत्वपूर्ण अनुबंधों के तहत घरेलू हरित अमोनिया की आपूर्ति 2028 से पहले नहीं मिल पाएगी, क्योंकि उत्पादकों को पहले नए विनिर्माण संयंत्र बनाने होंगे। उद्योग जगत के अधिकारियों ने मंगलवार को यह बात कही। इफको, कोरोमंडल इंटरनेशनल, पारादीप फॉस्फेट्स (पीपीएल), ओस्तवाल और इंडोरामा इंडिया ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (एनजीएचएम) के तहत पांच घरेलू उत्पादकों से सालाना 6.7 लाख टन हरित अमोनिया खरीदने के लिए 10 साल के समझौते पर सोमवार को हस्ताक्षर किए। अधिकारियों ने हालांकि आगाह किया कि असल आपूर्ति में अभी कई साल लगेंगे। इफको के निदेशक बिरिंदर सिंह ने कहा कि वे इसकी आपूर्ति तीन साल बाद करेंगे और उसके बाद 10 साल तक करते रहेंगे। इसलिए, मौजूदा पश्चिम एशिया संकट में इससे कोई मदद नहीं मिलेगी।

- एनजीएचएम के तहत उर्वरक कंपनियों ने किये 6.7 लाख टन अमोनिया खरीदने के समझौते

## नए वित्त वर्ष में नया कानून

# एक अप्रैल से बदले नियम

आज पहली अप्रैल है यानी नए वित्त वर्ष की शुरुआत। आज से नए आयकर कानून लागू हो रहे हैं। इसके तहत ट्रेडिंग महंगी, हाउस रेंट अलाउंस नियम सख्त हुए हैं तो टैक्स लाभ बढ़ाए गए हैं, साथ ही कई प्रक्रियाएं आसान बनाई गई हैं, जिससे सिस्टम ज्यादा सरल और पारदर्शी बनेगा। आइए विस्तार से जानने का प्रयास करते हैं–




### हाउस रेंट नियम सख्त

- हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) के नियमों को भी सख्त किया गया है। अब कुछ मामलों में मकान मालिक का PAN और अन्य विवरण देना अनिवार्य होगा। साथ ही, ज्यादा छूट वाले शहरों की सूची में बंगलूरू, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद को भी शामिल किया गया है।

### एसजीबी पर नया नियम

- अब गोल्ड बॉन्ड की मैच्योरिटी पर टैक्स छूट केवल उन्हें मिलेगी, जिन्होंने इसे सीधे RBI से खरीदा है। अगर शेयर बाजार से किसी दूसरे निवेशक से ये बॉन्ड खरीदे हैं, तो अब आपको मैच्योरिटी पर मिलने वाले मुनाफे पर टैक्स देना होगा।

### कर्मचारियों के लाभ और विदेश यात्रा पर राहत

- कर्मचारियों से संबंधित कर लाभों को बढ़ाया गया है, जिसमें भोजन भत्ते पर छूट बढ़ायी गयी है। साथ ही कर-मुक्त उपहारों पर वार्षिक सीमा को भी बढ़ाया गया है। इसी बीच, पुरानी कर व्यवस्था के तहत बच्चों के लिए भत्ते, जिनमें शिक्षा और छात्रावास खर्च शामिल हैं, में भी वृद्धि की गई है।
- विदेश में होने वाले खर्च पर भी राहत देते हुए विदेशी यात्राओं पर लगने वाला स्रोत-आधारित कर (टीसीएस) घटाकर 2% कर दिया गया है। विदेश में शिक्षा और चिकित्सा उद्देश्यों के लिए भेजे गए धन पर भी टीसीएस कम कर दिया गया है।

### पैन कार्ड के लिए नए नियम

- पैन कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड को जन्मतिथि के 'वैध दस्तावेज' की लिस्ट से हटा दिया गया है। अब आधार को एड्रेस प्रूफ के तौर पर ही लिया जाएगा। अर्थात यदि आप नया पैन कार्ड बनवाना या पुराने कार्ड में जन्मतिथि बदलना चाहते हैं, तो अब आधार के साथ अन्य दस्तावेज देने होंगे। इसमें जन्म प्रमाण पत्र और 10वीं की मार्कशीट शामिल हैं।

### टैक्स प्रक्रियाएं बनी आसान

- प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए टैक्सपेयर्स अब एक ही घोषणा के जरिए कई स्रोतों पर टीडीएस से बच सकेंगे। साथ ही, एनआरआई से प्रॉपर्टी खरीदने पर अब खरीदार स्थायी खाता संख्या यानी PAN के जरिए ही टीडीएस काट सकेंगे, टीएएन लेने की आवश्यकता अब नहीं होगी।

### आईटीआर फाइलिंग में बदलाव

- वेतनभोगियों के लिए समय सीमा 31 जुलाई है, वहीं गैर-ऑडिट मामलों जैसे स्वरोजगार और प्रोफेशनल्स के लिए अब 31 अगस्त तक का समय मिलेगा।
- टैक्स रिटर्न संशोधित करने की समयसीमा बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है। दिसम्बर तक बिना लेट फी और इसके बाद फाइल करने पर विलम्ब शुल्क लगेगा।
- असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए ITR-1 से ITR-7 तक के फॉर्म भी जारी कर दिए हैं, जिससे टैक्सपेयर्स समय पर रिटर्न दाखिल कर सकेंगे।
- ITR-1 (सहज) में अब एक की बजाय दो घरों से होने वाली आय भी दिखाने की अनुमति होगी, जिससे फाइलिंग और आसान होगी। आयकर विशेषज्ञ बताते हैं कि इससे टैक्स सिस्टम सरल, पारदर्शी और आधुनिक बनेगा।

### ई-कॉमर्स निर्यात, कूरियर व्यापार को मजबूत करने को सुधार लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने ई-कॉमर्स निर्यात और कूरियर आधारित आयात एवं निर्यात को मजबूत और व्यवस्थित करने के लिए व्यापक सुधार लागू किए हैं। ये सुधार एक अप्रैल यानी बुधवार से लागू हो रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को बयान में कहा कि इन सुधारों में कूरियर निर्यात पर प्रति खेप 10 लाख रुपये की मूल्य सीमा को पूरी तरह से हटाना, लौटाए गए और अस्वीकृत पार्सल के निपटान के लिए एक व्यवस्थित रूपरेखा लागू करना और बिना मंजूरी वाले निर्यात के लिए कानूनी रूप से वैध 'मूल स्थान पर वापसी' (आरटीओ) की व्यवस्था शामिल हैं। इन उपायों का मकसद कारोबार सुगमता बढ़ाना है।

### ओएनजीसी, ऑयल इंडिया के कुओं से निकलने वाली गैस की कीमत बढ़ाने का फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड द्वारा उत्पादित गैस की एपीएम कीमत बढ़ाकर सात डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) कर दी है जो पहले 6.75 डॉलर प्रति इकाई थी। एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। कीमतों में यह संशोधन पुराने और विरासत वाले गैस क्षेत्रों से उत्पादित गैस पर लागू होगा, जो विनियमित मूल्य व्यवस्था (एपीएम) के तहत आती है। कीमत में इस वृद्धि का असर उर्वरक, सीएनजी और पाइप से होने वाली रसोई गैस आपूर्ति जैसे क्षेत्रों पर पड़ सकता है। देश के कुल घरेलू गैस उत्पादन में एपीएम गैस की हिस्सेदारी करीब 60 प्रतिशत है और इसका उत्पादन लगभग 9 .2 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन है। सरकार ने 2023 में स्वीकृत मूल्य निर्धारण व्यवस्था के तहत कीमतों में यह संशोधन किया है। इस व्यवस्था में पुराने क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमत भारतीय कच्चा तेल बास्केट के मासिक औसत का 10 प्रतिशत तय की जाती है और इसे हर महीने अधिसूचित किया जाता है।

### ओरेकल ने 12,000 कर्मचारियों को हटाया, जल्द होगी एक और छंटनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी आईटी कंपनी ओरेकल ने भारत में लगभग 12,000 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है और एक महीने के भीतर छंटनी का दूसरा दौर भी शुरू होने का अनुमान है। पीड़ित कर्मचारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वैश्विक स्तर पर ओरेकल ने करीब 30,000 कर्मचारियों की छंटनी की है। फिलहाल ओरेकल ने इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। प्रभावित कर्मचारियों के अनुसार, कंपनी ने ईमेल के जरिये उन्हें सूचित किया कि संगठनात्मक बदलावों के कारण कई पद अप्रासंगिक हो जाएंगे। ओरेकल ने भारत में एक साल से अधिक सेवा पूरी कर चुके कर्मचारियों को 15 दिन का वेतन बोनस रूप में देने की पेशकश की है।

**रिपोर्ट** | पश्चिम एशिया संघर्ष जारी रहने की स्थिति में ईवाई इकोनॉमी वॉच रिपोर्ट का अनुमान

# जीडीपी वृद्धि अनुमान में कटौती और महंगाई बढ़ने की संभावना

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के आगामी वित्त वर्ष तक जारी रहने पर भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर में करीब एक प्रतिशत तक कमी आ सकती है, जबकि खुदरा महंगाई लगभग 1.5 प्रतिशत बढ़ सकती है। ईवाई की एक रिपोर्ट में बात कही गई। ईवाई इकोनॉमी वॉच रिपोर्ट के अनुसार कपड़ा, पेंट, रसायन, उर्वरक, सीमेंट व टायर जैसे कई क्षेत्र सीधे तौर पर प्रभावित हो सकते हैं।

इन क्षेत्रों में रोजगार या आय में किसी भी कमी से समग्र मांग पर और दबाव पड़ सकता है। इसके परिणामस्वरूप आपूर्ति और मांग दोनों की स्थितियां वैश्विक तेल बाजार में उतार-चढ़ाव से प्रभावित हो सकती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 90 प्रतिशत आयात करता है। इसके साथ ही वह प्राकृतिक गैस और उर्वरकों के आयात पर भी काफी निर्भर है। इसलिए वह ऐसे बाहरी झटकों के प्रति अधिक संवेदनशील है।




कच्चे तेल और ऊर्जा से जुड़े मजबूत अग्र एवं पश्च संबंधों के कारण इसका नकारात्मक प्रभाव कई क्षेत्रों में फैल सकता है।

इसमें कहा गया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने वैश्विक कच्चे तेल और ऊर्जा बाजारों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इससे आपूर्ति, भंडारण, परिवहन और कीमतों पर असर पड़ा है। संघर्ष जल्दी समाप्त हो जाने पर भी इन व्यवधानों को सामान्य होने में समय लग सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, यदि इसका प्रभाव समूचे वित्त वर्ष 2026-27 तक बना रहता है, तो भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि में करीब एक प्रतिशत की कमी आ सकती है और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई लगभग 1.5 प्रतिशत बढ़कर अपने मूल अनुमान सात प्रतिशत और चार प्रतिशत से ऊपर जा सकती है। ईवाई ने फरवरी की अपनी रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि 6.8 से 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले के बाद तेहरान की कड़ी प्रतिक्रिया से पश्चिम एशिया में उत्पन्न व्यापक संघर्ष से कच्चे तेल की कीमतों में करीब 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है। इससे पहले आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने पिछले सप्ताह अनुमान लगाया था कि आगामी वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि घटकर 6.1 प्रतिशत रह सकती है जो चालू वित्त वर्ष 2025-26 के 7.6 प्रतिशत से कम होगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### हैती में गिरोह के हमले में मरने वालों की संख्या करीब 70 तक पहुंची

**मेक्सिको सिटी।** मध्य अमेरिकी देश हैती के आर्टिबोनिट क्षेत्र में एक गिरोह के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 70 तक पहुंचने का अनुमान है। रेडियो टेली गैलेक्सी ने आर्टिबोनिट के मेयर के हवाले से यह जानकारी दी। हैती की राष्ट्रीय पुलिस ने पहले सोशल मीडिया पर बताया था कि हमले में मरने वालों की प्रारंभिक संख्या 16 थी, जबकि अन्य 10 स्थानीय निवासी घायल हुए थे। मेयर ने जीन-डेनिस, नेग्रियल, पोंट-बेनोइट और डेगोर्डे जिलों के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और देश के अधिकारियों से स्थिति को स्थिर करने के लिए उपाय करने का आह्वान किया। हैती पुलिस के अनुसार, रविवार का हमला ग्रैन ग्रिफ गिरोह के सदस्यों ने किया था।

### चीन में सुरंग में विस्फोट से चार लोगों की मौत, नौ घायल

**बीजिंग।** दक्षिण-पश्चिम चीन के चोंगकिंग निकाय क्षेत्र में राजमार्ग के लिए बनाई जा रही एक सुरंग में विस्फोट होने से चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। वानझोउ जिला परिवहन आयोग के अनुसार, यह विस्फोट सोमवार दोपहर हुबेई और सिचुआन प्रांत को जोड़ने के लिए बनाए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग के एक हिस्से के निर्माण स्थल पर हुआ। शुरुआत में एक व्यक्ति के लापता और 12 अन्य के घायल होने की जानकारी दी गई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक, सोमवार आधी रात तक बचाव दल ने लापता व्यक्ति का शव बरामद कर लिया, जबकि तीन घायलों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलते हैं कि विस्फोट ज्वलनशील गैस के कारण हुआ।

### पाकिस्तान में भारी बारिश से 11 लोगों की मौत, 49 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भारी वर्षा के कारण कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी है, जिनमें 10 बच्चे और एक महिला शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये हादसे बन्नू, उत्तरी वज़ीरिस्तान और कोहाट जिलों में हुईं, जहां भीषण वर्षा के कारण छतों के गिरने और कई घरों को आंशिक क्षति पहुंचने की खबरें हैं। वर्षाजनित हादसों में 49 लोग घायल भी हुए हैं। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार तक प्रांत के कई जिलों में रुक-रुक कर वर्षा होने का अनुमान जताया है। अधिकारियों ने लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और उचित सुरक्षा सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# जरूरी नहीं हर मुद्दे पर पति से सहमत होऊं : उषा वेंस



- अमेरिका की द्वितीय महिला ने कहा परेशान होते हैं तो सलाह लेते हैं जेडी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की द्वितीय महिला उषा वेंस ने कहा है कि वह हर मुद्दे पर अपने पति से सहमत नहीं होतीं। उषा ने कहा कि ऐसा संभव नहीं है कि दोनों हर मुद्दे पर एक राय रखें।

उषा ने कहा कि वह खुद को अपने पति और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भरोसेमंद सलाहकार मानती हैं, खासकर तब जब वे किसी ऐसे मुद्दे पर निर्णय ले रहे हों जो व्यक्तिगत रूप से महत्वपूर्ण हो। पहली भारतीय-अमेरिकी द्वितीय महिला उषा ने एक साक्षात्कार में कहा कि वह और उनके पति हर मुद्दे पर एक जैसी राय नहीं रखते हैं, लेकिन असहमति बातचीत के लिए खुला अवसर देती है। उषा वेंस ने कहा, हमारे बीच हर समय बातचीत होती रहती है। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में यह समझना चाहती हूं कि उनकी दुनिया में क्या चल रहा है, वह किस चीज पर ध्यान दे रहे हैं, उन्हें क्या चिंताएं हैं। उषा ने बताया कि उपराष्ट्रपति उनके पास तभी सलाह लेने आते हैं, जब कोई चीज उन्हें परेशान कर रही होती है या जब वे किसी ऐसे मुद्दे पर बात करना चाहते हैं जो व्यक्तिगत रूप से बहुत महत्वपूर्ण महसूस होती है।

## भारत में अंगों का अवैध व्यापार

# किडनी की तस्करी

किडनी की चोरी और तस्करी भारत में एक गंभीर समस्या बन चुकी है। सरकार की ओर से इसे रोकने के लिए कई बार सख्त कदम उठाए गए हैं लेकिन इसके बावजूद यह अमानवीय धंधा रुकने या कम होने के बजाय और तेज होता जा रहा है। यह समस्या मुख्य रूप से अंगों की भारी मांग और आपूर्ति में कमी के कारण पैदा हुई है। एक-एक ट्रांसप्लांट में डॉक्टरों और अस्पतालों की भारी कमाई की वजह से इसे और बढ़ावा मिला है। किडनी के व्यापार के लिए दलालों और डॉक्टरों के कई रैकेट का भी खुलासा हुआ है। हालांकि, इसे रोकने के लिए कानूनों को काफी सख्त बना दिया गया है, लेकिन अंगों की मांग और गरीबी के बीच का असंतुलन इस अपराध को जीवित रखा है। सरकार अब कैडेवर डोनेशन यानी मृत शरीर से अंग दान को बढ़ावा दे रही है ताकि जीवित अंगों के अवैध व्यापार पर निर्भरता कम की जा सके।



### किडनी तस्करी की वर्तमान स्थिति

- भारत में किडनी तस्करी अब केवल चोरी यानी बिना बताए अंग निकाल लेने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गरीबों को लालच देकर अंग खरीदने का रूप ले चुकी है।
- हालिया रिपोर्टों के मुताबिक कई अंतरराष्ट्रीय, अंतरराज्यीय रैकेट सक्रिय हैं जो बिचौलियों के माध्यम से गरीबों को 5 से 10 लाख रुपये का लालच देकर फंसाते हैं।
- अपराधी अब पहचान छुपाने के लिए डार्क वेब और एन्क्रिप्टेड एप्स का इस्तेमाल कर रहे हैं, सीमित सरकारी संसाधनों के चलते उन्हें पकड़ना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

### सरकारी जांच और कार्रवाई

- हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने एक एसआईटी रिपोर्ट मद्रास हाईकोर्ट को सौंपी है, जिसमें नमक्कल और तिरुचि के बड़े अस्पतालों की संलिप्तता पाई गई है। इसमें 12 लोगों को आरोपी बनाया गया है।
- भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को मानव तस्करी के उन मामलों की जांच का अधिकार दिया गया है जिनका संबंध अंतरराष्ट्रीय सीमाओं या अंतर-राज्यीय नेटवर्क से है।
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से हाल ही में कई बार अलग-अलग राज्यों को इस संबंध में नोटिस जारी किए हैं और रिपोर्ट मांगी हैं, इससे राज्यों के प्रशासन तस्करी रोकने का दबाव बना है।

**पाकिस्तान, मिस्र, चीन, फिलीपींस, ब्राजील और कोलंबिया ऐसे देश हैं जहां किडनी की सबसे ज्यादा तस्करी होती है। अमीर देशों के लोग लंबी वेटिंग लिस्ट से बचने के लिए यहां आते हैं।**

### चर्चित उदाहरण

- गुड़गांव का 2008 का किडनी कांड भारत का सबसे बड़ा स्कैंडल था। मास्टरमाइंड डॉ. अमित कुमार ने 600 अवैध ट्रांसप्लांट किए थे। वह गरीबों को नौकरी के बहाने बुलाकर उनकी किडनी निकाल लेता था।
- दिल्ली के प्रतिष्ठित अपोलो अस्पताल में वर्ष 2016 में भी एक बड़ा गिरोह पकड़ा गया था, जो फर्जी कागजात बनाकर किडनी ट्रांसप्लांट कराता था। इसमें डॉक्टरों के निजी सचिव और बिचौलिए शामिल थे।
- 90 के दशक और 2000 की शुरुआत में अमृतसर और चेन्नई में बड़े रैकेट पकड़े गए थे, जहां विदेशी मरीजों को अवैध रूप से किडनी बेची जाती थी। यह देश में किडनी तस्करी का पहला बड़ा मामला था।

### रोकने के लिए कदम

- सरकार ने मानव अंग और ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम को और अधिक कड़ा किया है।
- अवैध अंग व्यापार पर अब 10 साल तक जेल, 1 करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।
- ट्रैकिंग के लिए ऑनलाइन केंद्रीकृत रजिस्ट्री हर दाता और प्राप्तकर्ता को आईडी देती है।
- अपराधियों को आसानी से सजा दिलाने के लिए मानव तस्करी की परिभाषा व्यापक की गई है।

# होर्मुज अगर एक महीना और बंद रहा तो 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचेगी तेल की कीमत

## अमेरिकी बैंक जेपी मॉर्गन के मुख्य अर्थशास्त्री ने किया आगाह, जूझेंगे ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भर देश

**हूती ने कहा- बाब अल-मंडेब बंद होने के बाद 200 डॉलर हो जाएगी तेल की कीमत**

**वाशिंगटन/सना, एजेंसी**

अमेरिकी बैंक जेपी मॉर्गन के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रूस कासमैन ने दावा किया है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य एक और महीने के लिए बंद रहा तो तेल की कीमतें आसमान छूने के साथ 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। ऐसी स्थिति में ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भर औद्योगिक उपभोक्ताओं को भारी कमी से जूझना पड़ेगा।

हूती के नाम से जाने जाने वाले यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन ने बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य को बंद करने की संभावना से इन्कार नहीं किया है। हूती सरकार में सूचना उपमंत्री मोहम्मद मंसूर ने कहा कि इसके बाद तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। मंसूर ने मीडिया से बातचीत के दौरान यमन के तट पर स्थित इस जलडमरूमध्य को बंद करने के सवाल पर कहा, इस पर निर्णय लिया जाना बाकी है। हम अपने ईरानी भाइयों के साथ एक साझा योजना पर चर्चा कर रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे दुश्मनों को यह स्पष्ट कर दिया जाए कि हम कभी आत्मसमर्पण नहीं करेंगे। यूरोप को भी यह समझना चाहिए कि यदि वह प्रतिरोध की धुरी का शत्रु बना रहता है तो हम तेल की कीमत 200 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ा देंगे जिससे उसकी अर्थव्यवस्था लड़खड़ा जाएगी।




जर्मनी के फ्रैंकफर्ट शहर में सोमवार को एक पेट्रोल पंप पर प्रदर्शित ईंधन की कीमतें।

### गेट्स ऑफ टीयर्स... खतरनाक समुद्री हालात के लिए जाना जाता है बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य

बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य अपने सबसे संकरे हिस्से में लगभग 30 किमी चौड़ा है। यह जलडमरूमध्य यमन और अफ्रीका के देशों इरिट्रिया तथा जिबूती के बीच स्थित है। अरबी में इसका अर्थ 'आंसुओं का द्वार' यानी 'गेट्स ऑफ टियर्स' है, जो इसके खतरनाक समुद्री हालात को दर्शाता है। यह जलडमरूमध्य और मिस्र की स्वेज नहर मिलकर भूमध्य सागर और हिंद महासागर के बीच सीधा समुद्री संपर्क स्थापित करते हैं। इसके कारण जहाजों को अफ्रीका के दक्षिणी सिरे का लंबा चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है।

**14% वैश्विक आपूर्ति**

वैश्विक समुद्री व्यापार का 14 प्रतिशत हिस्सा इस मार्ग से गुजरता है। आईए के अनुसार, 2025 में रोज करीब 42 लाख बैरल कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद इस मार्ग से गुजरे, जो वैश्विक उत्पादन का पांच प्रतिशत है।

### अमेरिका में गैस तीन साल में सबसे महंगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में गैस की औसत कीमत मंगलवार को बढ़कर चार डॉलर प्रति गैलन हो गई जो पिछले तीन वर्षों में देश में कीमतों में सबसे अधिक है। पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका में औसत उपभोक्ता के लिए गैस की कीमतों में 35 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है और जल्द इससे राहत मिलने की भी उम्मीद नजर नहीं आ रही क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य तथा कुछ देशों के जहाजों को छोड़कर सभी के लिए बंद है। इससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है क्योंकि यहां से दुनिया के तेल का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। अमेरिका में एक महीने पहले गैस की कीमत प्रति गैलन औसत दर 2.98 डॉलर थी।

### ईयू का ईंधन बिल 14.9 अरब डॉलर बढ़ा

**मॉस्को।** यूरैक्टिव ने एक गोपनीय राजनयिक दस्तावेज के हवाले से कहा है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण यूरोपीय संघ (ईयू) को ऊर्जा आयात के बिल में 13 अरब यूरो (14.9 अरब डॉलर) की अतिरिक्त लागत चुकानी पड़ी है। ऊर्जा मंत्रियों की मंगलवार को ऑनलाइन बैठक से पहले ब्रुसेल्स ने ईयू के देशों को भेजे दस्तावेज में कहा, 28 दिनों के संघर्ष ने संघ के जीवाश्म ईंधन आयात बिल में पहले ही 13 अरब यूरो जोड़ दिए हैं। दरअसल होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं। यूरोपीय संघ के देशों में ऊर्जा की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है, जो इसके साथ ही रूसी गैस और तेल का आयात बंद करने की तैयारी भी कर रहे हैं।

### ट्रंप का ब्रिटेन पर तंज... जिन देशों के पास तेल की कमी, वे होर्मुज जाकर खुद ले लें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि जो देश जेट ईंधन की कमी से जूझ रहे हैं उन्हें थोड़ी बहादुरी दिखाकर होर्मुज जाकर ईंधन लेना चाहिए। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक संदेश में कहा कि ऐसे देशों को पहले तो अमेरिका से कच्चा तेल खरीदना चाहिए, क्योंकि उसके पास पर्याप्त तेल है। इसके साथ इन देशों को थोड़ी बहादुरी दिखाकर होर्मुज जाना चाहिए क्योंकि अमेरिका अब उनकी मदद नहीं करेगा। ट्रंप ने लिखा, ब्रिटेन जैसे देश जिन्होंने ईरान को हराने में शामिल होने से मना कर दिया और जो देश होर्मुज बंद होने से जेट ईंधन हासिल नहीं कर पा रहे, उनके लिए उनके पास यही सुझाव है।

# अमेरिका को झटका, ब्राजील और तुर्किये ने डिजिटल सीमा शुल्क छूट पर लगाई रोक

**याओउंडे (कैमरून), एजेंसी**



- अमेरिकी कंपनियों को मिलता था इस छूट का सर्वाधिक फायदा

विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन सोमवार को गतिरोध के साथ समाप्त हुआ। ब्राजील और तुर्किये ने इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क से मिलने वाली छूट को 2030 के अंत तक बढ़ाने के अमेरिका समर्थित समझौते को रोक दिया। पिछले 28 वर्षों से मिली यह छूट देशों को डिजिटल वस्तुओं पर टैरिफ लगाने से रोकती है, जो वैश्विक ई-कॉमर्स का प्रमुख आधार है। इससे अमेरिकी कंपनियों को फायदा मिलता रहा है।

ब्राजील ने डब्ल्यूटीओ में व्यापक सुधारों का आह्वान किया और चेतावनी दी कि नियमों पर आधारित व्यापार प्रणाली अभूतपूर्व दबाव में है। विदेश मंत्री मौरो विएरा ने उन एकपक्षीय उपायों और व्यापार समझौतों की आलोचना की, जो ब्राजील के विचार में डब्ल्यूटीओ की कानूनी सुसंगतता को कमजोर करते हैं और निर्यातकों व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए पूर्वानुमान की स्थिति को खतरे में डालते हैं। विएरा ने कहा, वर्तमान में महसूस की जा रही विखंडन की शक्तियों को दशकों के वार्ता गतिरोध ने और बढ़ा दिया है। उन्होंने कृषि और डिजिटल व्यापार तथा स्थिरता जैसे उभरते मुद्दों पर रुकी हुई चर्चाओं का हवाला दिया। उन्होंने डब्ल्यूटीओ की अपीलीय संस्था के पंगु होने का भी उल्लेख किया, जिससे सदस्यों के पास या तो अनसुलझे विवाद बचते हैं या उपायों और जवाबी उपायों का एक खतरनाक चक्र शुरू हो जाता है।

विएरा ने आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रतिबिंबित करने के लिए संरचनात्मक और व्यापक सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया, न कि 1994 के उस ढांचे की जिसके तहत डब्ल्यूटीओ बनाया गया था। उन्होंने कहा, ब्राजील जबरदस्ती के बजाय बातचीत को, शक्ति के बजाय नियमों को और विखंडन के बजाय बहुपक्षवाद को चुनता है। अमेरिका ने इस मोहलत को आगे बढ़ाने में विफलता पर निराशा व्यक्त की। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और डब्ल्यूटीओ में राजदूत जेमीसन ग्रीर ने कहा, महीनों की तैयारी और जुड़ाव के बावजूद भविष्य के वैश्विक व्यापार नीति प्रयासों में डब्ल्यूटीओ केवल सीमित भूमिका ही निभा पाएगा।

# वायुसेना को मिलेंगे 1,950 करोड़ रुपये के दो माउंटेन रडार, बीईएल के साथ सौदा

- रक्षा मंत्रालय ने कहा- मजबूत होगी देश की हवाई सुरक्षा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय वायु सेना के लिए दो माउंटेन रडार (पहाड़ों पर लगने वाले रडार) और उनसे जुड़े बुनियादी ढांचे की खरीद के लिए सरकारी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ 1,950 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

मंत्रालय ने कहा कि इन रडार को लगाने और चालू करने से देश की हवाई सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और राष्ट्रीय सुरक्षा मज़बूत होगी। इसके साथ इस खरीद से विदेशी उपकरणों पर निर्भरता भी कम होगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, रक्षा मंत्रालय ने भारतीय वायु सेना के लिए दो माउंटेन रडार, उनसे जुड़े उपकरणों और जरूरी बुनियादी ढांचे की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ लगभग 1,950 करोड़ रुपये के एक बड़े अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। यह माउंटेन रडार डीआरडीओ के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड रडार विकास प्रतिष्ठान द्वारा देश में ही डिजाइन और विकसित किया गया है और इसका निर्माण बीईएल द्वारा किया जाएगा।

# केपी ओली और रमेश लेखक के बाद काठमांडू के पूर्व सीडीओ रिजाल भी गिरफ्तार

- जेन जी आंदोलन का दमन करने वाले अफसरों की सूची में था नाम

**काठमांडू।** नेपाल में पिछले साल सितंबर में जेन जी आंदोलन के दमन में भूमिका के लिए काठमांडू के पूर्व मुख्य जिला अधिकारी (सीडीओ) छवि रिजाल को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। रिजाल उन उच्च अधिकारियों की सूची में शामिल हैं जिन्हें इस आंदोलन को दबाने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

रिजाल को काठमांडू के सुबिधानगर स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया गया। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और तत्कालीन गृह मंत्री रमेश लेखक के बाद गिरफ्तार किया गया है। जेन जी आंदोलन से जुड़े घटनाक्रम की जांच के लिए गठित आयोग ने ओली और लेखक समेत अन्य के खिलाफ आपराधिक मामले में कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की थी। इस बीच, ओली की हिरासत के खिलाफ प्रदर्शन जारी हैं।

# 'आर्टेमिस-2' के प्रक्षेपण की तैयारी पूरी, 53 साल बाद चंद्रमा मिशन के लिए नासा की उलटी गिनती हुई शुरू

**चार अंतरिक्ष यात्रियों के साथ आज शाम प्रक्षेपित किया जाएगा 32 मंजिला ऊंचा रॉकेट**

**केप कैनवेरल।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 53 वर्षों में पहली बार मानवयुक्त चंद्र मिशन के प्रक्षेपण के लिए उलटी गिनती शुरू कर दी है। 'आर्टेमिस-2' मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर विशाल स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट बुधवार शाम प्रक्षेपण के लिए तैयार है।

लगभग 32 मंजिला ऊंचा यह रॉकेट अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में एक दिन बिताने के बाद ओरियन कैप्सूल के जरिए चंद्रमा की ओर लेकर जाएगा। यह मिशन चंद्रमा की कक्षा में उतरने के बजाय उसके चारों ओर घूमकर सीधे पृथ्वी की ओर लौटेगा। करीब 10 दिन की इस यात्रा का समापन प्रशांत महासागर में कैप्सूल के उतरने के साथ होगा। नासा के अधिकारियों के अनुसार, हालिया मरम्मत कार्यों के बाद रॉकेट पूरी तरह तैयार है और मौसम भी अनुकूल रहने की संभावना है। इससे पहले यह मिशन फरवरी में निर्धारित था, लेकिन हाइड्रोजन ईंधन रिसाव के कारण इसे टालना पड़ा। रिसाव ठीक करने के बाद हीलियम प्रेशर लाइन में रुकावट आ गई, जिसके बाद रॉकेट को पिछले महीने फिर मरम्मत के लिए ले जाना पड़ा। करीब डेढ़ सप्ताह पहले रॉकेट को दोबारा प्रक्षेपण स्थल पर लाया गया, जबकि अमेरिकी-कनाडाई दल शुक्रवार को यहां पहुंच चुका है।



## लक्षित वारदात, कनाडा के सरे में भारतीय मूल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**ओटावा।** कनाडा के सरे में संगठित अपराध से जुड़े गोलीबारी के एक मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना शनिवार रात सरे के सुलिवन हाइट्स इलाके के टाउनहाउस परिसर में हुई, जहां उसे गोली मार दी गई।

इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने बताया कि मृतक की पहचान 27 वर्षीय जसमन सेखों के रूप में हुई है। सेखों का पहले पुलिस के साथ संपर्क रहा था और उसके मादक पदार्थ के कारोबार से जुड़े होने की आशंका थी। शुरुआती संकेत बताते हैं कि यह संगठित अपराध से जुड़ी लक्षित वारदात थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सेखों का पहले एक काले रंग की एसयूवी ने पीछा किया, जिसके बाद उसमें सवार दो लोग बाहर निकले और उस पर गोलीबारी शुरू कर दी।

## सीबीआई ने दिल्ली नगर निगम के उपायुक्त को चार लाख घूस लेते हुए किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के उपायुक्त को चार लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई के मुताबिक लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार मिश्रा नाम का यह अधिकारी एमसीडी में शाहदरा उत्तर का उपायुक्त था।

अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई ने अभिषेक कुमार मिश्रा की ओर से रिश्वत की मांग किए जाने की सूचना मिलने के बाद गिरफ्तारी की कार्रवाई की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्ट के मुताबिक, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, हम स्वच्छ और पारदर्शी शासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में अडिग हैं। दिल्ली में भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है। इस बाबत सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोई अपवाद नहीं होगा। किसी को कोई संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

**विवादास्पद** — संसद में हत्या के दोषियों के लिए पारित किया विधेयक, यहूदियों के लिए अलग प्रावधान

# इजराइल में फिलिस्तीनियों को मौत की सजा का रास्ता साफ

**तेल अवीव, एजेंसी**

इजराइल की संसद नैस्ट ने एक बेहद विवादास्पद विधेयक को मंजूरी दी है, जो इजराइली नागरिकों की हत्या के दोषी वेस्ट बैंक के फिलिस्तीनियों के लिए मौत की सजा अनिवार्य बनाएगा। इस विधेयक की सबसे विवादित बात यह है कि इसमें सजा का दोहरा मापदंड रखा गया है। जहां वेस्ट बैंक के फिलिस्तीनियों को सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाकर फांसी दी जाएगी, वहीं समान अपराधों के लिए इजराइली नागरिकों यानी यहूदियों पर नागरिक अदालतों में मुकदमा चलेगा और उन्हें कठोर सजा के दायरे से बाहर रखा जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट में कानून को चुनौती, यूरोपीय देशों ने भी की निंदा

इस विधेयक को भेदभावपूर्ण बताकर व्यापक स्तर पर इसकी निंदा की जा रही है। यूरोपीय देशों के साथ मानवाधिकार समूहों और फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने दो अलग-अलग कानूनी प्रणालियां बनाने के लिए कानून की कड़ी आलोचना की है। एसोसिएशन फॉर सिविल राइट्स इन इजराइल इस विधेयक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे रही है। उनका तर्क है कि यह कानून संवैधानिक और अधिकार क्षेत्र के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है और राष्ट्रीयता के आधार पर असमान व्यवहार स्थापित करता है। विधेयक के समर्थकों ने हमलों के अपने व्यक्तिगत अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि वे इजराइली और फिलिस्तीनियों के बीच आतंक के चक्र को तोड़ना चाहते हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस विधेयक से लोकतांत्रिक सिद्धांतों के संबंध में इजराइल की प्रतिबद्धताओं के कमजोर होने का खतरा है।

द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, इस विधेयक के तहत सैन्य अदालतों में घातक आतंकी गतिविधियों के दोषी पाए गए वेस्ट बैंक के निवासियों के लिए फांसी की सजा ही मुख्य सजा होगी। न्यायाधीश केवल कुछ अस्पष्ट विशेष परिस्थितियों में ही उम्रकैद की सजा सुना सकेंगे। सजा सुनाए जाने के 90 दिनों के भीतर फांसी देनी होगी जिसे विशेष स्थिति में 180 दिन तक बढ़ाया जा सकता है। 120 सीटों वाली नैस्ट में सोमवार को इस विधेयक के पक्ष में 62 वोट पड़े, जिनमें प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का वोट भी शामिल था। विपक्ष में 48 वोट पड़े और एक सदस्य मतदान से अनुपस्थित रहा।

इस विधेयक की अगुवाई धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने की थी। मतदान के बाद बेन ग्विर ने सार्वजनिक रूप से इसका जश्न मनाया और सोशल मीडिया पर लिखा, हमने इतिहास रच दिया! हमने वादा किया था जिसे पूरा कर दिखाया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज किसी समारोह में सम्मिलित होने का अवसर मिल सकता है। परिवार में संकोच के कारण दबाव महसूस कर सकते हैं।

**तुला** — आज जीवनसाथी की आवश्यकताओं का ध्यान रखें। लोग आपको अत्यधिक सम्मान देंगे। हृदय रोगियों को स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**वृष** — आज राजनीतिक लोगों को बड़ा जनसमर्थन मिल सकता है। धन के लेन-देन में सावधानी रखनी चाहिये।

**वृश्चिक** — आज आपकी आय में वृद्धि होगी। घर में पूजा-पाठ का वातावरण रहेगा। उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों के लिए दिन अत्यंत अनुकूल है।

**मिथुन** — आज आपके आत्मविश्वास पर बुरा असर पड़ सकता है। बातचीत के माध्यम से विवादों को सुलझाना बेहतर होगा। व्यर्थ में अपना समय बर्बाद करने से बचें।

**धनु** — आज आप काफी तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करेंगे। लंबे समय से रुके कार्यों के पूर्ण होने से मन में आनन्द का भाव रहेगा।

**कर्क** — आज परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। कारोबार में प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। आपको परिश्रम का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा।

**मकर** — आज जीवनसाथी को आपके ऊपर गर्व की अनुभूति होगी। किसी रिश्तेदार के यहां घूमने जा सकते हैं। कार्यक्षेत्र की जटिलता समाप्त होगी।

**सिंह** — आज करियर को लेकर थोड़े नाखुश रहेंगे। शैक्षणिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। अच्छी तरह से परखे और सुने बिना बातों पर प्रतिक्रिया न दें।


**कुंभ** — आज आपकी दैनिक आय में कमी आ सकती है। बनते कार्यों में अवरोध आ सकते हैं। नकारात्मक बातों को स्वयं पर हावी न होने दें।

**कन्या** — आज दांपत्य संबंधों में सहयोग और विश्वास की भावना बढ़ेगी। करियर में आपको उत्तम विकल्प मिलने की संभावना है।

**मीन** — आज आपके द्वारा लिए गए निर्णयों की सर्वत्र प्रशंसा होगी। विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। लोग आपको अत्यधिक सम्मान देंगे।

## आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 1 अप्रैल, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- चैत्र, पक्ष- शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 07.06 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-उत्तरफाल्गुनी 04.17 तक तत्पश्चात हस्त।

## सुडोकू - 105 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 5 | 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 |

## सुडोकू -106

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | 2 | |
| | 8 | | | | 9 | | 3 | |
| | | | 8 | | | 1 | | |
| 9 | | 4 | | | | | | 2 |
| | | 7 | | | | 6 | | |
| 5 | | | | | 3 | | | 9 |
| | 1 | 3 | | | 8 | | 6 | |
| | 9 | | 4 | | | | 8 | |
| | | | 2 | | | | | 7 |



> “मुझे पिंक कलर पसंद आ रहा है। पीला रंग थोड़ा पुराना लगने लगा था, लेकिन मैं बस मज़ाक कर रहा हूं। ज़ाहिर है, सीएसके जैसी फ्रेंचाइजी छोड़ना, शुरू में थोड़ा मुश्किल था। अच्छी बात यह थी कि मैं अब उस टीम के साथ हूं जहां मैंने पहली बार आईपीएल टाइटल जीता था।”
> –रविंद्र जडेजा, राजस्थान रॉयल्स

स्टेडियम

बरेली, बुधवार, 1 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

लखनऊ सुपर जायंट्स
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

**ऑरेंज कैप**



- रियन रिकलटन मुंबई 81 रन
- ईशान किशन हैदराबाद 80 रन
- रोहित शर्मा मुंबई 78 रन

**पर्पल कैप**



- जैकब डफी आरसीबी 3 विकेट
- शार्दुल ठाकुर मुंबई 3 विकेट
- रोमारियो शैफर्ड आरसीबी 3 विकेट

# एलएसजी का पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से आज

लखनऊ, एजेंसी।

लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) बुधवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 में अपने अभियान की शुरूआत करेगी तो कप्तान ऋषभ पंत पर प्रदर्शन में सुधार का काफी दबाव रहेगा। पिछले साल लखनऊ टीम के साथ बतौर कप्तान और स्टार बल्लेबाज अपने पहले साल में पंत अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके थे। प्रमुख खिलाड़ियों खासकर तेज गेंदबाजों की चोटों ने उनकी मुश्किलें और बढा दी थी। इस साल उनके पास पूरी तरह से फिट टीम है और मोहम्मद शमी तथा एनरिच नॉर्किया जैसे अनुभवी गेंदबाजों के आने से आक्रमण मजबूत हुआ है।

अक्सर चोटिल रहने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पिछले एक साल में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और लखनऊ को उम्मीद होगी कि वह उस भरोसे पर खरे उतरें जो टीम ने उन पर किया है। तेज गेंदबाज मोहसिन खान भी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं जबकि प्रिंस यादव ने भी अपनी मध्यम तेज गेंदबाजी से प्रभावित किया है। स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी ने पहले साल में ही अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी थी और वह उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। गेंदबाजी की तुलना में लखनऊ की बल्लेबाजी बेहतर लग रही है। मिचेल मार्श और एडेन मार्क्रम आईपीएल की सबसे खतरनाक सलामी जोड़ियों में से है। पिछले सत्र में चौथे नंबर पर कोई कमाल नहीं कर सके पंत ने तीसरे नंबर पर शतक जमाया था। वह तीसरे नंबर पर ही उतरेंगे जबकि निकोलस पूरन चौथे नंबर पर खेलेंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले सत्र में सात सलामी जोड़ियों को आजमाया लेकिन बात नहीं बनी। इस सत्र में उन्हें शीर्षक्रम में स्थिरता की उम्मीद होगी। केएल राहुल पारी का आगाज करेंगे लेकिन उनके साथ पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल या पाथुम निसांका में से कौन होगा, अभी तय नहीं है। मध्यक्रम को मजबूती देने के लिये डेविड मिलर को लाया गया है जबकि दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स भी टीम में हैं। चोट के कारण मिचेल स्टार्क पहला मैच नहीं खेल सकेंगे लेकिन दिल्ली का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत है। कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे दो मैच विनर उसके पास है। उनके साथ लुंगी एंगिडि भी हैं जो टी20 विश्व कप में जबर्दस्त फॉर्म में थे।




लखनऊ : अभ्याससत्र के दौरान एकदूसरे से बातचीत करते एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेटर।

**टीमें**

- **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीज्के, एडेन मार्क्रम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, आवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन तेंदुलकर, मयंक यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिच नॉर्किया, जोश इंगलिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, मनिमारन सिद्धार्थ, मुकुल चौधरी
- दिल्ली कैपिटल्स : अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नीतिश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी दर, पाथुम निसांका, लुंगी एंगिडि, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करूण नायर, साहिल पारख।

## हमारे पास गेंदबाजों की फौज : जस्टिन लैंगर



**अमृत विचार, लखनऊ :** आईपीएल 2026 के अपने पहले मुकाबले से पूर्व लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने टीम के संतुलन पर खुशी जाहिर की है। मंगलवार को इकाना स्टेडियम में आयोजित प्रेस वार्ता में लैंगर ने स्वीकार किया कि टीम में मौजूद विकल्पों के कारण अंतिम एकादश का चयन करना उनके लिए बड़ी चुनौती है। लैंगर ने कहा कि हमारे पास मोहम्मद शमी, रफ्तार के जादूगर मयंक यादव, नमन तिवारी, मोहसिन खान, आवेश खान और अर्जुन तेंदुलकर जैसे बेहतरीन गेंदबाज हैं। सभी पूरी तरह फिट और फॉर्म में हैं, ऐसे में किसे बाहर बैठाया जाए, यह तय करना मुश्किल है। बल्लेबाजी पर चर्चा करते हुए उन्होंने कप्तान ऋषभ पंत को टीम का मुख्य स्तंभ बताया और कहा कि पंत की सही बैटिंग पोजीशन तय करना उनकी प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने मिचेल मार्श और निकोलस पूरन जैसे पावर-हिटर्स पर भी पूरा भरोसा जताया।

## दो अभ्यास मैचों से हमने कसी कमर: चमीरा



**अमृत विचार, लखनऊ :** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा ने भी हुंकार भरी है। चमीरा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भले ही लखनऊ की टीम संतुलित है, लेकिन दिल्ली की नजरें जीत के साथ अभियान शुरू करने पर टिकी हैं। हमारा अभ्यास सत्र शानदार रहा है और हमने दो प्रैक्टिस मैचों के जरिए अपनी कमियों को दूर कर रणनीतियों को परखा है। भारतीय पिचों की बल्लेबाजी के अनुकूल प्रकृति को स्वीकार करते हुए कहा कि गेंदबाजों ने इसके लिए विशेष योजनाएं तैयार की हैं। चमीरा के अनुसार दिल्ली की टीम लखनऊ को उसके घर में कड़ी चुनौती देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**हाईलाइट**

### प्रिया की शानदार जीत, जादूमणि हारे

उलानबटोर, एजेंसी। भारत की प्रिया ने एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को 5 . 0 से जीत दर्ज की जबकि जादूमणि सिंह जुझारू प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। महिलाओं के 60 किलो वर्ग में प्रिया ने कजाखस्तान की रिम्मा वोलोस्सेंको को 5 . 0 से हराया। अब उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की चेंग्यू यांग से होगा। जादूमणि को जापान के रिम्मा यामागुची ने 3 . 2 से हराया। यामागुची ने अस्ताना में हुए टूर्नामेंट में रजत और मुक्केबाजी विश्व कप फाइनल्स में कांस्य पदक जीता था।

### फखर जमां पर लगा दो मैच का बैन

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को कन्फर्म किया कि टूर्नामेंट के कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 3 के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद फखर जमां को पीएसएल 2026 के दो मैचों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। यह आरोप आर्टिकल 2.14 के उल्लंघन से जुड़ा है, जो 29 मार्च को गद्दाफी स्टेडियम में कराची किंग्स के खिलाफ लाहौर कलंदर्स के मैच के दौरान गेंद की हालत बदलने से जुड़ा है। यह घटना मैच के आखिरी समय में हुई जब ऑन-फील्ड अंपायरों ने लाहौर कलंदर्स पर पांच रन की पेनल्टी लगाई और कराची किंग्स की पारी के आखिरी ओवर से पहले गेंद बदलने का आदेश दिया। फखर पर ऑन-फील्ड अंपायर शाहिद सैकत और फैसल खान आफरीदी के साथ-साथ टीवी अंपायर आसिफ याकूब और चौथे अंपायर तारिक रशीद ने आरोप लगाए। उन्होंने गलती से इनकार किया और आरोप का विरोध करने का विकल्प चुना, जिसके कारण पूरी डिसिप्लिनरी सुनवाई हुई।

### चीन ने जीते 13 गोल्ड

तियानजिन, एजेंसी। 10वीं वर्ल्ड जूनियर वुशु चैंपियनशिप छह दिन के कॉम्पिटिशन के बाद यहां खत्म हुई, जिसमें चीन ने 13 गोल्ड और चार सिल्वर मेडल जीतकर मेडल स्टैंडिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। हांगकांग, 13 गोल्ड, सात सिल्वर और छह ब्रॉन्ज मेडल के साथ टेबल में टॉप पर रहा, जबकि इंडोनेशिया नौ गोल्ड, 11 सिल्वर और सात ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

# आईपीएल : कोनोली के अर्धशतक की बदौलत पंजाब ने गुजरात को हराया

## पंजाब किंग्स ने लगातार छठे साल जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की

मुल्लांपुर, एजेंसी।

अपना पहला आईपीएल मुकाबला खेल रहे कूपर कोनोली (नाबाद 72) के शानदार अर्धशतक से पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को मंगलवार को तीन विकेट से हराकर लगातार छठे साल जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। पंजाब ने गुजरात को 20 ओवर में छह विकेट पर 162 रन पर रोकने के बाद 191 ओवर में सात विकेट पर 165 रन बनाकर जीत हासिल की।

कोनोली ने 44 गेंदों पर नाबाद 72 रन में पांच चौके और पांच छक्के लगाए। कोनोली ने विजयी चौका मारा। पंजाब किंग्स ने अपने होम ग्राउंड पर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। प्रियांश आर्य ने एक छक्का लगाकर शुरुआत की, लेकिन कैगिसो रबाडा ने उन्हें एक तेज़ शॉर्ट बॉल पर आउट कर दिया। कूपर कोनोली प्रभसिमरन सिंह के साथ आए और दोनों ने ज़बरदस्त बैटिंग की। इसकी शुरुआत रबाडा के खिलाफ़ एक अटैक से हुई, जहां उन्होंने एक ओवर में तीन छक्के मारे और रेगुलर इंटरवल पर बाउंड्री लगती रहीं। राशिद ने प्रभसिमरन के आउट होने पर 76 रन की पार्टनरशिप खत्म की। इस बीच, आईपीएल में डेब्यू कर रहे ऑस्ट्रेलिया के कोनोली ने जमकर रन बनाए। उनके कुछ छक्के आसान लग रहे थे। श्रेयस अय्यर ने अशोक की गेंद पर कुछ छक्के मारे और होस्ट टीम के लिए रन-चेज़ आसान लग रहा था। लेकिन पहली इनिंग की तरह, इसमें भी कुछ रुकावट आई। 13वें ओवर में आए प्रसिद्ध ने अपनी पहली ही बॉल पर श्रेयस को आउट कर दिया और पंजाब अचानक 110/2 से 118/6 पर आ गया, क्योंकि वढेरा, शशांक और स्टोइनिस सस्ते में आउट हो गए।

कोनोली ने 34 गेंदों में एक चौका लगाकर फिफ्टी बनाई और रबाडा की गेंद पर छक्का लगाकर पंजाब कैंप का माहौल शांत किया। यानसन ने भी छक्का मारा लेकिन उसके बाद वह संघर्ष करते दिखे और आखिर में अशोक ने उन्हें आउट कर दिया। आखिरी दो ओवर में 16 रन चाहिए थे और सिर्फ 3 विकेट बाकी थे, मैच रोमांचक मोड़ पर था। लेकिन प्रसिद्ध के आखिरी से पहले वाले ओवर में 14 रन बने, जिसमें बार्टलेट का चौका और कोनोली का छक्का शामिल था। और फिर इस युवा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने, जिसने शानदार बल्लेबाजी की, विजयी रन बनाए।




मुल्लांपुर : अर्द्धशतक लगाने के बाद अपना बल्ला उठाकर दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते पंजाब किंग्स के कूपर कोनोली।

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.509 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 6. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |
| 9. | दिल्ली कैपिटल्स | - | - | - | - | - | - |
| 10. | लखनऊ सुपर जायंट्स | - | - | - | - | - | - |

# सूर्यवंशी भारतीय टी 20 टीम में जगह बनाने के दावेदार : चावला

गुवाहाटी, एजेंसी।

रियान पराग, गुवाहाटी में वैभव सूर्यवंशी को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ख़िलाफ़ बल्लेबाज़ी करते हुए देख रहे थे और बस यही सोच रहे थे, “वाह, ये कैसे करता है?” वहीं दूसरी ओर पीयूष चावला और अंबाती रायुडू मैच देखते हुए सोच रहे थे कि 15 साल के राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के इस बल्लेबाज़ के लिए भारतीय टीम का बुलावा अब ज़्यादा दूर नहीं है।

चावला ने कहा कि वह “सूर्यवंशी को जल्दी ही ऊपर के स्तर पर देखना चाहेंगे”, जबकि रायुडू थोड़ा सावधान रहे लेकिन बोले कि यह युवा “निश्चित रूप से दौड़ में शामिल है।” आईपीएल के बाद भारत को अफ़ग़ानिस्तान और आयरलैंड के ख़िलाफ़ टी20 सीरीज़ खेलना है। रायुडू ने कहा, “सूर्यवंशी, देश के कई युवा खिलाड़ियों से एक स्तर ऊपर दिखते हैं और ऐसी प्रतिभा हैं, जो भारतीय क्रिकेट के लिए जरूर कमाल करेगा। हालांकि कब करेगा, यह नहीं कहा जा सकता, लेकिन भविष्य में जरूर ऐसा होगा। “जिस तरह वह बल्लेबाज़ी कर रहे हैं और जिस आज़ादी के साथ खेल रहे हैं, यह इस बात का सबूत है कि आरआर मैनेजमेंट ने शानदार काम किया है और उनके लिए चीज़ों को जटिल नहीं बनाया है। उनकी शॉट-मेकिंग और जिस आसानी से वह गेंदबाज़ों पर आक्रमण करते हैं, इस उम्र में अविश्वसनीय है।” रायुडू ने कहा, “मेरे हिसाब से टी20 में उनका पहला बुलावा आ सकता है, बशर्ते अगर उनका आईपीएल बहुत अच्छा जाता है और वह दिखाते हैं कि वह दबाव में भी शांत रह सकते हैं। मत भूलिए, हमारी भारतीय टीम अभी विश्व चैंपियन है और हाल ही में टीम ने टी20 विश्व कप जीता है। इसलिए टीम में जगह बनाना आसान नहीं होगा। मेरे हिसाब से अभी कुछ खिलाड़ी उनसे आगे हैं, क्योंकि टीमें अगले आईसीसी टूर्नामेंट को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। कई खिलाड़ी हैं जो पिछले दो-तीन साल से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए अगर मैं चयनकर्ता होता, तो वह निश्चित रूप से रेस में होते। लेकिन अभी कई खिलाड़ी उनसे आगे हैं।” अगर सूर्यवंशी अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचते हैं, तो चावला मानते हैं कि वह आसानी से ढल जाएंगे। उन्होंने कहा, “यही आईपीएल की ख़ूबसूरती है। 15 साल की उम्र में वह विश्व स्तरीय गेंदबाज़ों का सामना कर रहे हैं। जब वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाएंगे, तो यह उनके लिए नया नहीं होगा। वह पहले ही 140 की गति वाली गेंदबाज़ी का सामना कर रहे हैं।” “और अगर वह ऐसे ही खेलते रहे, तो मैं उन्हें जल्दी ही ऊपर जाते हुए देखना चाहूंगा। पिछले एक साल में अंडर-19 हो या घरेलू क्रिकेट, जहां भी उन्होंने खेला, शतक लगाया है।



**खेल और राजनीति**

**भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने थामा भाजपा का हाथ**

# भारत में राजनीति से जुड़ने वाले खिलाड़ियों पर एक नजर

नई दिल्ली, एजेंसी।

भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने तृणमूल कांग्रेस के साथ पांच साल के जुड़ाव के बाद मंगलवार को भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। जिसके बाद राजनीति में आने वाले खिलाड़ियों पर फिर सभी का ध्यान आकर्षित हुआ।

कुछ खिलाड़ी ऊंचे पदों पर पहुंचकर कैबिनेट मंत्री बन गए तो वहीं कुछ अन्य के चुनावों में मिलेजुले नतीजे रहे और वे अब भी अपना रास्ता तलाश रहे हैं। कुछ मशहूर खिलाड़ियों के नाम जिन्होंने अपने करियर में यह बदलाव किया।

### मोहम्मद अजहरुद्दीन



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान 2009 में कांग्रेस में शामिल हुए और उसी साल उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से लोकसभा सदस्य बने। लेकिन 2014 और 2023 में हुए अगले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हैदराबाद क्रिकेट संघ के प्रमुख के तौर पर कुछ समय काम करने के बाद अजहर को तेलंगाना में रेवंत रेड्डी की सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया जहां उन्हें सार्वजनिक उद्यम और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया।

### नवजोत सिंह सिद्धू



भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कई पार्टियों भाजपा, कांग्रेस और उनकी अपनी पार्टी आवाज-ए-पंजाब के लिए काम किया। वह भाजपा के टिकट पर 2004 और 2009 के आम चुनाव जीते। लेकिन 2017 में कांग्रेस में शामिल हो गए और अमृतसर पूर्व विधानसभा सीट से चुनाव जीता। उन्हें 2022 के राज्य चुनावों में उसी सीट पर आप पार्टी के प्रतिद्वंद्वी ने हरा दिया। फिलहाल वह राजनीति से कुछ समय के लिए दूर हैं।

### बिरेन सिंह



बीएसएफ और मणिपुर के लिए खेल चुके इस फुटबॉलर ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत लोकतांत्रिक क्रांतिकारी जन पार्टी से की और राज्य चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे। बाद में उन्होंने कांग्रेस में शामिल होकर 2007 और 2012 में अपनी सीट बनाए रखी। लेकिन 2016 में वह भाजपा से जुड़े और 2017 के चुनाव में जीत हासिल कर मणिपुर के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने यह उपलब्धि 2022 में भी दोहराई। लेकिन 2025 में राज्य में हुई जातीय हिंसा के बाद उनका सफर समाप्त हो गया।



**चेतन चौहान :** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज खेल करियर के बाद भाजपा में शामिल हो गए। वह 1991 और 1998 में अमरोहा से सांसद रहे। लेकिन 1996, 1999 और 2004 में वे वहां से चुनाव हार गए। उन्होंने 2017 में राजनीति में वापसी की और नगावां सादात से उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव जीता। चौहान का निधन 2020 में हो गया।



**हरभजन सिंह :** भारत के पूर्व स्पिनर दो विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे और उनके नाम 400 से ज्यादा टेस्ट विकेट दर्ज हैं। वह 2022 में आम आदमी पार्टी के साथ राजनीति में शामिल हुए। बाद में आपने उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया।



**राज्यवर्धन सिंह राठौड़ :** इस शीर्ष निशानेबाज ने ओलंपिक में भारत के लिए निशानेबाजी का पहला रजत पदक जीता था। वह 2013 में भाजपा से जुड़े और 2014 के आम चुनावों में जयपुर से लोकसभा के लिए चुने गए। उन्होंने 2019 के चुनावों में भी जीत हासिल की। 2023 में उन्होंने राज्य की राजनीति का रुख किया और उसी साल चुनाव जीता जिसके बाद उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया।



**कीर्ति आजाद :** विश्व कप 1983 की विजेता टीम के सदस्य ने सबसे पहले भाजपा के जरिए राजनीति में कदम रखा और बिहार के दरभंगा से विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीता। लेकिन 2015 में आजाद को वरिष्ठ नेता अरुण जेटली के साथ अनबन के चलते भाजपा से निलंबित कर दिया गया और बाद में वह 2019 में कांग्रेस में शामिल हो गए। 2021 में वह तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए और पश्चिम बंगाल के बर्धमान-दुर्गापुर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल करके फिर से लोकसभा में पहुंचे।



**बाईचुंग भूटिया:** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान 2014 में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए लेकिन दार्जिलिंग से आम चुनाव हार गए। हालांकि 2021 के बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान उन्होंने वाम मोर्चा का समर्थन किया। बाद में उन्होंने अपनी खुद की पार्टी ‘हमारो सिक्किम’ बनाई, लेकिन चुनावों में कोई खास असर नहीं डाल पाए।



**दिलीप टिर्की :** भारत के पूर्व हॉकी कप्तान 2012 में बीजू जनता दल में शामिल हुए और उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया गया। लेकिन वह 2024 में सुंदरगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाए।



**साइना नेहवाल :** दुनिया की पूर्व नंबर एक और लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली बैडमिंटन की इस दिग्गज खिलाड़ी 2020 में अपनी बहन के साथ भाजपा से जुड़ी लेकिन उन्होंने अभी तक चुनावों में अपनी किस्मत नहीं आजमाई है।



**गौतम गंभीर :** दो बार की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और भारतीय टीम के मौजूदा कोच ने 2019 में भाजपा के जरिए राजनीति में कदम रखा। इसी साल उन्होंने पूर्वी दिल्ली से आम चुनाव जीता। लेकिन 2024 में उन्होंने एक क्रिकेट कोच के तौर पर अपने खेल करियर को फिर से शुरू करने के लिए सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली।



**कर्णी सिंह :** बीकानेर के अंतिम महाराजा कर्णी सिंह 1962 में काहिरा में आयोजित विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत के पहले पदक विजेता थे जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। बाद में उन्होंने 25 वर्षों तक लोकसभा में स्वतंत्र सांसद के रूप में काम किया और 1952 से 1977 तक बीकानेर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। 1988 में उनका निधन हुआ।

### विनेश फोगाट व बजरंग पूनिया



दोनों कामयाब और उतने ही विवादित पहलवान रहे, दोनों 2024 में कांग्रेस पार्टी में एक साथ शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया था। बृज भूषण भाजपा के नेता थे और उन पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। फोगाट ने जहां जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल करके हरियाणा में विधायक का पद संभाला तो पार्टी ने पूनिया को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का प्रमुख नियुक्त किया।

www.amritvichar.com
# अमृत विचार
बरेली महानगर
बरेली , बुधवार,1 अप्रैल 2026

## सुविचार



यह सच है कि पानी में तैरने वाले ही डूबते हैं, किनारे पर खड़े रहने वाले नहीं, मगर किनारे पर खड़े रहने वाले कभी तैरना भी नहीं सीख पाते।
- सरदार वल्लभ भाई पटेल

**बरेली के प्रमुख समाचार**
- गोदाम में लगी भीषण आग, 20 हजार मीटर जले-II
- शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बनेंगी 98 सड़कें -III
- बढ़ती जा रही फीस, जिला शुल्क समिति की दो साल से बैठक नहीं-IV

## सिटी ब्रीफ

### अभियान : अब अभिभावक खुद परखेंगे स्कूल बस की सुरक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए 15 अप्रैल तक विशेष फिटनेस अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान शत-प्रतिशत स्कूली वाहनों की फिटनेस, बीमा और परमिट की भौतिक जांच की जाएगी। आरटीओ प्रशासन पंकज ने बताया कि इसी के साथ विभाग ने पहली बार UP-ISVMP पोर्टल (upisvmp.com) लॉन्च किया है, जो स्कूली वाहनों की निगरानी के लिए एक एकीकृत डिजिटल मंच होगा। पोर्टल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि अभिभावक घर बैठे बस की फिटनेस, चालक का विवरण और पंजीकरण ऑनलाइन चेक कर सकेंगे। इसके लिए विद्यालय प्रबंधन को पोर्टल पर सभी विवरण दर्ज करना अनिवार्य होगा, वरना अभियान के बाद बिना फिटनेस वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

### एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी, जच्चा-बच्चा सुरक्षित

**बरेली,अमृत विचार :** सरकारी एम्बुलेंस सेवा ने एक बार फिर मानवता और तत्परता की मिसाल पेश की। मंगलवार की सुबह सुभाषनगर के ऊंचा मोहल्ला निवासी बबली (30) को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजनों ने 102 एम्बुलेंस सेवा को कॉल किया। एम्बुलेंस पहुंची और प्रसूता को अस्पताल ले जा रही थी। रास्ते में बबली को प्रसव पीड़ा असहनीय हो गई। ऐसे में एम्बुलेंस पर तैनात इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन राम रहीश ने सूझबूझ दिखाते हुए पायलट रमेश से गाड़ी सड़क किनारे रुकवाई। इसके बाद एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। सफल प्रसव के बाद नवजात को परिजनों को सौंप दिया गया और जच्चा-बच्चा दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बबली के परिजनों ने एम्बुलेंस स्टाफ की जमकर प्रशंसा की।

## शहर में आज

- देशव्यापी काला दिवस के तहत बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन एक अप्रैल को यूनियन बैंक मुख्य शाखा पटेल चौराहे पर प्रदर्शन करेगी दोपहर 2 बजे।
- जिला ओलंपिक संघ की ओर से फ्यूचर यूनिवर्सिटी में 54 वीं राष्ट्रीय हैंडबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से।
- बरेली क्राइस एसोसिएशन की ओर से क्राइस्थ मेथोडिस्ट चर्च में आराधना शाम 5 :30 बजे।
- राष्ट्रार्पण के तत्वावधान में खुशलोक सभागार में कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 :30 बजे
- स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्थित तरणताल का शुभारंभ शाम 5 बजे।
- संचारी रोग कार्यक्रम की शुरुआत चौपुला के पास स्वास्थ्य केंद्र पर सुबह 10 बजे।
- श्री हनुमान जन्मोत्सव पर श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर सेवा ट्रस्ट गार्डन सिटी पीलीभीत बाईपास से शोभायात्रा दोपहर 3 बजे।

# टैक्स विभाग : भरी झोली, लक्ष्य से 33 करोड़ अधिक वसूला राजस्व

- **कर-करेत्तर मद में भी शानदार प्रदर्शन, 69.54 करोड़ रुपये की भारी-भरकम वसूली**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिन 31 मार्च को नगर निगम के टैक्स विभाग में भारी गहमागहमी रही। वित्तीय वर्ष के समापन तक कुल 167.25 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। यह आंकड़ा पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की कुल वसूली 109.69 करोड़ रुपये के मुकाबले काफी अधिक है, जो शहर के विकास कार्यों के लिए एक शुभ संकेत है।



कर्मचारियों के साथ मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी। • अमृत विचार

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संपत्ति कर का लक्ष्य 88.86 करोड़ निर्धारित किया था, जिसके सापेक्ष अब तक 97.71 करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 71.09 करोड़ रुपये था। इस वर्ष 1,79,065 भवनों को टैक्स के दायरे में लाया गया, जिनमें से 69,587 भवनों के स्वामियों ने भुगतान किया। मुख्य कर निर्धारिण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि कर-करेत्तर मद में भी नगर निगम ने निर्धारित लक्ष्य को पीछे छोड़ दिया है। इस श्रेणी के लिए 45.00 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा था, जबकि विभाग ने कड़ी मेहनत करते हुए 69.54 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया है। पिछले साल इस मद में केवल 38.60 करोड़ रुपये ही प्राप्त हुए थे। 31 मार्च को कर से 5.11 करोड़ रुपये और बिजली विभाग के माध्यम से 15.35 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। कुल 2046.80 लाख रुपये का राजस्व खजाने में आया। केवल एक दिन में 1,122 भवनों से कर वसूली की गई। इस वर्ष 133.86 करोड़ रुपये के कुल लक्ष्य के विरुद्ध 167.25 करोड़ रुपये वसूल कर लक्ष्य से 124 प्रतिशत से अधिक की प्रगति दर्ज की है। अधिकारियों का मानना है कि ऑनलाइन भुगतान की सुविधा और विभाग की सक्रियता से वसूली के इन आंकड़ों में इतनी बड़ी वृद्धि संभव हो सकी है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन 31 मार्च सुपर कलेक्शन वाला रहा।

### बजट लैप्स होने का डर, अफसर रहे हलकान

**बरेली, अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिन नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के गलियारों में भाग-दौड़ दिखाई दी। 31 मार्च की समय सीमा समाप्त होने से पहले आवंटित करोड़ों के बजट को ठिकाने लगाने और कागजी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए अफसर से लेकर बाबू जुटे रहे। नगर निगम के निर्माण विभाग में ठेकेदार अटके भुगतान को पास कराने के लिए अधिकारियों के पास नजर आए। वहीं, पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों पर भी सड़कों के पुराने बिलों को क्लियर करने का दबाव रहा, क्योंकि बजट लैप्स होने का डर था। वहीं नगर निगम टैक्स विभाग के अफसरों ने मंगलवार को राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी।

## काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल ट्रेन के फेरे बढ़ाए

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे की ओर से विशेष गाड़ियों की अवधि विस्तार कर फेरे बढ़ाए जाएंगे। जिसमें बरेली से होकर गुजरने वाली काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल विशेष गाड़ी भी शामिल है। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी। बरेली-मुंबई सेंट्रल के बीच चलने वाली विशेष साप्ताहिक गाड़ी 09075-76 काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल के फेरों को 30 अप्रैल तक विस्तार दे दिया गया है। फिलहाल, 30 अप्रैल तक यह गाड़ी विशेष के रूप में ही संचालित की जाएगी। रेलवे ने पिछले सप्ताह इस गाड़ी को नियमित का दर्जा देते हुए नया नंबर 21907-08 जारी किया था। यह गाड़ी भी यात्रियों से फुल होकर चल रही है।

# शहर में हरियाली को लगेंगे 15 हजार पौधे

## नगर निगम परसाखेड़ा गौटिया में 17 हजार वर्गमीटर भूमि पर नंदन वन विकसित करेगा

- **रोपे जाएंगे 30 प्रजातियों के पौधे मियावाकी पद्धति का होगा उपयोग**
- **पौधों के लिए निगम ने वन विभाग से मांगा सुझाव, भूमि चिह्नित**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शहर की आबोहवा में घुले प्रदूषण के जहर को कम करने के लिए नगर निगम ग्रीन मास्टरप्लान तैयार किया है। सुभाषनगर व सुरेश शर्मा नगर में अमृत वाटिका के बाद अब परसाखेड़ा गौटिया में 17 हजार वर्गमीटर भूमि पर ''नंदन वन'' विकसित किया जाएगा। जो शहरी प्रदूषण के जहर को सोखकर नागरिकों को शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करेगा। नगर निगम ने इसके लिए भूमि का चिन्हांकन भी कर लिया है। जल्द यहां मियावाकी तकनीक का जादू दिखाई देगा।



शहर में डिवाइडरों पर भी पौधे रोपकर हरियाली फैलाने का काम किया जा रहा है। • अमृत विचार

मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी के अनुसार इस महत्वाकांक्षी परियोजना की रीढ़ है जापानी तकनीक ''''मियावाकी पद्धति''''। इस तकनीक में बहुत ही कम दूरी 1.2 मीटर पर पौधों का रोपण किया जाता है। जिससे पौधे सामान्य से दस गुना तेजी से बढ़ते हैं। कुछ ही वर्षों में एक सघन वन का रूप ले लेते हैं। नंदन वन में 30 से अधिक प्रजातियों के करीब 15 हजार पौधे रोपे जाएंगे। इस वन की विविधता इसे बेहद खास बनाएगी, यहां नीम, जामुन और अमरूद जैसे फलदार वृक्षों के साथ-साथ हरसिंगार, तुलसी, गिलोय और अर्जुन जैसे औषधीय पौधों का एक अनूठा संगम होगा। वन विभाग से पौधों की गुणवत्ता को लेकर विशेष सुझाव मांगे गए हैं, ताकि यह उपवन पर्यावरण संरक्षण का एक वैश्विक मॉडल बन सके।

**वाटिका के बीच कच्चा पाथ-वे विकसित किया जाएगा**

वाटिका के बीचों-बीच एक कच्चा पाथ-वे विकसित किया जाएगा, जिसके दोनों ओर कतारबद्ध तरीके से खड़े बोतल पाम और अशोक के ऊंचे पेड़ इसकी सुंदरता में चार चांद लगाएंगे।

प्रत्येक प्रजाति के 300 से लेकर एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अफसरों का दावा है कि दीपोत्सव और बड़े त्योहारों के समय जब शहर की हवा खतरनाक स्तर तक प्रदूषित हो जाती है, ऐसे में यह ''नंदन वन'' एक सुरक्षा कवच की तरह काम करेगा।

### कमाई के साथ सुरक्षा पर भी रहेगा फोकस

मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी बताते हैं कि नंदन वन की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को लेकर भी एक अनूठा खाका तैयार किया है। बेसहारा पशुओं से बचाने के लिए पारंपरिक कंक्रीट की दीवारों के बजाय चेनलिंक जाली का घेरा बनाया जाएगा, जिससे हरियाली आर-पार नजर आ सकेगी। इस परियोजना की सबसे बड़ी खूबी बांस का रोपण है, जो न केवल ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाएगा बल्कि नगर निगम के लिए आय का एक स्थायी स्रोत भी बनेगा। बांस और मौसमी फलों की वार्षिक बिक्री से होने वाली कमाई से रखरखाव का खर्च निकाला जाएगा।

## इंदिरा नगर में डाली जा रही पाइपलाइन, गड्ढों से खतरा



रात में मौके पर पहुंचे पार्षद सतीश चंद्र कातिब। • अमृत विचार

- **देर रात मौके पर पहुंचे पार्षद सतीश चंद्र कातिब**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** वार्ड संख्या 23 के इंदिरा नगर में नगर निगम के जलकल विभाग की लापरवाही किसी भी क्षण बड़ी दुर्घटना को दावत दे सकती है। भाजपा पार्षद सतीश चंद्र कातिब 'मम्मा' ने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा कर सिस्टम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

पिछले कई दिनों से सातों दिन 24 घंटे जलापूर्ति योजना के तहत पाइपलाइन बिछाई जा रही है। श्री बांके बिहारी मंदिर के मोड़ पर खोदाई के दौरान सीवर लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है और मिट्टी दलदल का रूप ले चुकी है, जिससे आठ से दस फीट गहरा गड्ढा बन गया है। पार्षद ने कहा कि सड़क ऊपर से तो सही दिख रही है, लेकिन भीतर से पानी ने मिट्टी को काट दिया है, जिससे आसपास के मकानों को खतरा है। उन्होंने कहा अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोए हैं।

## खल्लपुर कपूरपुर में 77 हेक्टेयर भूमि वन विभाग के नाम होगी

- **डीएम की अध्यक्षता में वन भूमि को भू-अभिलेखों में अमल दरामद कराने के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को वन भूमि को भू-अभिलेखो में अमल दरामद करने के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक की।

बैठक में बताया कि फरीदपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम खल्लपुर कपूरपुर में करीब 77 हेक्टेयर भूमि वन विभाग की है, जो कि राजस्व अभिलेखों में अमल-दरामद नहीं हुई है। तहसीलदार फरीदपुर ने बताया कि गाटा संख्याओं का विवरण एकत्र किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह ने निर्देश दिये कि उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल, ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय वनाधिकारी एवं सहायक चकबंदी अधिकारी की टीम इस भूमि की राजस्व अभिलेखों में अमल-दरामद कराने के लिए कार्यवाही करें। बरेली, आवंला, बहेड़ी व फरीदपुर में जमीदारी उन्मूलन एक्ट 1952 के अंतर्गत वन विभाग को भूमि आवंटित की गयी है, जिसका ग्राम व क्षेत्रफल का विवरण उपलब्ध है, लेकिन गाटा संख्याओं का उल्लेख नहीं है। इस संबंध निर्देश दिये गये कि तहसीलदार की अध्यक्षता में समिति गठन कर गाटा संख्याओं का विवरण उपलब्ध कराएं। प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भंडारी, चकबन्दी अधिकारी, तहसीलदार फरीदपुर, तहसीलदार सदर आदि मौजूद रहे।

# एचपीवी टीकाकरण से सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम संभव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में एचपीवी टीकाकरण अभियान एवं मॉडल इम्यूनाइजेशन सेंटर कमिश्नर ने किया आरंभ**

**अमृत विचार:** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में मंगलवार को निःशुल्क एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान एवं मॉडल इम्यूनाइजेशन सेंटर का आरंभ किया गया। कमिश्नर भूपेन्द्र एस. चौधरी ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है, जिससे भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव है।





एचपीवी टीकाकरण अभियान एवं मॉडल इम्यूनाइजेशन सेंटर का आरंभ करते कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी, साथ में सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. अर्जुन अग्रवाल व अन्य। • अमृत विचार

एचपीवी टीकाकरण अभियान एवं मॉडल इम्यूनाइजेशन सेंटर का आरंभ मुख्य अतिथि कमिश्नर भूपेन्द्र एस. चौधरी, विशिष्ट अतिथि सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, वरिष्ठ स्पाइन एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. वरुण कुमार अग्रवाल व वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने फीता काटकर एवं पौधरोपण कर किया। संचालन प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, शिशु रोग विभाग (मास्टर ऑफ सेरेमनी) डॉ. प्रीति लता राय ने किया। आयोजन का नेतृत्व कम्युनिटी मेडिसिन एवं टीकाकरण नोडल अधिकारी प्रो. डॉ. मेधावी अग्रवाल ने किया। रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल प्रदेश के निजी मेडिकल संस्थानों में दूसरा संस्थान है, जहां जेएसआई के तकनीकी सहयोग एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन के मार्गदर्शन में इस आधुनिक टीकाकरण केंद्र की स्थापना की गई है, इस अवसर पर रजनी त्यागी एवं फैजान आली उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. दीपक उपाध्याय एवं डॉ. रश्मि कत्याल सहित अनेक चिकित्सकों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। टीकाकरण कराने वाली बालिकाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

**परियोजना** | ग्रीन जोन बनाने की दिशा में उठाया कदम, इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट स्थापित होगा

# छावनी में कचरे से बनेगी बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** छावनी क्षेत्र में कचरे से बिजली और बायो-सीएनजी बनाने की योजना को अमलीजामा पहनाने का काम शुरू कर दिया गया है। यह कदम क्षेत्र को ग्रीन जोन बनाने की दिशा में उठाया गया है।

सीईओ डॉ. तनु जैन ने बताया कि छावनी परिषद ने इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस प्लांट में प्रतिदिन 40 टन से अधिक गीला और सूखा कचरा वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित किया जाएगा। इससे न केवल कचरे की समस्या कम होगी, बल्कि पर्यावरण को भी बड़ा लाभ मिलेगा। परियोजना के तहत कचरे से ग्रीन एनर्जी तैयार की जाएगी। सूखे और ठोस अपशिष्ट से बिजली उत्पादन के साथ-साथ बायो-सीएनजी भी बनाई जाएगी।



इससे छावनी क्षेत्र ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। परियोजना के लागू होने के बाद स्थानीय निवासियों को पाइपलाइन के माध्यम से गैस उपलब्ध कराने की योजना है। इससे घरेलू उपयोग में सुविधा बढ़ेगी। एलपीजी पर निर्भरता कम होगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर सीएसआर फंड के जरिए करीब 25 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे।

### कूड़ा-कचरा प्रबंधन पर खास ध्यान

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली में कूड़ा-कचरा प्रबंधन पर खास ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए कूड़े से गैस बनाने की कई योजनाएं प्रस्तावित हैं। छावनी क्षेत्र में कचरे से बिजली और गैस बनाने की कार्पाययोजना पर काम चल रहा हे। इधर सथरापुर में 100 टन क्षमता का कंप्रेस्ड बायो-गैस (सीबीजी) प्लांट स्थापित करने का भी प्रस्ताव पास कर दिया गया। सोमवार को बरेली स्मार्ट सिटी लिमिटेड की बोर्ड बैठक में बरेली में गीले कचरे और गोबर से सीबीजी गैस बनाने का खाका खींचा गया है।

### परसाखेड़ा में चार मंजिला फैक्ट्री बना किराए पर देगा उद्योग विभाग

**बरेली, अमृत विचार :** परसाखेड़ा औद्योगिक आस्थान में उद्योग विभाग आधुनिक चार मंजिला फैक्ट्री भवन का निर्माण कराएगा। विभाग ने परियोजना से संबंधित सभी कागजी प्रक्रियाएं पूरी कर प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। शासन से मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यह भवन उद्यमियों को किराये पर फैक्ट्री संचालित करने के लिए दिया जाएग। इससे विभाग के राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी। उपायुक्त उद्योग विकास यादव ने बताया कि यह फैक्ट्री लगभग चार हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित की जाएगी। बहुमंजिला इस भवन का उद्देश्य छोटे और मध्यम उद्यमियों को तैयार इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें अलग से जमीन और भवन निर्माण की जटिल प्रक्रिया से न गुजरना पड़े। तैयार फैक्ट्री स्पेस को किराए पर देकर विभाग एक ओर जहां राजस्व अर्जित करेगा, दूसरी ओर नए उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

## हज यात्रा की तीसरी किस्त 6 अप्रैल तक जमा कर सकेंगे

- **बरेली हज सेवा समिति ने यात्रियों से तय तारीख पर किस्त जमा करने की अपील की**

**बरेली, अमृत विचार:** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने आजमीन-ए-हज को बढ़ी राहत दी है। हज यात्रा की तीसरी किस्त जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 6 अप्रैल तक कर दी है। मंगलवार, 31 मार्च को अंतिम तिथि थी।

इस बीच कमेटी ने मियाद बढ़ाने का नया आदेश जारी कर दिया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हज कमेटी ऑफ इंडिया वेबसाइट पर अपडेट कर दी गई है। बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खां वारसी ने हज यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि दिशानिर्देश के मुताबिक तय तारीख पर अपनी किश्त जमा कर दें।

# उपलब्धि : नेचर इंडेक्स में रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बिखेरी चमक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने नेचर इंडेक्स रैंकिंग 2026 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय ने देश में समग्र (ओवरऑल) श्रेणी में 168 वां और अकादमिक प्रदर्शन श्रेणी में 137 वां स्थान प्राप्त किया है।

विश्वविद्यालय का वैश्विक स्तर पर भी प्रदर्शन सराहनीय रहा है। समग्र श्रेणी में विश्वविद्यालय को 4159 वां स्थान मिला है। साथ ही अकादमिक प्रदर्शन में 2442 वीं रैंक हासिल हुई है। इसके अलावा भौतिक विज्ञान (फिजिकल साइंस) अनुसंधान के क्षेत्र में विश्वविद्यालय ने देश में 93 वां और वैश्विक स्तर पर 2135 वां स्थान प्राप्त किया है। नेचर इंडेक्स एक प्रतिष्ठित वैश्विक रैंकिंग प्रणाली है, जो प्राकृतिक और स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में प्रकाशित उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्यों के आधार पर संस्थानों का मूल्यांकन करती है। यह इंडेक्स 145 चयनित अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित शोध पत्रों को ट्रैक करता है। जिनका चयन स्वतंत्र शोधकर्ताओं की ओर से उनकी गुणवत्ता और प्रतिष्ठा के आधार पर किया जाता है।



- **देश में 168 वां और अकादमिक प्रदर्शन में 137 वां स्थान**
- **विश्वविद्यालय की वैश्विक स्तर पर भी बेहतर रैंकिंग**
- **कुलपति ने सफलता को सामूहिक मेहनत का परिणाम बताया**

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने इस सफलता को विश्वविद्यालय प्रशासन, संकाय सदस्यों, शोधार्थियों और छात्रों की सामूहिक मेहनत का परिणाम बताया है। कहा कि यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय की शोध गुणवत्ता और अकादमिक उत्कृष्टता को दर्शाती है, बल्कि उसकी वैश्विक पहचान को भी मजबूत करती है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी उच्च गुणवत्ता वाले शोध, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई है। फिलहाल, नेचर इंडेक्स में बेहतर रैंकिंग से शिक्षकों के साथ छात्र भी उत्साहित हैं।




## नाले गंदगी से चोक

शहर में कई जगहों पर नाले कूड़ा और गंदगी से अटे पड़े हैं, इसके बाद भी नगर निगम के अफसरों का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। हल्की बारिश में चोक नाले उफना जाते हैं। सड़कों पर पानी भर जाता है। आवाजाही में लोगों को परेशानी से जूझना पड़ता है। बदायूं रोड पर कई नालों में गोबर डाला जा रहा है।

● अमृत विचार







## पुलिस पर ऋषभ ठाकुर की पिटाई करने का आरोप

**बरेली, अमृत विचारः** दूसरे समुदाय की युवक से मारपीट करने के मामले में जेल भेजे गए आरोपी ऋषभ ठाकुर के बचाव में उसकी बहन ने वीडियो जारी किया है। आरोपी की बहन ने पुलिस पर ऋषभ को पिटाई करने का आरोप लगाया है। इस वीडियो में हवालात में बंद ऋषभ ठाकुर का वीडियो भी जोड़ा गया है, जिसमें आरोपी ने पुलिस अधिकारी पर पटे से पीटने का आरोप लगा रहा है। वीडियो में ऋषभ की बहन बता रही हैं कि ठिरिया निवासी दूसरे समुदाय के लोगों के सामने ऋषभ की पिटाई की गई। आरोप है कि एक अधिकारी ने उसे पटे मारे हैं। फिलहाल, यह वीडियो वायरल हो रहा है।

● **ऋषभ के बचाव में उतरी बहन पुलिस पर साधा निशाना**

## नवनिर्मित पुरानी जिला जेल के संचालन की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **जिला जेल के लिए 15.75 करोड़ रुपये से उपकरण खरीदे जाएंगे**

**अमृत विचारः** नवनिर्मित पुरानी जेल के संचालन की शासन स्तर से तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। उपकरणों की खरीद कराने के लिए 15.75 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी की है। इस धनराशि से तलाशी उपकरणों के साथ कंप्यूटर, आरओ प्लांट, हैवी ड्यूटी वाशिंग सहित अन्य उपकरण जेल में स्थापित किए जाएंगे। चिकित्सालय की मरम्मत, कारागार कार्यालय व चिकित्सालय के लिए फर्नीचर खरीदा जाएगा।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग के संयुक्त सचिव सूर्य प्रकाश मिश्र ने धनराशि स्वीकृति के संबंध में पत्र जारी किया है। जिसमें बताया है कि उपकरणों, संयंत्रों व सामग्री की खरीद करने के लिए 15.75 करोड़ रुपये की धनराशि की स्वीकृति दी गयी है। सीसीटीवी इकाई के लिए 105920295 रुपये, वीडियो कान्फ्रेंसिंग इकाई के लिए 1874773 रुपये, सुरक्षा/तलाशी उपकरणों के लिए 6269250 रुपये, वायरलेस सेट के लिए 1020000 रुपये, इंटरकॉम इकाई के लिए 800000 रुपये, कार्यालय/ई प्रिजन कार्य करने के लिए कंप्यूटर हार्डवेयर के लिए 1514724 रुपये, कार्यालय प्रबंध व्यवस्था के लिए उपकरण एवं सामग्री के लिए 2618708 रुपये आरओ प्लांट, हैवी ड्यूटी वाशिंग मशीन आदि के लिए 8889058 रुपये, चिकित्सालय साज सज्जा सामग्री एवं उपकरण के लिए 6006121 रुपये जारी किए गए हैं। सयंत्रों की खरीद जैम पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

## घर के झगड़े में चली गोली

**बरेली/फरीदपुरः अमृत विचार :** घर के झगड़े में चली गोली, न्याय के लिए दर-दर भटका पीड़ित फरीदपुर थाना क्षेत्र के पचौमी गांव में , जब ससुराल पक्ष के लोग कथित तौर पर हथियार लेकर घर में घुस आए।असलम ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराए मुकदमे में बताया है कि 18 अगस्त 2025 की शाम को उसके ससुर फरियाद हुसैन, साला अहमद हुसैन, पत्नी शहाना, साली शबीना, भांजा तसलीम और दो अज्ञात लोग उसके घर पहुंचे। आरोप है कि सभी के हाथ में लाठी-डंडे और तमंचा था। आते ही गाली-गलौज शुरू हुई और फिर मारपीट होने लगी।

असलम के मुताबिक, आरोपियों ने घर में रखे करीब 7800 रुपये और सोने के जेवर भी जबरन निकाल लिए। शोर सुनकर जब उसका भाई बब्लू मौके पर पहुंचा, तो हालात और बिगड़ गए उसे जान से मार दो, कहकर अहमद हुसैन ने तमंचे से फायर कर दिया, जो दरवाजे में जा लगा।

# गोदाम में लगी भीषण आग, 20 हजार मीटर जले

## नहीं था बिजली कनेक्शन, हादसे के पीछे साजिश की आशंका, मुख्य अभियंता ने जांच के लिए कमेटी गठित की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रामपुर गार्डन स्थित अधिशासी अभियंता कामर्शियल द्वितीय कार्यालय के पुराने गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार दोपहर आग भड़क गई। गोदाम में रखे करीब 20 हजार मीटर जल गए। दमकल टीम ने आग बुझाई। जबकि गोदाम में बिना बिजली कनेक्शन के आग लगने की बात किसी के गले नहीं उतर रही है। हादसे के पीछे साजिश की आशंका के मद्देनजर जांच के लिए कमेटी गठित की गयी है। दमकल और बिजली विभाग के अधिकारी आग लगने के कारण पता लगा रहे हैं।

गोदाम में दोपहर करीब 12 बजे अचानक से आग लग गई। दरवाजे से आग की लपटें बाहर निकलती दिखाई दीं तो वहां पहुंचने वाले उपभोक्ता, अधिकारी, कर्मचारी आग पर काबू पाने के लिए जुट गए।



गोदाम में लगी आग बुझाते पुलिस और दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

● **अधिशासी अभियंता कामर्शियल द्वितीय कार्यालय के पुराने गोदाम में रखे थे मीटर**

सूचना दमकल विभाग को दी गई। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। आसपास के इलाकों में बड़ा नुकसान होने से बच गया। वहीं, आग में करीब 20 हजार पुराने मीटर जलने की बात सामने आई है। फिलहाल, आग लगने के कारणों को पता करने के लिए जांच कमेटी गठित कर दी गई है।



गोदाम में रखे बिजली मीटर। ● अमृत विचार

### आग लगने के कारणों को पता किया जा रहा

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) मनु सिंह के मुताबिक, जिस गोदाम में आग लगी, वहां कोई बिजली कनेक्शन नहीं था। ऐसे में आग लगने की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है और जांच के आदेश दिए गए हैं। वहीं आशंका जताई जा रही है कि गोदाम के बाहर पड़े सूखे पत्तों में आग लगी होगी, जिसकी चिंगारी अंदर पहुंच गई और इस हादसे का कारण बनी। फिलहाल, आग लगने के असली कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### दो घंटे में तीन टीमों ने पाया आग पर काबू

तीन दमकल टीमों ने दो घंटे में आग पर काबू पाया। एक गाड़ी से परिसर के अंदर से आग को बुझाने का प्रयास किया गया। आग पर काबू न मिलने पर टिन को तोड़कर पानी डाला गया। फिर मुख्य द्वार से भी टिन को तोड़कर पानी की बौछार कर आग बुझाने का प्रयास किया गया। दोपहर करीब पौने दो बजे आग को बुझाया गया।

### कहीं कोई घोटाला छिपाने की साजिश तो नहीं

आग लगने के बाद विभाग में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कहीं बिजली बिलों से जुड़ा कोई घोटाला छिपाने के लिए आग लगाने की साजिश तो नहीं रची गई। हालांकि, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सीबीगंज स्टोर में जगह नहीं होने की वजह से रामपुर गार्डन स्थित कार्यालय में बने गोदाम में पुराने मीटरों को डिग्लेयर करने के बाद ही रखा गया था। वह एक तरह से स्क्रेप था, जिसे सीबीगंज स्टोर में भेजा जाना था। वहीं, मामले में जांच के लिए मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता धर्मेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर तीन दिन में रिपोर्ट मांगी है। जिसमें एसडीओ और जेई के बयान दर्ज किए जाएंगे।

## तस्करी : 2012 से स्मैक बनाकर बेचते थे पिता-पुत्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **दिल्ली समेत अन्य जगहों पर करत थे सप्लाई, पुलिस खंगाल रही नेटवर्क**

**अमृत विचारः** बदायूं के थाना विनावर के गांव भगवानपुर का परिवार लंबे समय से कच्चे मादक पदार्थों को केमिकल की सहायता से स्मैक एवं हेरोइन में परिवर्तित कर रहा था। इसके बाद उसे ऊंचे दामों पर बेचता था। जांच में सामने आया है कि 2012 स्मैक बनाकर दिल्ली समेत अन्य जगह पर बेचता था। मंगलवार को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और भमोरा पुलिस ने पिता-पुत्रों को पकड़ा। पुलिस उसके अन्य नेटवर्क को खंगालने में लगी है।

पकडे गए परमानंद ने बताया कि वह कच्चे मादक पदार्थों को केमिकल की सहायता से स्मैक एवं हेरोइन में परिवर्तित कर उन्हें ऊंचे दामों में बेचता था। आरोपी ने स्वीकार किया है कि वह इस काम में अपने बेटे रविन्द्र और यशवीर की भी मदद लेता था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि इस अवैध धंधे की शुरुआत परमानंद ने की थी। उसके पिता के नाम कभी अफीम की खेती का लाइसेंस था, उसी दौरान उसने अफीम से क्रूड और फिर स्मैक तैयार करने की प्रक्रिया सीख ली। आरोप है कि वह वर्ष 2012 से लगातार स्मैक बनाकर बेच रहा था और इसकी सप्लाई दिल्ली समेत कई जिलों में करता था। पुलिस ने आरोपियों के पास से मिले मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं और अब उनकी कॉल डिटेल व संपर्कों को खंगाला जा रहा है। यह कार्रवाई एएनटीएफ यूनिट बरेली के प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव के नेतृत्व में की गई। टीम में भमोरा थाना प्रभारी सनी चौधरी, एसआई हीरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल मुस्तफा मौजूद रहे।

## युवक की रंजिशन हत्या में दो की जमानत अर्जियां निरस्त

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचारः** युवक की रंजिशन हत्या करने के आरोपी थाना भमोरा के ग्राम हजरतपुर निवासी पप्पू उर्फ शाहिद व खुर्शीद की जमानत अर्जियां जिला जज प्रदीप कुमार सिंह ने खारिज कर दी।

डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि मृतक बाबू के भाई ने थाना भमोरा में तहरीर देकर बताया था कि भाई बाबू, जाविद, सफी आलम, मुशर्रफ आदि के साथ आंवला से जमानत कराकर गांव लौट रहा था तभी करीब 6.30 बजे शाम को गांव के ही खुर्शीद, इस्लाम, पप्पू उर्फ शाहिद, मुस्लिम, आनिस, अमन, अजीम, मुजीम आदिल, जारिफ, आस मोहम्मद, आरिस, जुनैद, अफसर आदि ने गांव से पहले ही खेत के पास घेर लिया और गाली गलौज करने लगे। इन लोगों ने एक राय होकर भाई बाबू व चचेरे भाई जाविद को लाठी डंडों से पीटा। बाबू की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर पुलिस ने हत्या की संगीन धारा बढ़ाते हुए आरोपियों गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## सफाई नायक व परिजनों पर हमला

● **पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**

**बरेली, अमृत विचार :** किला क्षेत्र में सफाई नायक और उसके परिवार के लोगों के साथ मोहल्ले के कुछ लोगों ने मारपीट की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

किला थाना क्षेत्र के स्वालेनगर निवासी श्यामकुमार ने बताया कि वह नगर निगम के वार्ड 30 स्वालेनगर में सफाई नायक हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को वह स्वालेनगर में डयूटी कर रहे थे। इसी बीच अमरपाल सिंह से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी दौरान अमर सिंह के बेटे मुकुल, मयंक और उनकी पत्नी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि अमर सिंह और उसके परिवार ने मिलकर श्याम कुमार के बेटे समीर, बेटी पलक समेत घर की महिलाओं में संतोष, शीतल और गीता के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में सभी को चोटें आई हैं। किला पुलिस ने अमर पाल सिंह, मुकुल, मयंक और अमर पाल सिंह की पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**दिव्यांग और उसकी बहन से मारपीट, चार पर रिपोर्ट**

बहन की ससुराल में हुए विवाद को निपटाने पहुंची दिव्यांग महिला के साथ आरोपियों ने मारपीट की जिसमें महिला और उसकी बहन घायल हो गई। बारादरी पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुराना रोडवेज निवासी एक महिला ने बताया कि बारादरी क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली उसकी बहन दो बच्चों के साथ सोमवार को घर पर रोते हुए आई और बताया कि पति, सास और जेठ ने उसके साथ मारपीट की है।

### घर में घुसकर मारपीट करके किया पथराव

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला कोर्ट निवासी तौफीक उद्दीन ने बताया कि उसका 28 मार्च को फैजुल उर्फ बाबू जी के साथ झगड़ा हो गया था जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की थी। आरोप है कि पुलिस ने जबरन समझौता करा दिया था। उसके बाद से आरोपी लगातार उसे और परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहे है। 29 मार्च को उसके घर में कई लोग घुस आए और पथराव किया। पीड़ित की तहरीर पर बारादरी पुलिस ने फैजुल उर्फ बाबू जी, मुनव्वर उर्फ गंठा, मुन्ना, शवाब, फैजुल के एक अन्य साथी पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### घर में घुसकर पीटा, जान से मारने की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मिलक रोंधी गांव निवासी पुष्पा ने बताया कि उनका बेटा गौरव सागर ट्रैक्टर चलाता है। सोमवार रात वह ट्रैक्टर लेकर गया था। आरोप है कि रात 11 बजे जफर खां, अंसार और दो से तीन अज्ञात लोग उसके घर में हथियार लेकर घुस आए। उसके बाद उन्होंने मारपीट की। आरोपियों ने उसकी बाइक और ट्रैक्टर में तोड़फोड़ की। आरोपियों ने जातिसूचक शब्द का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी। सुभाषनगर पुलिस ने जफर खां, अंसार, कादर और अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## प्रेम संबंध का विरोध करने पर पत्नी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की महिला ने बताया कि उसके पति के बारादरी थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला से प्रेम संबंध है। एक माह पहले उसे इसकी जानकारी हुई तो इसने विरोध किया। आरोप है कि उसके बाद पति ने उसके साथ गालीगलौज की। 30 मार्च को वह अपनी सहेलियों के साथ पति की प्रेमिका से बात करने के लिए गई थी। उसके बाद वह इज्जतनगर क्षेत्र में अपनी सहेलियों की घर पर थी।

● **आरोप-पति ने महिला की सहेलियों पर भी किया हमला**

आरोप है कि तभी उसका पति और उसकी प्रेमिका वहां पर आ गई। पति और उसकी प्रेमिका ने उसकी सहेलियों व उसके साथ मारपीट की। महिला की तहरीर पर इज्जतनगर पुलिस ने उसके पति और प्रेमिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत, पत्नी ने पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार

संवाददाता, बरेली/नवाबगंज

**अमृत विचारः** कस्बे की बस्ती बहोर नगला में सोमवार रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जिस घर में एक दिन पहले ही शादी की खुशियां थीं, वहीं अगले ही दिन अचानक मातम पसर गया। घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया।

बस्ती निवासी तेजराम का 35 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार रात में खाना खाने के बाद अपनी पत्नी प्रेमवती और दो बच्चों के साथ सो गया था। देर रात किसी समय उसकी अचानक मौत हो गई। सुबह जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो घर में कोहराम मच गया और देखते ही देखते मोहल्ले के लोगों की भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक का छोटा भाई सुनील कुमार स्टेट बैंक की मिनी ब्रांच चलाता है और एक दिन पहले ही उसकी बारात बरखेड़ा थाना क्षेत्र के पुरैना गांव से बहू को विदा कराकर लौटी थी। घर में खुशी का माहौल था, लेकिन अचानक हुई इस घटना ने सारी खुशियों को मातम में बदल दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक की पत्नी प्रेमवती ने पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया। वह भावुक होकर बार-बार यही कहती रही कि पति का पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा।



शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पत्नी को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार






## मौलाना शहाबुद्दीन ने राज्यपाल को लिखा पत्र

**बरेली, अमृत विचार:** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पत्र लिखकर नगर निगम की गंभीर लापरवाही की ओर ध्यान आकर्षित किया है।

पत्र में बताया गया कि 2026 के शुरुआती तीन महीनों में खुले नालों के कारण तीन लोगों की जान जा चुकी है। ताजा घटना 24 मार्च की है, जहां सेटेलाइट बस स्टैंड के पास खुले नाले में गिरने से हरदोई निवासी ट्रक ड्राइवर तौहीद की मौत हो गई। इससे पहले सुरेश कुमार और सैय्यद आरिफ अली भी इसी तरह की अनदेखी का शिकार होकर अपनी जान गंवा चुके हैं। मौलाना शहाबुद्दीन ने राज्यपाल से इन घटनाओं की उच्चस्तरीय जांच कराने और मृतक परिवारों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में बनेंगी 98 सड़कें

## सड़कों के लिए 47.63 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत, 22.89 करोड़ जारी किए गए, सफर होगा सुगम

- विधानसभा क्षेत्रों में त्वरित आर्थिक विकास निधि से होंगे कार्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार:** शासन ने त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद में विकास कार्य कराने के लिए खजाना खोल दिया है। आमजन को सहूलियत देने के लिए सड़कों सहित अन्य विकास कार्य कराने के लिए 98 कार्यों के निर्माण की मंजूरी दी है। इसके लिए 47.63 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। 22.89 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति पर बरेली को विकास की सौगात मिली है। शहरी क्षेत्र के स्वीकृत कार्यों के लिए प्रथम किस्त में 480 लाख रुपये जारी किए हैं। ग्रामीण क्षेत्र के स्वीकृत कार्यों के लिए प्रथम किस्त में 1809 लाख रुपये अवमुक्त किए हैं। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि छत्रपाल गंगवार के संसदीय क्षेत्र में 7 सड़कों का निर्माण होगा। नीरज मौर्य के संसदीय क्षेत्र आंवला में दो सड़कें बनेंगी। आंवला के विधायक एवं पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के क्षेत्र में सड़क, खड़ंजा पर लेपन सहित सात कार्य होंगे। शहर विधायक वनमंत्री डॉ अरुण कुमार के क्षेत्र में 14 सड़कों का निर्माण होगा। इसमें बसंत विहार, बसंत विहार फेस-2, आशुतोष सिटी, वीर सावरकर नगर, नार्थ सिटी पाकेट ए, वीर सावरकर नगर, जवाहर नगर, संजय नगर में सड़कें बनेंगी। मीरगंज विधायक डॉ डीसी वर्मा के क्षेत्र में 9 सड़कों का निर्माण होना है। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के क्षेत्र में 15 सड़कों का निर्माण होना है। बिथरी चैनपुर विधानसभा क्षेत्र में भी 14 सड़कों का निर्माण होना है। नवाबगंज क्षेत्र में छह सड़कें बनेंगी। बहेड़ी के दमखोदा में एक सड़क और भोजीपुरा क्षेत्र में तीन सड़कें बनेंगी। विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य के क्षेत्र में 11 सड़कें और कुंवर महाराज सिंह के क्षेत्र में 9 सड़क-चकमार्ग का निर्माण होना है।

### वित्त वर्ष के आखिरी दिन ली सड़कों की सुध

**बरेली, अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन शासन से स्वीकृति मिलने के बाद शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के एक दर्जन से अधिक प्रमुख मार्गों का निर्माण जल्द शुरू होगा। अधिशासी अभियंता भगत सिंह के अनुसार, स्टेडियम रोड स्थित सिटी हार्ट कॉलोनी की गलियों और पीलीभीत बाईपास से शहीद भगत सिंह अस्पताल मार्ग के लिए करीब पांच करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही, गैनी-नौगंवा ब्रह्मनान, सुकटिया-नौगंवा और अटरिया रेलवे क्रॉसिंग जैसे महत्वपूर्ण ग्रामीण संपर्कों के लिए करोड़ों का बजट जारी कर पहली किशत भी आवंटित कर दी गई है। बुनियादी ढांचे में सुधार के इस बड़े अभियान से क्षेत्रीय निवासियों को जर्जर सड़कों से स्थायी राहत मिलेगी।

> त्वरित आर्थिक विकास योजना में 98 कार्यों पर स्वीकृति मिलने के साथ 22 करोड़ 89 लाख की धनराशि जारी की गयी है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया है। संबंधित अधिकारियों को जल्द टेंडर प्रकिया पूरा कराने के निर्देश दिए हैं।
>
> – **अविनाश सिंह**, जिलाधिकारी

## पंचायतों में डिजिटल अपग्रेड 25 लाख का बजट जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सख्त शर्तों के साथ होगा खर्च, पंचायत व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत पंचायत व्यवस्था को डिजिटल रूप से मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पंचायती राज विभाग ने जिला पंचायत को कम्प्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की खरीद के लिए कुल 25 लाख की धनराशि आवंटित की है।

जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि यह बजट जिला पंचायतों में डिजिटल संसाधनों को बेहतर बनाने, प्रशासनिक कार्यों को तेज और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से दिया गया है। सरकार ने इसके खर्च को लेकर बेहद सख्त शर्तें भी तय की हैं। धनराशि को सीधे पीएलए या डिपॉजिट खाते में जमा नहीं किया जाएगा। केवल आवश्यकता के अनुसार ही कोषागार से निकाली जाएगी और एकमुश्त आहरण पर रोक लगाई गई है। आदेश में यह भी साफ किया गया है कि बिना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के कोई भी व्यय नहीं किया जाएगा। अनियमितता या गबन की स्थिति सामने आती है तो संबंधित आहरण-वितरण अधिकारी जिम्मेदार होंगे और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिले को हर माह की 20 तारीख तक खर्च का पूरा विवरण निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराना होगा। वहीं, कोषागार से आहरित धनराशि का मिलान विवरण अगले माह की 5 तारीख तक देना अनिवार्य किया गया है। कुल मिलाकर, सरकार पंचायत स्तर पर डिजिटल ढांचा मजबूत करने के साथ वित्तीय अनुशासन को भी सख्ती से लागू करने के मूड में नजर आ रही है।

# मौसम बदल रहा रंग- रूप... चढ़ेगा पारा, गर्मी करेगी लोगों को बेचैन

- 2-3 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की होगी बढ़ोतरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली





धूप से बचने को घर से चेहरे ढककर स्कूटी से निकलीं युवतियां।

**अमृत विचार :** बरेली में तापमान बार-बार रंग बदल रहा है। तेज धूप के साथ बादल छा जाते हैं और बारिश की संभावना बन जाती है। बहरहाल आने वाले दिनों में पारा के तेजी से बढ़ोतरी के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार 2-3 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 20.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन भर तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया। सुबह से ही तेज धूप के कारण लोग छाते, गमछा और अन्य उपायों का सहारा लेते नजर आए। हालांकि शाम के समय हल्के बादल छाने से कुछ राहत महसूस हुई। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार बताया कि अप्रैल से जून के बीच औसत अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की आशंका है। इससे बरेली समेत क्षेत्रों में उष्ण लहर के दिनों की संख्या भी बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल तक मौसम साफ रहने और तापमान में लगातार वृद्धि के संकेत हैं, जिससे लोगों को गर्मी के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

# परिषदीय स्कूलों में बच्चों की डिजिटल उपस्थिति दर्ज होगी

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति अब रजिस्टर में नहीं, बल्कि प्रेरणा एप के जरिये उसे डिजिटल रूप में दर्ज करना होगा। ऐसा न करने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है।

बीएसए डॉ. विनीता ने बताया कि बुधवार से नया सत्र शुरू होने जा रहा है। काफी स्कूलों में किताबें पहुंच गईं हैं। बाकी स्कूलों में जल्द पहुंचने वाली हैं। जिले के सभी परिषदीय स्कूलों में प्रेरणा एप के माध्यम से बच्चों की डिजिटल उपस्थिती दर्ज कराई जाएगी। इस संबंध में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। अफसर स्कूलों पर नजर भी रखेंगे कि किन किन स्कूलों से उपस्थिति आ रही है। प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने शिक्षकों से स्कूलों में बच्चों का नामांकन बढ़ाने का आह्वान किया है।

### जीएसटी का जीरो टॉलरेंस अभियान होगा तेज

बरेली, अमृत विचार : जीएसटी विभाग टैक्स चोरी और अनियमित परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत व्यापक अभियान चलाने की तैयारी कर रहा है। विभागीय स्तर पर दिल्ली, बरेली, रुद्रपुर और हल्द्वानी रूट पर माल ढोने वाले वाहनों की निगरानी शुरू कर दी गई है। आयुक्त ग्रेड-दो आशीष निरंजन ने बताया कि राज्य सीमा और प्रमुख टोल प्लाजा पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए प्रवर्तन टीमों को सक्रिय किया जा रहा है, जो संदिग्ध वाहनों को चिह्नित कर उनके दस्तावेजों और सामान का भौतिक सत्यापन करेंगी। विभाग ने परिवहन कंपनियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अलग-अलग टीमें गठित करने की तैयारी भी शुरू कर दी है।

# खत्म हुआ इंतजार, बरेली का झुमका सज-धज कर तैयार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** 'बरेली का झुमका' एक बार फिर नए और बेहद आकर्षक रूप में सामने आने को तैयार है। इस प्रतिष्ठित प्रतीक को नई साज-सज्जा और भव्यता के साथ पुनर्निर्मित किया गया है। हर्ष अग्रवाल ने बताया कि इस झुमके के नए लुक को तैयार करने में प्रदीप ओबेरॉय ने कड़ा परिश्रम किया। उनकी वर्कशॉप में वैज्ञानिक और कलात्मक पद्धति से इस पर मेटल प्लेटिंग और विशेष फिनिशिंग का कार्य किया गया। अब यह झुमका रामपुर तिराहे की शोभा बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। मंगलवार को टेलीफोन एक्सचेंज के पास स्थित वर्कशॉप पर इस भव्य झुमके के दीदार के लिए विजय चौहान, अमित गुप्ता, हर्ष अग्रवाल,



जितेंद्र भल्ला, नरेश भाटिया, संजीव सक्सेना, अनूप मेहरा, नूतन मिश्रा, उदय गोयल, प्रमोद मित्तल, रमेश अग्रवाल समेत शहर के तमाम लोग एकत्र हुए। जिन्होंने इसकी नई चमक और बारीकियों की जमकर सराहना की। जल्द इसे स्थापित किया जाएगा।

### नया रूप देने को हटा दिया था झुमका

झुमका गिरा रे बरेली की बाजार में से प्रेरित होकर दिल्ली हाईवे पर परसाखेड़ा जीरो प्वाइंट पर झुमका टांगा गया तो ये जगह झुमका तिराहे के नाम से मशहूर हो गई थी। लोग इसे देखने जाते थे। धीरे-धीरे इसकी चमक कुछ फीकी पड़ी तो कायाकल्प की जरूरत महसूस की गई। अखिरकार करीब एक माह पहले झुमका उतार लिया गया। बताया गया कि झुमके का कायाकल्प केवल पेंट की परत चढ़ाकर नहीं, बल्कि कलात्मक बारीकियों के साथ किया गया। इस पर ब्रास की तरह दिखने वाली परत चढ़ाई गई है।

# शिक्षकों से मिले सपा नेता



शिक्षकों से मिलते सपा नेता दानिश अख्तर व अन्य। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के नेता दानिश अख्तर ने पदाधिकारियों के साथ सोमवार को मूल्यांकन कर रहे शिक्षकों से मुलाकात की।

एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज में भ्रमण कर शिक्षकों से संवाद किया। कहा कि पुरानी पेंशन बहाली होना जरूरी है। हर बार शिक्षक ही क्यूं अग्नि परीक्षा दें। प्रदेश के छात्र छात्राओं का रिजल्ट 90 प्रतिशत हो गया, फिर भी हमारा शोषण हो रहा है। प्रधानाचार्य तौकीर सिद्दीकी, डॉ. मेंहदी हसन, ठाकुर प्रमोद सिंह बिष्ट, हैदर अली, नदीम उज्जफर, हसन दानिश, नीतू मेहरोत्रा, विक्की मौजूद रहे।

## महिला सशक्तिकरण विषय पर की चर्चा

**बरेली, अमृत विचार:** साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत रविवार को मिशन शक्ति अभियान फेस-5 के द्वितीय चरण के तहत महिला सशक्तिकरण पर काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनीता, प्रथम इकाई और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीति सिंह द्वितीय इकाई के नेतृत्व में 20 से अधिक स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया। प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा, प्रो. प्रीति पाठक, समीक्षा सिंह, हीरा नाज, खुशी सैनी, अदिति शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# दो रोजा उर्स-ए-ताजुश्शरिया का पोस्टर जारी, भेजे जा रहे निमंत्रण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 24-25 अप्रैल को मनाया जाएगा उर्स, तैयारी शुरू

**अमृत विचार:** 8 वां उर्स-ए-ताजुश्शरिया 24 व 25 अप्रैल को मनाया जाएगा। इसको लेकर मंगलवार को दरगाह ताजुश्शरिया की तरफ से दो रोजा उर्स का पोस्टर जारी कर दिया गया है। उर्स के सभी कार्यक्रम ग्रैंड मुफ्ती ऑफ इंडिया मुफ्ती मुहम्मद असजद रजा खां कादरी की सरपरस्ती व सदारत में खानकाह ताजुश्शरिया और मदरसा जामियातुर्रजा में मनाया जाएगा।

जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उर्स प्रभारी सलमान हसन खान (सलमान मियां) ने बताया कि उर्स को लेकर शासन-प्रशासन को अवगत कराया गया है। जल्द ही जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की जाएगी। सोशल मीडिया, ईमेल व डाक के माध्यम से देश विदेशों में उर्स के निमंत्रण भेजे जा रहे हैं। जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियां) ने कहा कि उर्स का आगाज परचम कुशाई के साथ होगा। जल्द ही तैयारियों का जायजा लिया जाएगा और जल्द ही वालंटियर की मीटिंग ली जाएगी। कोर कमेटी सदस्य डॉ मेहंदी हसन, हाफिज इकराम, शमीम अहमद, मौलाना शम्स, आबिद अजहरी, बख्तियार खान, आदि लोग मौजूद रहे।

मीठी यादें | अप्रैल फूल से जुड़े किस्से साझा कर खिलखिलाते रहे अफसर

# अप्रैल फूल... हंसी के किस्से, चेहरों पर मुस्कान

कार्यालय संवाददाता, बरेली


अमृत विचार : अप्रैल फूल के किस्से जीवन पर्यंत यादगार बने रहते हैं। जब उनकी चर्चा आती है तो लोगों के चेहरों पर मुस्कान आ जाती है। पुरानी मीठी यादें ताजा हो जाती हैं। कई अफसरों ने जब ये किस्से साझा किए तो एक बार फिर उन पलों में लौट गए। उनके चेहरे खिल उठे।

### सम्मान के लिए बुलाया, कर दी रंगों की बौछार

नगर निगम में तैनात मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने भी अप्रैल फूल की यादें साझा कीं। उन्होंने बताया कि यह किस्सा याद आते ही चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। बताते हैं कि जब वह वर्ष 2012 में हापुड़ में तैनात थे। उनके जीआई सर्वे ने नगर निकाय की कमाई बढ़ा दी। मीडिया कर्मियों ने उनसे कहा कि उनका संगठन इस शानदार कामयाबी के लिए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित करना चाहता है। उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि अप्रैल फूल बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वह पूरी संजीदगी के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ। सम्मान के शब्दों के बजाय उन पर रंगों की बौछार होने लगी। चूंकि कुछ ही दिनों बाद होली थी। उनके लिए यह पल यादगार बन गया।



### ... और बन गया जिंदगी का सबसे खूबसूरत पल



दुनिया के लिए एक अप्रैल भले ही एक-दूसरे को बेवकूफ बनाने और ठहाके लगाने का दिन हो, लेकिन आरटीओ प्रशासन पंकज के लिए यह तारीख उनकी जिंदगी की सबसे खूबसूरत मंजिल तय होने का गवाह है। वर्ष 2012 की वह एक अप्रैल की सुबह, जब वह होने वाली अर्धांगिनी विद्वैता को पहली बार देखने गए थे। यह पल उनके लिए यादगार बन गया। उन्होंने इस रिश्ते को स्वीकार कर लिया। वह एक ऐसा संयोग था जहां दुनिया मजाक की ताक में थी और वहां एक नए जीवन का संजीदा सफर शुरू हो रहा था। आज भी जब कैलेंडर पर अप्रैल की पहली तारीख दस्तक देती है, तो घर में मुस्कुराहटों का दौर शुरू हो जाता है। पंकज बताते हैं कि इस किस्से की रूमानियत आज भी बरकरार है। साल दर साल बीतते गए, लेकिन एक अप्रैल का वो 'मीठा सरप्राइज' उनके रिश्ते की सबसे प्यारी नींव बना हुआ है।

### दावत उड़ाने के इंतजार में कमरे के बाहर गुजरा दिन



**बरेली :** बरेली मंडल के फर्म्स, सोसाइटी एवं चिट्स के सहायक रजिस्ट्रार नीरज पाठक उर्फ यादवेंद्र के साथ भी अप्रैल फूल का किस्सा जुड़ा हुआ है। वह बताते हैं कि बात उन दिनों की है कि जब वह इलाहाबाद में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी छात्रावास में रहकर करते थे। एक बार फर्स्ट अप्रैल की सुबह डेलीकेसी में रहने वाले एक मित्र ने मुझे फोन कर बताया कि आज हमारे यहां दावत है। मैंने मेस मैनेजर को सूचना भेज दी कि आज हमारी डाइट बंद रहेगी, साथ ही दो जूनियर के साथ मित्र के लॉज पर पहुंच गए। वहां पता चला कि कमरे पर लॉक लगा है। मैंने उनके मोबाइल पर कॉल की तो उन्होंने बताया कि 40-45 मिनट में पहुंच रहा हूं, उसके बाद पार्टी होगी। बाद में मित्र ने मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। दो जूनियर छात्रों के साथ कमरे पर लगभग तीन घंटे बाहर बैठकर इंतजार करते रहे। बाद में पता चला कि आज फर्स्ट अप्रैल है।

### ...गुस्सा आने के बाद हंसी आ गयी फिर दही जलेबी खाने गए



**बरेली :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य कहते हैं कि जब वह बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में पढ़ रहे थे तो विश्वविद्यालय की बास्केटबॉल टीम का हिस्सा थे। वे लोग एक टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हार गए थे। उनके एक साथी ने 1 अप्रैल की सुबह फोन करके बताया कि जिस मैच में हम हार गए थे, वो किसी कारण से रद कर दिया गया और अब हम फाइनल में पहुंच गए हैं। दूसरी टीम से खेलेंगे। वह तैयार होकर जूते पहन कर ग्राउंड पहुंच गए, लेकिन वहां कोई नहीं था। उस साथी को फोन किया तो उसने अपना फोन स्विच ऑफ कर लिया। बाद में उसके रूम पर गया तो पता चला कि 1 अप्रैल है और मजाक किया। उस वक्त गुस्सा तो बहुत आया, फिर हंसी आ गयी, इसके बाद दही जलेबी खाने गए।

### सरप्राइज विजिट के लिए दिल्ली से टीम आने का पत्र रख बनाया फूल

**बरेली :** सिविल एन्क्लेव (बरेली एयरपोर्ट) के निदेशक अवधेश अग्रवाल ने अप्रैल फूल के रोचक किस्से का जिक्र करते हुए बताया कि 1 अप्रैल 2023 की सुबह वह एयरपोर्ट ऑफिस पहुंचे। मेरी टेबल पर एक फाइल रखी थी, जिसमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के दिल्ली हेड क्वार्टर से एक टीम एयरपोर्ट के सरप्राइज विजिट के लिए आने का जिक्र था। फाइल देख मैंने स्टाफ से सभी रिकार्ड दुरुस्त करने के साथ स्टोर में निष्क्रिय चीजें हटाने और साफ-सफाई के निर्देश दिए। मैं खुद भी व्यवस्थाएं दुरस्त करने में जुट गया। काफी देर बाद भी टीम नहीं आई, इस बीच केबिन में एक कर्मचारी आया और कहा कि सर, कोई टीम नहीं आने वाली है। फाइल में पत्र मैंने रखा है आज अप्रैल फूल है। यह सुन जोर की हंसी आ गयी। 1 अप्रैल भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की स्थापना का दिवस भी है। हम सभी ने अप्रैल फूल और स्थापना दिवस सेलिब्रेशन के लिए स्वीट्स का आनंद लिया।



## आभा आईडी से मरीज घर बैठे बनवा रहे ओपीडी का पर्चा

- जिला अस्पताल में 350 से 400 पर्चे बन रहे रोज, आईडी बनाने पर दिया जा रहा जोर

**बरेली, अमृत विचार:** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत जिला अस्पताल में प्रतिदिन करीब 350 से 400 मरीज आभा आईडी के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर ओपीडी का पर्चा बनवा रहे हैं। अस्पताल में भी मरीजों की आभा आईडी बनाकर पर्चा बनाना सिखाया जा रहा है।

एडीएसआईसी रमेश चंद्र दीक्षित ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण कर ओपीडी पर्चा बनवाने से न सिर्फ मरीजों का समय बच रहा है, बल्कि अस्पताल में भीड़ का दबाव भी कम हो रहा है। पर्चा काउंटर पर आने वाले मरीजों को भी इसकी जानकारी दी जा रही है, ताकि अगली बार उन्हें लाइन में न लगना पड़े। रजिस्ट्रेशन के बाद मरीज को सीधे काउंटर पर जाना है। क्यूआर दिखाकर अपना पर्चा निकलवाना है। सभी पांच पर्चा काउंटरों पर ट्रेनी तैनात किए गए हैं, जो मरीजों और उनके तीमारदारों को आभा आईडी बनाने और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया समझा रहे हैं।



## सिटी ब्रीफ

### शनिवार को निकलेगी श्री बाला महाराज की शोभायात्रा

**बरेली, अमृत विचार** : श्री बाला जी महाराज (हनुमान जी) के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा शनिवार को निकाली जायेगी। शोभायात्रा दोपहर 1 बजे जैन मन्दिर, रामपुर गार्डन से प्रारम्भ होगी और कालीबाड़ी, शिवाजी मार्ग, कुतुबखाना, बड़ा बाजार, किला, अलखनाथ मार्ग से होते हुए श्री बाला जी दरबार साहूकारा पर सम्पन्न होगी। महंत अभिषेक मिश्रा ने बताया कि शोभायात्रा में कई झांकियां रहेंगी। बाहुबली हनुमान का स्वरूप लेकर कलाकार पैदल चलेंगे। शोभायात्रा के उपरांत महाआरती, मनोकामना एवं संकटमोचन महायज्ञ, भण्डारा प्रसाद एवं छप्पन भोग प्रसाद वितरित होगा।

### जागरुकता कैंप में गर्भवतियों को दी जानकारी

**बरेली, अमृत विचार** : इनरव्हील क्लब बरेली साउथ ग्लोरी की ओर से मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहगंज पश्चिमी में जागरुकता कैंप लगाया, जिसमें हाई रिस्क प्रेगनेंसी में आने वाली गर्भवतियों को प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के अंतर्गत होने वाले अल्ट्रासाउंड की जानकारी दी गई। समय-समय पर उनको एंटीनेटल चेकअप की विजिट के बारे में बताया गया। कैंप में मंडल सचिव डॉ. नीलू मिश्रा, प्रेसिडेंट डॉ. सुधा भाटिया, मेडिकल ऑफिसर डॉ. दीपाली शर्मा मौजूद रहीं।

# बढ़ती जा रही फीस, जिला शुल्क समिति की दो साल से बैठक नहीं

## फीस और महंगे सिलेबस पर नहीं होती बातचीत, स्कूल स्तर पर नहीं हैं अभिभावक समिति

**मिशन एडमिशन**





दुकान से किताबों की खरीदारी करते अभिभावक। ● अमृत विचार

- निजी स्कूलों की मनमानी से मध्यमवर्गीय परिवार परेशान कहां करें शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: निजी स्कूलों में हर साल बढ़ रही फीस और मनमानी पर रोक के लिए कागजों पर बहुत कुछ है, लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां करती है। हर साल नया सत्र शुरू होते हीपर महंगे सिलेबस का शोर मचता है लेकिन एक माह बाद सब शांत हो जाता है। स्कूलों पर नकेल कसने के लिए जो समिति बनी है उसकी बैठक दो साल से नहीं हुई है।

जानकारी के मुताबिक हर स्कूल को फीस बढ़ाने से पहले अभिभावकों की समिति को बताना होता है कि वह फीस बढ़ाने जा रहे हैं। लेकिन ऐसे तमाम निजी स्कूल है जहां अभिभावकों की कोई समिति ही नहीं है। वहीं, 2018 में प्रदेश में जिला स्तर पर जिला शुल्क समिति बनाई गई थीं। इस समिति की 2023-2024 में अंतिम बैठक हुई। उसके बाद से अब तक कोई बैठक नहीं हुई है। इससमिति में जिले के बढ़े अफसर जुड़े होते हैं जिनकी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों को आमने-सामने बैठाकर समस्याएं दूर करना है। लेकिन दो सालों से कोई बैठक नहीं हुई। इसका नुकसान अभिभावकों को हो रहा है। मध्यम वर्ग सबसे अधिक परेशान है।

**स्कूलों ने फिर बढ़ा दी फीस** : दुर्गा नगर की रेखा ने बताया कि उनकी बेटी एक निजी स्कूल में कक्षा चार में आई है। इस साल फीस में एक हजार रुपये से अधिक बढ़ गए हैं। उन्होंने अभी तीन माह की फीस जमा की है जो 11500 रुपये है। पिछले सत्र में तीन माह की फीस 10200 के लगभग जमा करती थीं। सनराइज कॉलोनी निवासी आशा शिक्षिका हैं। उनका बेटा एक निजी स्कूल में कक्षा पांच में आया है। उनके बेटे की फीस भी इस सत्र में 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ा दी गई है। उन्होंने स्कूल में जाकर विरोध किया तो कहा गया सभी अभिभावक फीस देने को तैयार है तो आपको क्या दिक्कत है।



> जिला शुल्क समिति की बैठक बेहद आवश्यक है। स्कूलों में फीस बढ़ोतरी जरूरी है या नहीं, इसकी भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। समिति के सचिव डीआईओएस को बैठक बुलानी चाहिए, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी करते हैं। यह भी जांच हो कि स्कूलों ने नए सत्र से तीन महीने पहले नियमानुसार पूरी जानकारी वेबसाइट पर डाली या नहीं। - **अंकुर सक्सेना**, अभिभावक प्रतिनिधि, जिला शुल्क समिति

> निजी स्कूलों में फीस बढ़ोत्तरी की अभी तक शिकायत नहीं मिली है। शिकायत आने पर उसे दिखवाया जाएगा। कोई भी अभिभावक फीस बढ़ने की मौखिक या लिखित शिकायत कर सकता है। जिला शुल्क समिति की बैठक जल्द कराई जाएगी। - **अविनाश सिंह**, जिलाधिकारी

## मटकापुर ग्राम प्रधान समेत कई को भेजा नोटिस

**बरेली, अमृत विचार** : विकास खंड भदपुरा की ग्राम पंचायत मटकापुर में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितताओं को लेकर ग्राम प्रधान समेत अन्य को नोटिस भेजा गया है। यह कार्रवाई जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय के आदेश पर गठित जांच समिति की रिपोर्ट के बाद की गई है।

ग्राम ब्राहिमपुर मजरा में पंचायत घर से तालाब तक बनाए गए नाले की मजदूरी भुगतान को लेकर शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि श्रमिकों की जगह ग्राम प्रधान के परिजनों के खातों में धनराशि भेजी गई। जांच के दौरान शिकायत सही निकली। पता लगा कि उनके खातों में 9660-9660 रुपये का भुगतान कर दिया गया। प्राथमिक विद्यालय ब्राहिमपुर के पास लगे हैंडपंप के नाम पर 61 हजार रुपये से अधिक का भुगतान किया गया।

जबकि उस हैंडपंप में पिछले चार वर्षों से कोई कार्य नहीं हुआ। जांच में यह भी सामने आया कि विद्यालय में लगे हैंडपंप की मरम्मत जरूर की गई थी, लेकिन भुगतान दोनों हैंडपंपों के नाम पर दिखाया गया। नोटिस के बाद आगे की कार्रवाई की तैयारी है।

# जल्द शुरू होगा नाहल नदी का कायाकल्प



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीएम ने बैठक कर संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश
- आंवला तहसील में प्रवाहित अरिल नदी का भी पुनरुद्धार होगा

**अमृत विचार** : एक जिला एक नदी के अंतर्गत मीरगंज से होकर गुजरने वाली नाहल नदी का जल्द कायाकल्प शुरू होगा। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बैठक में छोटी व सहायक नदियों के पुनरुद्धार और कायाकल्प के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि जनपद में पुनरुद्धार व कायाकल्प के लिए नाहल नदी का चयन किया गया है। अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड, उप जिलाधिकारी मीरगंज, उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला पंचायत राज अधिकारी और खंड विकास अधिकारी नदी के क्षेत्र व रूट की पैमाइश व माप कराएं और तीन दिन के अन्दर डीपीआर तैयार कर प्रभागीय वनाधिकारी बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत करें। जिससे संकलित सूचना उच्च स्तर को प्रेषित की जा सके और रविवार से नदी के पुनरुद्धार के लिए कार्य प्रारम्भ कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि इसी प्रकार आंवला तहसील के अन्तर्गत प्रवाहित अरिल नदी के पुनरुद्धार व कायाकल्प के लिए अधिकारी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। इन सभी कार्यों में डा. मो. आलम डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया मुरादाबाद तकनीकी सहयोग प्रदान करेंगे।

# तकनीक से बदली खेती की तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



खेत में लगी शिमला मिर्च।



- एक एकड़ में 25-35 टन उत्पादन सालाना लाखों की आमदनी
- नेट और पॉली हाउस से वीरपाल बने हाईटेक एग्रीकल्चर की मिसाल

**अमृत विचार** : किसान वीरपाल ने पारंपरिक खेती की सीमाओं को तोड़ते हुए नेट और पॉली हाउस तकनीक अपनाकर खेती को मुनाफे का मजबूत जरिया बना दिया है। 15 वर्षों तक नौकरी करने वाले वीरपाल आज न सिर्फ आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा दे रहे हैं।

भुता के वीरपाल वर्तमान में एक एकड़ नेट हाउस में युक्सेल, अब्राहम रेड और येलो वैरायटी की शिमला मिर्च की खेती कर रहे हैं। सामान्य किसान प्रति एकड़ 20-25 टन उत्पादन प्राप्त करते हैं वहीं वीरपाल 25-35 टन तक उत्पादन कर रहे हैं। करीब 9 से 10 महीने में तैयार होने वाली इस फसल से उन्हें बाजार में अच्छा दाम मिल रहा है। वीरपाल ने अपनी खेती में कई नवाचार भी किए हैं। इसके साथ ही ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग तकनीक अपनाकर पानी की खपत कम की। संरक्षित वातावरण में खीरा, टमाटर, बैंगन और गोभी जैसी सब्जियों की खेती कर बेहतर कीमत प्राप्त करते हैं। वर्तमान में वे 3 एकड़ में पॉलीहाउस और नेट हाउस खेती कर रहे हैं। इसको 6 एकड़ तक ले जाने की योजना है। उन्होंने बताया कि खेती की बारीकियां सीखने के लिए वह राजस्थान तक गए और आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण लिया।

जिला उद्यान अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि शुरुआत में नेट हाउस, ड्रिप सिंचाई और अन्य संसाधनों पर लगभग 7 लाख रुपये का निवेश करना पड़ता है। बेहतर उत्पादन और ऑफ-सीजन में ऊंचे दाम मिलने के कारण यह निवेश जल्द ही लाभ में बदल जाता है। शिमला मिर्च का सामान्य औसतन 25 टन उत्पादन को 100 रुपये प्रति किलो के हिसाब से आंका जाए, तो एक एकड़ में करीब 25 लाख रुपये तक की आय संभव है।

## श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 टूर्नामेंट तीन अप्रैल से

**बरेली, अमृत विचार**: एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का छठा सीजन तीन अप्रैल से शुरू होगा। फाइनल मुकाबला 12 अप्रैल को खेला जाएगा। टूर्नामेंट का आयोजन एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। इसमें मेरठ, अमरोहा, बुलंदशहर, प्रयागराज, पीलीभीत, दिल्ली और बरेली की 12 टीमें हिस्सा लेंगी। यह जानकारी ट्रस्ट के सेक्रेटरी और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने दी। आयोजन समिति ने इस बार टूर्नामेंट की इनामी राशि बढ़ा दी है। विजेता टीम को दो लाख और उपविजेता को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को 11 हजार रुपये और बेस्ट बल्लेबाज व बॉलर को 5100-5100 रुपये मिलेंगे। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच को ट्रॉफी दी जाएगी।

# हैंडबॉल: यूपी ने दूसरे मैच में कर्नाटक को हराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली



राष्ट्रीय हैंडबॉल टूर्नामेन्ट में जीत के लिए जूझतीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- 54वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में 27 टीमें ले रहीं भाग

**अमृत विचार** : फ्यूचर यूनिवर्सिटी में 54वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को भी खेल प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। यूपी की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए कर्नाटक को 30-12 से हराया।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को 17 मुकाबले खेले गए। दिल्ली ने पुडुचेरी को 21-3 से, पश्चिम बंगाल ने महाराष्ट्र को 28-9 से, जम्मू एडं कश्मीर ने तेलगाना को, राजस्थान ने लक्षद्वीप को 30-10 से,पंजाब ने मध्य प्रदेश को 22-8 से, छत्तीसगढ़ ने गुजरात को 26-16 से, दिल्ली ने बिहार को 27-10 से, मणिपुर ने करेला को 23-8 से, हिमाचल प्रदेश ने तेलगांना को 31-00 से, ओडिशा ने कर्नाटक को 11-10 से, पंजाब ने तमिलनाडू को 26-21 से, गुजरात ने उत्तराखंड को 21-8 से, बिहार ने पुडुचेरी को 19-9, आंध्र प्रदेश ने मणिपुर को 16-13, हिमाचल प्रदेश ने जम्मू और कश्मीर को 20-03 से हराया। राजस्थान और झारखंड का मैच ड्रॉ रहा। मुख्य अतिथि एमएलसी महाराज सिंह, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शैलेंद्र सिंह, आईएमए के अध्यक्ष डॉ. अतुल श्रीवास्तव, जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष डॉ. आशीष गुप्ता, नवनियुक्त उपाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## सीनियर वर्ग में रोहन गर्ग ने जीता बैडमिंटन खिताब

**बरेली, अमृत विचार** : महानगर में चल रही बैडमिंटन प्रतियोगिता में मंगलवार को 19 से 36 आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले हुए। हर्ष तिवारी ने अविरल विरले को हराकर एकल वर्ग में खिताब पर कब्जा किया।

सीनियर वर्ग के फाइनल में रोहन गर्ग ने उमाकांत को हराया। 40 से 70 आयु युगल वर्ग के सेमीफाइनल में उत्कर्ष और भविष्य की जोड़ी ने डॉ. राहुल और क्षितिज को हराया। फाइनल में इनका मुकाबला यश और अविरल से होगा। आखरी मुकाबले में 70 से 100 आयु युगल वर्ग के फाइनल में उमाकांत और हेमंत रावत की टीम ने डॉ. नरेंद्र और यश की टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। बुधवार को 40 प्लस और 100 प्लस आयु वर्ग के युगल के फाइनल मुकाबलों के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता एवं उपविजेता टीमों और खिलाड़ियों को महापौर डॉ. उमेश गौतम सम्मानित करेंगे।

### स्टेडियम में तरणताल का आरंभ आज से

**बरेली, अमृत विचार** : स्पोर्ट्स स्टेडियम में तरणताल का बुधवार को शुभारंभ किया जाएगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि तरणताल में बालक और बालिकाओं को तैराकी का प्रशिक्षण निर्धारित नियमानुसार दिया जाएगा। खिलाड़ियों को पंजीकरण कराना और शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।


**रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल**
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
**विशाल चिकित्सा शिविर**
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
नेत्र रोग विभाग | नाक, कान, गला रोग विभाग
यह सुविधा 23 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों की सामान्य जाँचें मुफ्त
डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
भर्ती मरीजों सी.टी. 20% की छूट पर एवं ईको 500/- में

रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4- सी.ए.आई.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ESIC)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
9. प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान
10. सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (CAPF)
11. सेंट्रल गर्वमेन्ट हैल्थ स्कीम

इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी मिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
9. युनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्योरेन्स
10. एसबीआई इन्योरेन्स
11. आईसीआईसीआई लोम्बार्ड
12. रिलायन्स जनरल इन्योरेन्स कं. लि.
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचें छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. : 9520876140, 8534088093, 9520876145
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था


## डॉ. निशा को मिला दादा साहब फाल्के मोटिवेशनल अवॉर्ड

**बरेली, अमृत विचार**: केशलता इंटरनेशनल स्कूल की वाइस प्रिंसिपल एवं लेखिका डॉ. निशा शर्मा को दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल मोटिवेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें बेस्ट फीमेल ऑथर ऑफ द ईयर के खिताब से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें शिक्षा क्षेत्र में निरंतर योगदान और लेखन कार्य के लिए प्रदान किया गया।

सम्मान समारोह राजा राममोहन राय मेमोरियल ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित हुआ। डॉ. निशा शर्मा 12 पुस्तकें लिख चुकी हैं। उनकी अधिकतर पुस्तकें इतिहास, पॉलिटिकल साइंस और हिंदी विषय पर आधारित हैं। उनके 35 शोध पत्र भी प्रकाशित हो चुके हैं। वह इतिहास विभाग में गाइड की भूमिका भी निभा चुकी हैं। डॉ. शर्मा को अब तक 37 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। उनके पति डॉ. अनुराग शर्मा साईं सुखदा अस्पताल के आईसीयू विभाग में कार्यरत हैं।



दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल मोटिवेशनल अवॉर्ड प्राप्त करतीं डॉ. निशा शर्मा।

- बेस्ट फीमेल ऑथर ऑफ द ईयर सम्मान, शिक्षा क्षेत्र में योगदान को सराहा गया

## मार्च के आखिरी दिन 267 रजिस्ट्री 32.8 करोड़ का मिला राजस्व

- सदर प्रथम में सबसे ज्यादा 79 और नवाबगंज में सबसे कम 19 रजिस्ट्री

**बरेली,अमृत विचार** : मार्च के आखिरी दिन जिले भर में 267 रजिस्ट्री कराई गईं जिससे 32.8 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। सदर प्रथम में सबसे ज्यादा 79 और नवाबगंज में सबसे कम 19 रजिस्ट्री कराई गईं।

एआईजी स्टांप तेज सिंह यादव ने बताया कि क्लोजिंग मंथ को देखते हुए बरेली विकास प्राधिकरण कार्यालय में भी गुरुवार को रजिस्ट्री के लिए विशेष कैंप लगाया गया था। मार्च माह के अंतिम दिन छुट्टियों के दिनों में भी दफ्तर खुला रखा गया और रजिस्ट्रियां कराई गई। उधर नवरात्र में 19 मार्च से 27 मार्च तक 2937 रजिस्ट्री हुईं और 26.49 करोड़ का राजस्व मिला। एआईजी ने बताया कि मंगलवार को सदर प्रथम में 79 रजिस्ट्री में 10892680 का राजस्व, सदर द्वितीय में 66 रजिस्ट्री 6991940 राजस्व, फरीदपुर में 34 रजिस्ट्री 8720000 राजस्व, मीरगंज में 24 रजिस्ट्री 855400 राजस्व, आंवला में 20 रजिस्ट्री 747950 राजस्व, बहेड़ी 25 रजिस्ट्री 3496030 राजस्व, नवाबगंज में 19 रजिस्ट्री 385060 राजस्व प्राप्त हुआ।

## सिटी डायरी

### छप्पन भोग अर्पण, संकीर्तन से गूंजा बांके बिहारी मंदिर



**बरेली, अमृत विचार** : राजेंद्र नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में मंगलवार को श्री राधा कृष्ण छप्पन भोग सेवा परिवार की ओर से भगवान बांके बिहारी एवं राधा रानी को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिरस और उल्लास से सराबोर रहा। जय जय राधावल्लभ श्री हरिवंश संकीर्तन मंडल परिवार की ओर से संकीर्तन आयोजित किया गया। भजन गायकों ने सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। आरती के बाद छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। जय श्री राधे और जय श्री कृष्ण के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। आयोजन में मंदिर समिति के पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

### रुहेलखंड विश्वविद्यालय में नव नियुक्त प्रोफेसरों का किया स्वागत



**बरेली, अमृत विचार** : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग में मंगलवार को नव नियुक्त प्रो. वीके गुप्ता, एसोसिएट प्रो. अरुण प्रकाश सिंह के सम्मान में फैसिलिटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. अमित सिंह, डॉ वीके गुप्ता और डॉ अरुण प्रकाश सिंह ने किया। विभागाध्यक्ष प्रो. अमित सिंह ने दोनों नव नियुक्त शिक्षकों का स्वागत किया। शिक्षकों ने प्रो. अमित सिंह को प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत होने पर बधाई दी और उनका भी सम्मान किया। डॉ. शहनाज अख्तर, डॉ. अनुराधा यादव, डॉ. लक्ष्मी देवी, नईमुद्दीन, अमित कुमार सिंह, जूही नसीम आदि मौजूद रहे।

### कॉमर्शियल टैक्स अधिकारी पद पर अवंतिका सिंह का चयन



**बरेली, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की 2024 परीक्षा के परिणाम में बरेली की अवंतिका सिंह ने 106 वीं रैंक प्राप्त की है। उनका कॉमर्शियल टैक्स अधिकारी के पद चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। राजेंद्र नगर (ई ब्लॉक) निवासी अवंतिका सिंह वर्तमान में बदायूं के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बिसौली में प्रिंसिपल हैं। उनके पिता काली चरन सिंह स्थाई लोक अदालत बरेली में अध्यक्ष के पद पर तैनात हैं। उनकी बड़ी बहन हरदोई में सिविल जज के रूप में कार्यरत हैं। अवंतिका सिंह ने इंटर की पढ़ाई गाजियाबाद से पूरी की। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से गणित विषय में स्नातक और स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की। अवंतिका सिंह ने सफलता का श्रेय परिवार के सहयोग और निरंतर अध्ययन को दिया है।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया



**बरेली, अमृत विचार** : हरि नगर स्थित कमला देवी सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अतुल खंडेलवाल, अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, व्यवस्थापक अजय शर्मा ने किया। प्रधानाचार्य गोपालकृष्ण गंगवार ने कहा कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा है। मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुकेश जौहरी, डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. मंजू सिंह, बनवारी लाल, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।